सुप्रभात
रांची, बुधवार
21.06.2023

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

* नगर संस्करण । पेज : 12 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष, तृतीया संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 336 | khabarmantra.net

भक्तों के बीच पहुंचे भगवान

फोटो : समीर

ऐतिहासिक रथ यात्रा

- प्रभु जगन्नाथ को रथारूढ़ कर श्रद्धालुओं ने पहुंचाया मौसीबाड़ी
- 'जय जगन्नाथ' के उद्घोष से गूंज उठा मेला परिसर
- 29 जून को घुरती रथ यात्रा, भगवान लौटेंगे अपने धाम
- तबतक मौसीबाड़ी में होगी प्रभु की पूजा-अर्चना

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। भक्तों के बीच भगवान यानि पतित पावन के रूप में जन साधारण को दर्शन देने के लिए भगवान श्री जगन्नाथ जैसे ही अपने भाई-बहन के साथ रथ पर सवार हुए, रांची जगन्नाथमय हो गयी। बूंदाबांदी से सुहाना हुए मौसम के बीच विग्रहों के दर्शन के लिए पलक पावंडे बिछाये श्रद्धालुओं की आंखें खुशी से नम हो गयीं। सिर नवाकर और दोनों हाथ ऊपर उठाकर हजारों भक्तों ने प्रभु के दरबार में अपनी हाजिरी लगायी। चारों तरफ भक्ति और खुशियां एक साथ मचल रही थीं। हर कोई अपनी-अपनी भावनाओं में मग्न था।

जगन्नाथपुर मेला परिसर में भगवत कृपा का अनूठा संगम था। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और सीएम हेमंत सोरेन ने ने रथ खींच कर भगवान का आशीर्वाद लिया। अमीर-गरीब और छोटे-बड़े के सारे भेद मिट गये थे। सिर्फ भक्ति थी जो मंदिर की तरफ चली जा रही थी। हर कदम भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए चला जा रहा था। न थकन थी और न ही उदासी, बस भक्ति के तमाम रूप दिख रहे थे। रथ यात्रा से पहले भक्तों ने भगवान के एक हजार नामों का जाप किया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। लक्ष्यार्चना के बाद शाम 5.05 बजे रथ मौसीबाड़ी के लिए रवाना हुआ।

(शेष पेज 11 पर)

राज्यपाल, मुख्यमंत्री ने की सुख-समृद्धि की कामना

जगन्नाथपुर की ऐतिहासिक रथ यात्रा में राज्यपाल, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल हुए और श्रद्धालुओं को रथ यात्रा की बधाई, शुभकामनाएं दीं। दोनों ने भगवान जगन्नाथ से राज्यवासियों को स्वस्थ, सुख और समृद्ध रखने की कामना की। राजधानी रांची समेत राज्यभर में मंगलवार को रथ मेला की धूम रही। हर जगह उत्सव जैसा माहौल रहा। इस मौके पर डीसी, एसएसपी सहित कई पुलिस पदाधिकारी और जवानों के अलावे जिला प्रशासन के लोग भी सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद दिखे।

न्यूज डायरी

विपक्षी दलों की बैठक में हेमंत शामिल होंगे

रांची। भाजपा के खिलाफ विपक्षी दल गोलबंद होकर पटना में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई में 23 जून को बैठक कर रहे हैं। सीएम हेमंत सोरेन विपक्षी दलों की बैठक में शामिल होंगे और झामुमो की ओर से सुझाव देंगे।

रथ यात्रा के दौरान गिरा छज्जा, एक की मौत

अहमदाबाद। गुजरात में अहमदाबाद के दरियापुर में रथ यात्रा के रुट पर अचानक मकान की छत नीचे खड़े लोगों पर गिर गयी, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गयी। आठ लोग घायल हो गये।

बालासोर रेल हादसा सिग्नल जेइ लापता

बालासोर। ओडिशा रेल हादसे की जांच के दौरान सोरो सेक्शन सिग्नल के जूनियर इंजीनियर (जेई) आमिर खान अपने परिवार सहित 'मिसिंग', यानी गायब हैं।

गहना आभूषण

सोना (बिक्री)	:	55,800 रु./10 ग्राम
चांदी	:	74,000 रु./प्रति किलो

कारोबारी विष्णु अग्रवाल से आज इडी करेगी पूछताछ

जेल अधीक्षक, वकील हिमांशु को समन जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। रांची में जमीन घोटाले में मनी लाउंड्रिंग के तहत प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने न्यूक्लियस मॉल के संचालक विष्णु अग्रवाल से बुधवार को पूछताछ करेगी। वहीं बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के अधीक्षक हामिद अख्तर को एक बार फिर से इडी ने समन जारी कर 26 को पूछताछ के लिए अपने दफ्तर में बुलाया है। इडी ने अधिवक्ता हिमांशु मेहता को भी पूछताछ के लिए 28 जून को उपस्थित होने का समन जारी किया है।

बीमारी के कारण नहीं हो सकी थी पूछताछ : इससे पहले कारोबारी विष्णु अग्रवाल को आठ मई को इडी ने पूछताछ के लिए बुलाया था। वे इडी कार्यालय गये भी थे, लेकिन बीमारी की वजह से उन्होंने समय की मांग की थी। उन्हें अब फिर बुधवार को इडी ने बुलाया है। इडी उनसे रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन और प्रेम प्रकाश से रिश्ते, विवादित जमीनों की खरीद-बिक्री मामले के अलावा फर्जीवाड़ा करने में सहयोग करने वालों के बारे में जानकारी लेगी।

जेल का सीसीटीवी फुटेज नहीं देने का मामला : इडी 1000 करोड़ के अवैध खनन घोटाले और मनी लांड्रिंग मामले में जेल में बंद कई आरोपियों के जेल मैनुएल के उल्लंघन को लेकर जेल अधीक्षक से सीसीटीवी फुटेज मांग रही है। उन्होने इडी के अधिकार क्षेत्र को चुनौती देते हुए इडी कोर्ट में मामला दायर किया था, बाद में इडी कोर्ट ने जेल अधीक्षक को सीसीटीवी फुटेज सौंपने को कहा था।

(शेष पेज 11 पर)

26 को हामिद से पूछताछ का समन

बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के अधीक्षक हामिद अख्तर को एक बार फिर से इडी ने समन जारी कर 26 जून को पूछताछ के लिए एयरपोर्ट रोड स्थित इडी कार्यालय में उपस्थित होने का समन जारी किया है। अधिवक्ता हिमांशु मेहता को भी पूछताछ के लिए 28 जून को उपस्थित होने का समन जारी किया है। गौरतलब हो कि इससे पूर्व दो बार फरवरी और मार्च में इडी ने जेल अधीक्षक को समन जारी कर पूछताछ के लिए इडी कार्यालय बुलाया था लेकिन इडी के अधिकार को चुनौती देते हुए झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की बात कहकर वह इडी के सामने पेश नहीं हुए थे।

मेकन स्टेडियम में योग दिवस समारोह में शामिल होंगे सीएम

रांची। 21 जून को राज्यभर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। मेकॉन स्टेडियम में आयुष निदेशालय, स्वास्थ्य विभाग झारखंड की ओर से बड़ा आयोजन होगा। समारोह में 4000 लोगों के शरीक होने की उम्मीद है। इसमें सीएम हेमंत सोरेन भी शामिल होंगे। मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित सीएम आवासीय कार्यालय में आयुष निदेशक डॉ फजलुस शमी एवं झारखंड राज्य आयुष परामर्शदात्री समिति के संयोजक डॉ राजीव कुमार ने उन्हें मेकन स्टेडियम में आयोजित होनेवाले विश्व योग दिवस के लिए आमंत्रित किया। मौके पर सीएम को दोनों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का बैज लगाया। बताया कि योग दिवस के अवसर पर राज्य के प्रत्येक जिले में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मेकॉन स्टेडियम में भी इसके लिए विशेष आयोजन हो रहा है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ सच्चिदानंद प्रसाद सिंह ने बताया कि मेकॉन स्टेडियम में राजकीय स्तर पर सामूहिक रूप से योग कराने की तैयारी पूरी कर ली गयी है। योग फॉर वसुधैव कुटुंबकम थीम के साथ आयोजित योग दिवस कार्यक्रम सुबह 7 बजे से 8 बजे है।

पहली बारिश में ही ठनका से दर्जन भर लोगों की गयी जान

झमाझम बारिश से मौसम बदला, तीन दिन वज्रपात की आशंका

- हजारीबाग में दो, लोहरदगा में तीन, केरेडारी और मेसरा में एक -एक की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। मंगलवार को दोपहर बाद राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में में तेज बारिश हुई। बारिश के साथ ही 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं। बदले मौसम के बाद पलामू को छोड़कर राज्य के सभी जिलों में तापमान 40 डिग्री से नीचे आ गया है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक राज्य के कई इलाकों में वज्रपात की आशंका जतायी है। मंगलवार को हुई पहली ही तेज बारिश और आंधी के बीच वज्रपात की घटना में राज्यभर में दर्जन भर लोगों की मौत हो गयी। इनमें हजारीबाग में दो, केरेडारी में एक, लोहरदगा में तीन, मेसरा में एक की मौत की खबर है।

(शेष पेज 11 पर)

हजारीबाग दर्जन भर झुलसे

हजारीबाग के सिलवास पहाड़ स्थित जगन्नाथ धाम मंदिर परिसर में रथयात्रा के दौरान वज्रपात से दो श्रद्धालु की मौत हो गयी, वहीं एक दर्जन श्रद्धालु घायल हो गये। इस हादसे में सुधांशु पांडे और अरुण कुमार गुप्ता (16)की मौत हो गयी। वहीं, केरेडारी के बुंडू में वज्रपात की चपेट में आने से 10 वर्षीय एक बच्चे की मौत हो गयी। सभी घायलों को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सदर एसडीओ विद्याभूषण कुमार ने कहा कि सभी घायलों का बेहतर इलाज किया जा रहा है।

बड़े मिशन पर पीएम यूएस पहुंचे, डिफेंस डील संभव

आज यूएनओ मुख्यालय में योग का नेतृत्व करेंगे मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। पीएम मोदी एक बड़े मिशन पर मंगलवार को अमेरिका रवाना हो गये। इस यात्रा के दौरान भारत-यूएस में कई बड़ी डिफेंस डील की संभावना है। दुनियाभर की नजर इस दौरे पर है। खासकर पांच ऐसे रक्षा सौदे हो सकते हैं जिनसे चीन और पाकिस्तान की नींद उड़ने वाली है।

अमेरिका ने एम-777 लाइट होवित्जर तोप को अपग्रेड करने की पेशकश की है। अपग्रेड करने से इसकी रेंज बढ़ जायेगी। 155 एमएम की ये हल्की तोप पहाड़ी इलाके के युद्ध में काफी कारगर है। इसकी मिनिमम रेंज 30 किमी है जबकि इसमें 40 किमी तक मार करने की क्षमता है। वहीं, चीन से अपना एलएसी पर विवाद चल रहा है। चीन अपनी हरकत से बाज नहीं आ रहा है। इस डिफेंस डील से भारत की मारक क्षमता काफी बढ़ जायेगी।

आज यूएनओ मुख्यालय में योग समारोह का नेतृत्व : अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21-24 जून तक अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे। पीएम मोदी ने यात्रा पर जाने से पहले अपने ट्वीट में लिखा मैं न्यूयॉर्क शहर और वाशिंगटन डीसी में कार्यक्रमों में भाग लूंगा। इन कार्यक्रमों में योग दिवस समारोह शामिल है। उन्होंने सभी देशवासियों को जगन्नाथ यात्रा की बधाई भी दी। 21 जून को पीएम मोदी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में योग दिवस समारोह का नेतृत्व करेंगे।

(शेष पेज 11 पर)

प्रवासी भारतीयों से भी मिलेंगे पीएम मोदी

विदेश मंत्रालय ने कहा कि प्रतिनिधि सभा के माननीय अध्यक्ष केविन मैक्कार्थी और सीनेट के माननीय अध्यक्ष चार्ल्स शूमर सहित कांग्रेस के नेताओं के निमंत्रण पर, प्रधान मंत्री 22 जून को अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे। 23 जून को, अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिकंन संयुक्त रूप से पीएम मोदी के लिए लंच की मेजबानी करेंगे। इसके अलावा, वह प्रमुख सीईओ, पेशेवरों और अन्य हितधारकों के साथ कई क्यूरेटेड बातचीत करने वाले हैं।

प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में खाली पड़े शिक्षकों के पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू

नियुक्त होंगे 26001 सहायक आचार्य

सहायक आचार्यों की नियुक्ति के लिए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने जेएसएससी को भेजी अधियाचना

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य की प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा को बेहतर बनाने के कवायद शुरू कर दी गयी है। सीएम हेमंत सोरेन के निर्देश के राज्य के प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में खाली पड़े शिक्षकों के पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। पहले फेज में राज्य के स्कूलों में 26001 सहायक आचार्यों की नियुक्ति की जा रही है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने सहायक आचार्यों की नियुक्ति के लिए जेएसएससी को अधियाचना भेज दी है। अधियाचना में कहा गया है कि राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में सहायक आचार्य संवर्ग में नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की जाये। विद्यालयों में कुल 26001 पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति होगी। शिक्षा विभाग द्वारा भेजे गये प्रस्ताव में कहा गया है कि नियुक्ति की कार्यवाही झारखंड प्रारंभिक विद्यालय सहायक आचार्य संवर्ग नियुक्ति प्रोन्नति नियमावली के तहत होगी। बताते चलें कि सात वर्षों के बाद एक बार फिर शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की गयी है। इसे लेकर कार्मिक विभाग ने जेएसएससी को अधियाचना भेजी दी है।

पारा शिक्षक संविदा कर्मियों के लिए 12869 पद

शिक्षा विभाग की ओर से जेएसएससी को भेजी गयी अधियाचना के अनुसार 26001 पद में से 12869 पद झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के अंतर्गत कार्यरत पारा शिक्षक संविदा कर्मियों के लिए आरक्षित है। वहीं, 13132 पद गैर पारा अभ्यर्थियों के लिए है। प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा एक से पांच तक के लिए 11000 और मध्य विद्यालय में कक्षा छह से आठ तक के लिए 15001 शिक्षकों की नियुक्ति होगी।

सृजित किये गये 50 हजार पद

राज्य के प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में सहायक आचार्य के 50 हजार पद सृजित हैं। प्रथम चरण में 26001 शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी। इसके बाद शेष पदों पर नियुक्ति होगी। दूसरे चरण की नियुक्ति के पूर्व झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा लेने की तैयारी है। पात्रता परीक्षा के बाद दूसरे चरण की नियुक्ति होगी।

शिक्षक पात्रता परीक्षा सफल अभ्यर्थी होंगे शामिल : शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा के सफल अभ्यर्थी शामिल होंगे। राज्य में अब तक दो झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा हुई है। प्रथम परीक्षा वर्ष 2013 में व दूसरी परीक्षा वर्ष 2016 में हुई थी। दोनों से लगभग एक लाख अभ्यर्थी हैं। इनको नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

जेएसएससी को भेजा गया आरक्षण रोस्टर : विभाग द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने को लेकर आरक्षण रोस्टर भी जेएसएससी को भेजा गया है। अगले माह जेएसएससी द्वारा नियुक्ति को लेकर विज्ञापन जारी किये जाने की संभावना है। राज्य में सात वर्ष बाद प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो रही है।

भाजपा सर्व स्पर्शी और सर्व समावेशी विकास के लिए समर्पित : लक्ष्मीकांत

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। महाजनसंपर्क अभियान को गति प्रदान करने के लिए भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी मंगलवार को रांची पहुंचे। उन्होंने विशिष्ट जनों से मुलाकात कर मोदी सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियों से अवगत कराते हुए तीसरी बार मोदी सरकार के लिए समर्थन मांगा।

डॉ वाजपेयी ने रांची महानगर के हातमा बस्ती निवासी पाहन जगलाल उरांव, पुरानी रांची में अवकाश प्राप्त पुलिस उपाधीक्षक अतुल केरकेट्टा, हिंदपीढ़ी में पूर्व चेंबर अध्यक्ष अरुण बुधिया तथा गंगा नगर में व्यवसायी अमीर राय से उनके आवास पर मुलाकात की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सर्व स्पर्शी, सर्व व्यापी विकास केलिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत प्रगति के पथ पर तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। देश के दलित, आदिवासी, वंचित समाज विकास की मुख्य धारा से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि 9 वर्षों में भारत का सांस्कृतिक गौरव लौटा है। आज दुनिया उम्मीदों के साथ भारत की ओर देखती है। विश्व में तिरंगे की ताकत को लोग महसूस कर रहे हैं। भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। डॉ वाजपेयी के साथ सांसद समीर उरांव, महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता, राकेश भास्कर, वरुण साहू, बलराम सिंह उपस्थित थे।

वाजपेई पहुंचे रथयात्रा मेला : संपर्क से समर्थन अभियान कार्यक्रम के बाद श्री वाजपेई झारखंड के सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक जगन्नाथपुर मेला पहुंचकर भगवान के रथ पर सवार विग्रह का दर्शन किया एवं रथ भी खींचा। उन्होंने समस्त झारखंड वासियों के कल्याण की मंगल कामना करते हुए कहा कि झारखंड की संस्कृति यहां की धरोहर है।

खबर एक नजर में

जन्मदिन पर राष्ट्रपति को गवर्नर और सीएम ने दी बधाई

रांची। राष्ट्रपति द्रौपद्री मुर्मू के जन्म दिन पर झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें बधाई दी है। राज्यपाल ने राष्ट्रपति को जन्म दिन पर बधाई देते हुए उनके स्वस्थ्य एवं दीघार्यु रहने की कामना की है और कहा कि आप लंबे समय तक देश की सेवा करती रहीं। इधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने बधाई संदेश में उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु रहने की कामना की है।

मुख्यमंत्री को योग के लिए किया आमंत्रित

रांची। मुख्यमंत्री से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आयुष निदेशक झारखंड डॉ फजलुस शमी एवं संयोजक झारखंड राज्य आयुष परामर्शदात्री समिति डॉ राजीव कुमार ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री को उन्होंने 21 जून को रांची के मेकन स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। मौके पर मुख्यमंत्री को उन्होंने योग दिवस का बैज भी लगाया। मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मेकन ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 4 हजार लोग एक साथ शामिल होंगे।

भाजपा आयोजित करेगी योग दिवस

रांची। योग दिवस पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह हरमू स्थित पटेल पार्क में योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। नेता विधायक दल बाबूलाल मरांडी गिरिडीह के माउरी भवन में, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास भालूबासा जमशेदपुर स्थित ट्रांसपोर्ट मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रदेश एवं जिला स्तर के सभी पदाधिकारी,कार्यसमिति सदस्य, मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

आइएएस राजीव अरूण एक्का प्रकरण में जांच आयोग ने पांच जुलाई तक मांगा सबूत

रांची। आइएएस राजीव अरूण एक्का प्रकरण में एक सदस्यीय जांच आयोग ने अब 5 जुलाई तक लोगों से मदद मांगी है। इससे पहले 15 जून तक यह डेडलाइन तय था लेकिन आयोग ने पाया कि इस अवधि तक उसकी उम्मीदों के अनुसार पर्याप्त संख्या में लिखित प्रमाण के साथ लोगों ने संपर्क नहीं किया है। ऐसे में आयोग ने अवधि विस्तार करते हुए एक बार और अंतिम मौका देते हुए 5 जुलाई तक अवधि विस्तार किया है। कथित पावर ब्रोकर विशाल चौधरी के आवासीय कार्यालय में बैठकर राजीव अरुण एक्का द्वारा सरकारी फाइलों के निष्पादन से जुड़े वायरल वीडियो मामले से संबंधित किसी तरह का साक्ष्य अगर किसी के पास हो तो वह अपना लिखित पक्ष इस डेट तक कांके रोड स्थित एक्साइज भवन में स्थित आयोग के कार्यालय में देने की बात कही है।

24 डीएसपी को एसपी रैंक में मिलेगा प्रमोशन

रांची। लंबे समय से उन्नति की प्रतीक्षा में रहे राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों को यूपीएससी की बैठक में सहमति मिल गई है। जानकारी के मुताबिक राज्य पुलिस सेवा के 24 अधिकारियों को एसपी रैंक में प्रोन्नति दी गई है। सोमवार को दिल्ली स्थित यूपीएसएसी के कार्यालय में प्रोन्नति को लेकर सलेक्शन कमेटी की बैठक में यह फैसला लिया गया है, जबकि राज्य वन सेवा के एक पदाधिकारी को भारतीय वन सेवा में प्रोन्नति देने पर मुहर लगी। यूपीएससी की सेलेक्शन कमेटी की मिनट्स जारी होने के बाद इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। बैठक में राज्य सरकार की तरफ से मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, कार्मिक विभाग की सचिव वंदना दादेल मौजूद थीं। 2017, 2018, 2019 और 2020 बैच की 24 रिक्तियों को लेकर वरीयता के आधार पर चर्चा हुई। खेल कोटा से बहाल सरोजनी लकड़ा और अमेल्डा एक्का को भी आईपीएस में प्रोन्नति दी गई हैं। सेकंड बैच के डीएसपी रहे सादिक अनवर रिजवी, अरविंद कुमार सिंह, विकास कुमार पांडेय, विजय आशीष कुजूर को भी आईपीएस का 2017 बैच आवंटित किया गया है।

हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं ने चैंबर में की पूजा

रांची। झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं ने मंगलवार को अपने-अपने चैंबर में पूजा की। इस संबंध में हाईकोर्ट के अधिवक्ता प्रकाश सिंह ने बताया कि आज बड़ा शुभ दिन है। भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा भी आज है। जगन्नाथपुर का क्षेत्र भी है। मंदिर के ठीक बगल में हाईकोर्ट का नया भवन है। आज पूजा कराना शुभ होता है।

जेएसइबी के पूर्व अध्यक्ष की याचिका खारिज

रांची। स्वर्णरेखा जल विद्युत परियोजना, सिकिदिरी के रखरखाव एवं मरम्मत में 20.87 करोड़ रुपये के हुए घोटाला मामले में झारखंड राज्य बिजली बोर्ड (जेएसईबी) के पूर्व अध्यक्ष शिवेंद्र नाथ वर्मा की याचिका को झारखंड हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। शिवेंद्र नाथ वर्मा सीबीआई की विशेष अदालत द्वारा उनके डिस्चार्ज पिटिशन को खारिज किये जाने के बाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

टेरर फंडिंग : अमित अग्रवाल की डिस्चार्ज अर्जी खारिज

रांची। चतरा के टंडवा स्थित मगध व आम्रपाली कोयला परियोजना के टेरर फंडिंग से जुड़े मामले के आरोपी मेसर्स श्री बालाजी ट्रांसपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड का संचालक अमित अग्रवाल उर्फ सोनू अग्रवाल को झटका लगा है। एनआईए की विशेष अदालत ने उसकी ओर से दाखिल डिस्चार्च अर्जी खारिज कर दी है। जल्द ही आरोपी के खिलाफ आरोप तय किया जायेगा। अदालत ने नौ जून को अर्जी पर सुनवाई पश्चात आदेश सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान एनआईए ने कहा कि अमित अग्रवाल हिंडाल्को कंपनी के लिए कोयले का परिवहन करता है। वह लेवी के भुगतान के लिए स्थानीय व्यापारियों और अन्य व्यवसायियों से नकदी की व्यवस्था करता था। एनआईए ने आगे कहा कि अमित अग्रवाल के आवासीय परिसर से 7.91 लाख रुपये नकद एवं 10 हजार सिंगापुर डॉलर, कार्यालय परिसर से 3.72 लाख नकद एवं 8790 हांगकांग डॉलर जब्त किए गए थे।

भूमि घोटाला : अफसर निकला जालसाज फर्जी कागजात तैयार करने में था माहिर

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। रांची भूमि घोटाले में गिरफ्तार रांची के पूर्व उपायुक्त निलंबित आइएएस अधिकारी छवि रंजन का खास सहयोगी अफसर अली उर्फ अफ्सू खान बड़ा जालसाज है। वही ईडी की पूछताछ में उससे यह बात स्वीकार कर ली है कि जमीन के फर्जी कागजात बनाने का वह एक्सपर्ट है। उसने रांची के बरियातू में स्थित सेना के उपयोग वाली 4.83 एकड़ जमीन के कागजात में फर्जीवाड़ा कर प्रदीप बागची को जमीन मालिक बना दिया था। बताते चलें कि बरियातू में मिल्लत कॉलोनी में रहने वाला अफसर रिम्स में रेडियोग्राफर के पद पर कार्यरत था।

प्रतिबंधित जमीन को भी मुक्त कराया : इडी की पूछताछ में उसने रांची के अलग-अलग मौजा की 143.46 एकड़ जमीन की फर्जी डीड तैयार करने की बात स्वीकारी है। ये सभी जमीन रांची के गाड़ी मौजा, बैठा, बोड़ेया, बूटी, कोकर, बड़गाईं, नेवरी, संग्रामपुर, रांची, बरियातू व दुबलिया मौजा में है। ईडी ने भूमि घोटाले में दाखिल चार्जशीट में इसका खुलासा किया है। अफसर अली खान ने रांची के तत्कालीन उपायुक्त छवि रंजन की मदद से प्रतिबंधित श्रेणी की जमीन को भी खरीद-बिक्री के लिए मुक्त करने का आदेश जारी करवाया था। उसके एवज में करोड़ों की लेन-देन हुई थी।

143.46 एकड़ जमीन के फर्जी कागजात : अफसर अली खान ने स्वीकार किया है कि वर्ष 2013-14 से वह जमीन के धंधे में जुट गया था। उसके बाद से उसने अपने सहयोगी राजेश राय, विपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय, भरत प्रसाद, इम्तियाज अहमद, लखन सिंह व अन्य की मदद से जालसाजी की। उसके ठिकाने से ईडी को जमीन से संबंधित 27 दस्तावेज मिले थे। सभी दस्तावेज फर्जी तरीके से तैयार किए गए थे, जो करीब 143.46 एकड़ जमीन से संबंधित थे।

इडी ने दाखिल की थी चार्जशीट : अफसर अली के कहने पर ही तल्हा खान ने अगस्त 2022 से दिसंबर 2022 के बीच अपनी कंपनी एफटूआर कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के खाते में 54 लाख रुपये हस्तांतरित किए थे। ईडी ने भूमि घोटाले में ईडी की विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी। आरोपितों में दिलीप कुमार घोष, अमित अग्रवाल, छवि रंजन, प्रदीप बागची, अफसर अली उर्फ अफसू खान, मोहम्मद सद्दाम हुसैन, इम्तियाज अहमद, तल्हा खान, फैयाज अहमद, भानु प्रताप प्रसाद, मेसर्स राजेश आटो मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड, व मेसर्स अरोड़ा स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं।

अमित अग्रवाल ने प्रदीप बागची को मुंह खोलने से किया था मना

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। कोलकाता के कारोबारी और वर्तमान में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद अमित अग्रवाल ने प्रदीप बागची को इडी ऑफिस में मुंह खोलने से मना किया था। इस बात का खुलासा प्रदीप बागची ने इडी की पूछताछ में की है। इतना ही नहीं जांच में यह बात भी सामने आयी है कि सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री की जांच के दौरान जब इडी ने प्रदीप बागची को समन कर पूछताछ के लिए बुलाया था, तब अमित अग्रवाल ने उसे इडी के पास जाने से मना भी किया था।

पूछताछ में इस बात का भी खुलासा हुआ है कि जब छवि रंजन रांची डीसी थे तो उनका कार्यकाल भू माफियाओं के लिए काफी फायदेमंद रहा था। सेना के कब्जे वाली भूमि हो, बजरा मौजा की भूमि हो या फिर चेशायर होम रोड की भूमि की खरीद-बिक्री सबके तार छवि रंजन और उनके इर्द-गिर्द के लोगों से जुड़े हुए हैं। करोड़ों रुपए से ज्यादा के इस लैंड स्कैम में परत दर परत सच्चाई सामने आ रही है और जो खुलासे हो रहे हैं, वह चौंकाने वाले हैं। छवि रंजन की शह पर फर्जी पेपर त्यार करने वाले गिरोह ने कई भूखंडों के कागजात तैयार कर लिए और उसपर अपना दावा ठोक दिया, जब जमीन कब्जा करने की बारी आई, तो इसके लिए भाड़े की महिलाओं के समूह का इस्तेमाल किया गया। इतना ही नहीं जिन जगहों पर लोकल लोगों को मैनेज करने की जरुरत पड़ी, उन्हें भी कुछ पैसे देकर अपनी साइड में मिला लिया गया। लैंड स्कैम के आरोपियों की डायरी और उनके मोबाइल से मिली जानकारी के मुताबिक, जमीन कब्जाने के लिए भाड़े की महिलाओं के ग्रुप को पैसे दिए गए।

पंचायत की योजनाओं का क्रियान्वयन तेजी से करायें : सुनिल कुमार

रांची। केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय के सचिव सुनील कुमार रांची में पंचायती राज विभाग के अधिकारियों के साथ उन्होंने समीक्षा बैठक की। केंद्रीय सचिव ने त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के कार्यों की जानकारी ली। 15वें वित्त आयोग से मिलने वाली राशि और उसके उपयोग पर जानकारी हासिल की गयी। यह बात सामने आयी कि अधिकांश जिलों की पंचायतों में वित्त आयोग की राशि खर्च नहीं हो पा रही है। ऐसे में अगली किस्त की राशि का भुगतान करने में दिक्कत होगी। केंद्रीय सचिव ने झारखंड के अधिकारियों को पंचायत की योजनाओं का क्रियान्वयन तेजी से करने का भी निर्देश दिया। वित्त आयोग के पैसे का इस्तेमाल वैसी जगह पर करने को कहा जिसका लाभ लाभुकों को सीधा मिले और वह स्थायी हो। पहले सत्र में सचिव राजीव अरूण एक्का व दूसरे सत्र में निदेशक निशा उरांव मौजूद रहीं।

पटना में 23 जून को होगा विपक्षी पार्टी का महाजुटान, सीएम हेमंत रहेंगे मौजूद

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। पटना में 23 जून को विपक्षी पार्टी के महाजुटान में सीएम हेमंत सोरेन जेएमएम की ओर शामिल होगें। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा पांच बिंदुओं पर विचार प्रस्तुत किया जाएगा। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी सहित बीजेपी विरोधी एक दर्जन से अधिक राजनेता शिरकत करेंगे। सीएम हेमंत के बैठक में शामिल होने के पीछे एक ही मकसद है कि चुनावी जंग कैसे जीता जा सके। मंगलवार को रांची में जेएमएम की प्रेस वार्ता में पार्टी नेता सह महासचिव सुप्रियो भप्ताचार्य ने उक्त जानकारी दी।

गौरतलब हो कि बीजेपी को सत्ता से दूर करने के लिए सभी विपक्षियों को खुलेमन से एकजुट होकर चुनाव लड़ने के अलावे झारखंड मुक्ति मोर्चा जिस सीट पर जिसका प्रभाव ज्यादा है उसे मौका देने का प्रस्ताव देगा। तीसरा प्रस्ताव आवश्यकता पड़ने पर किसी सीट पर चुनावी रणनीति के तहत दोस्ताना संघर्ष का भी नौबत आए तो उसे स्वीकार करना चाहिए।

चुनाव के वक्त तेजी से बदलने वाले सोशल इंजीनियरिंग और स्ट्रेटजी के लिए भी सभी को तैयार रहने का आह्वान झामुमो करेगा। इसके अलावा बीजेपी से सीधा मुकाबला हो इसके लिए सभी विपक्षी दलों को एकजुट होकर चुनाव लड़ने का फामूर्ला तैयार करने की मांग करेगा। विपक्षी दल के नेता के मुद्दे पर जेएमएम का मानना है कि चुनाव परिणाम के बाद इसपर निर्णय हो यही बेहतर होगा।

नेता के मुद्दे पर उलझन होगी दूर : सुप्रियो

झामुमो महासचिव सुप्रियो भप्ताचार्य ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने इसकी पहल की है और बाकी राजनीतिक दलों के नेता भी इसमें आ रहे हैं। इसलिए झारखंड के मुख्यमंत्री और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन भी शिरकत करेंगे। नेता के मुद्दे पर कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी को बनाए जाने की मांग पर सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि अगर हमसे पूछेंगे तो हम कहेंगे या तो गुरुजी या कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को बनाया जाना चाहिए मगर हम जानते हैं कि हमारी सांगठनिक ताकत उतनी नहीं है इसलिए ऐसी बात करना उचित नहीं होगा। हर दल अपने नेता को आगे रखना चाहता है मगर उलझने के बजाय इसे समाधान करना होगा। उन्होंने उम्मीद जतायी है कि नेता को लेकर उलझन भी दूर हो जायेगी।

कौशल विकास प्रशिक्षण पाने वाले अभ्यार्थियों मिला सौ फीसदी प्लेसमेंट

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सीएसआर के तहत सीएमपीडीआई के गौरवशाली पहल से सीआईपीईटी,रांची में मशीन ऑपरेटर के रूप में छमाही कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले सभी 80 अभ्यर्थियों को विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में रोजगार प्राप्त हुआ है। सीएमपीडीआई निदेशक शंकर नागाचारी ने अभ्यर्थियों को कोर्स पूरा करने का प्रमाण-पत्र एवं प्रस्ताव पत्र सौंपा और उन्हें बधाई दी। इन लाभुकों को ताकाहाटा प्रिसिजन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड-नीमराना-राजस्थान, मारेली मदरसन ऑटोमोटिव लाइटिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड-पुणे-महाराष्ट्र, बावल-हरियाणा, साणंद-गुजरात और रोटोलाइन पाइप्स प्राइवेट लिमिटेड-पटना-बिहार में रोजगार मिला है।

ज्ञात हो कि नवम्बर 2022 में सीएमपीडीआई ने सीएसआर के अंतर्गत 68 लाख रुपए निधि पोषित करते हुए सेंट्रल इंस्टीच्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सेंटर फॉर स्किलिंग एंड टेक्निकल सपोर्ट, रांची के साथ झारखंड के 80 वंचित, बेरोजगार, अर्द्ध बेरोजगारों युवा को मशीन ऑपरेटर के क्षेत्र में कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करते के लिए ज्ञापन समझौता पर हस्ताक्षर किया था।

इस अवसर पर सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक (एचआरडी/सीएसआर) आरके महापात्रा और सीआईपीईटी, सीएसटीएस,रांची के संयुक्त निदेशक और प्रमुख बी बछव के अलावा सीएमपीडीआई और सीआईपीईटी के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

क्लिनिकल हेमेटोलॉजी विभाग शुरू करने वाला देश का पहला जिला अस्पताल बना रांची सदर हॉस्पिटल

जीने की उम्मीद छोड़ चुके मरीजों के लिए बना वरदान

15 से 20 लाख रुपए खर्च होने वाली बीमारियों का नि:शुल्क होगा इलाज

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। रांची का सदर अस्पताल रांची या झारखंड ही नहीं, बल्कि देश का पहला जिला अस्पताल बन गया है, जहां क्लिनिकल हेमेटोलॉजी विभाग की शुरूआत हुई है। इस सेवा के शुरू हो जाने से सदर अस्पताल देश के लिए रोल मॉडल बन कर उभर रहा है। नए भवन में विभाग का संचालन किया जा रहा है और यहां लगातार मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। वैसे मरीज जो पैसे के अभाव में जीने की उम्मीद छोड़ चुके थे, उनका इलाज किया जा रहा है। बताते चलें कि ब्लड कैंसर के इलाज में 15 से 20 लाख रुपए खर्च होता है। लेकिन सदर अस्पताल में यह इलाज निशुल्क हो रहा है।

इलाज के लिए हर रोज ओपीडी में पहुंचते हैं 50 मरीज

हेमेटोलॉजी विभाग के चिकित्सक डॉ अभिषेक रंजन ने कहा कि ओपीडी में हर रोज करीब 50 मरीज परामर्श के लिए पहुंचते हैं। इनमें सीवियर एप्लास्टिक एनीमिया के 8 मरीजों को हॉर्स एटीजी (एंटी थाइमोसाइट ग्लोबुलीन) जिसके इलाज का खर्च 15 से 20 लाख रुपए होता है, पहली बार देश के किसी जिला अस्पताल में यह सेवा शुरू की गई है। झारखंड में इस बीमारी का इलाज करने वाला यह पहला अस्पताल है। उन्होंने कहा कि सिकल सेल एनीमिया, थैलेसीमिया, ब्लड कैंसर, लिम्फोमा जैसी गंभीर बीमारी का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश वरीय नेताओं के साथ कर रहे कैंप

राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की गिरिडीह में कल होगी सभा, भाजपा ने झोंकी ताकत

उदय चौहान

रांची। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के झारखंड दौरे को लेकर राजनीतिक संदेश साफ है कि लोकसभा चुनाव समय से पहले हो सकता है। जेपी नड्डा की जनसभा 22 जून को गिरिडीह में निर्धारित है। जनसभा झंडा मैदान में होगी और इसके लिए प्रदेश नेतृत्व ने पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश खुद पूरी तैयारियों की देखरेख कर रहे हैं। उनकी इस कवायद का उद्देश्य राष्ट्रीय अध्यक्ष की जनसभा में अधिक से अधिक भीड़ जुटाना है। वे विभिन्न बैठकों में शामिल होंगे। योग दिवस के मौके पर वे मधुबन में योग करेंगे। 22 जून को जेपी नड्डा की सभा के बाद ही 23 जून को उनकी वहां से वापसी निर्धारित है। दरअसल, दीपक प्रकाश का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। पहले कयास लगाया जा रहा था कि सचिवालय घेराव कार्यक्रम के बाद नये प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा कर दी जायेगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। दीपक प्रकाश के करीबी नेताओं का कहना है कि बदलाव की संभावना कम है। उधर, प्रदेश अध्यक्ष की रेस में लगे नेताओं के समर्थकों का दावा है कि परिवर्तन तय है। जल्द ही इसकी घोषणा कर दी जायेगी।

चार घंटे में दूसरी बार बदला भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यक्रम : भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यक्रम गिरिडीह में है। यहां वे सभा को सम्बोधित करेंगे। हालांकि तय कार्यक्रम में लगातार बदलाव हो रहा है। अब भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष 23 जून की जगह 22 की सुबह ही गिरिडीह पहुंचेंगे। चार घंटे के अंदर कार्यक्रम में दूसरी बार बदलाव किया गया है। अब पूर्व घोषित 22 जून को ही नड्डा गिरिडीह पहुंचेंगे।

मोदी है तो मुमकिन है : अन्नपूर्णा देवी
केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि मोदी है तो मुमकिन है। उन्होंने बताया कि 2014 में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने और इसके बाद निरंतर देश तरक्की की राह पर चलता रहा। उन्होंने बताया कि नौ वर्ष के कार्यकाल को देखते हुए देश की जनता यह बार बार कह रही है कि मोदी है तो मुमकिन है। नरेंद्र मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरा होने पर भाजपा महाजनसम्पर्क अभियान चला रही है। इसी अभियान के तहत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यक्रम गिरिडीह में तय हुआ है। इस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी अलावा बोकारो विधायक विरंची नारायण कैंप किए हुए हैं। मंडल अध्यक्ष के अलावा पार्टी के विभिन्न मोर्चों के कार्यकर्ता को लेकर जुटे हैं।

मानसून की हुई पहली बारिश, गर्मी से मिली राहत

बारियातू। प्रखंड क्षेत्र के डाढा, फुलसु, बालूभांग, गोनिया, शिबला, टोंटी, साल्वे, व अमरवाडीह में मंगलवार को मानसून की पहली बारिश तेज हवा के साथ शुरू हुई। जिससे किसान सहित आमजनो को तपती गरमी से कुछ हद तक राहत की सांस मिली। पिछले कई दिनों से लगातार 40 डिग्री तापमान रहने के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त थे। लम्बे समय के बाद बारियातू प्रखंड क्षेत्र मे बारिश हुई जिससे लोगों को गरमी से कुछ राहत मिली है। किसान अशोक साव, मो अंसार, बिशूनदेव उरांव, तुलसी उरांव, भुनेश्वर यादव, मंगर गंझु, सुरेश गंझु, सकेन्दर राम, मो साकिर, रमेश यादव, नागेश्वर यादव चमन भुइया, महेंद्र साव, सहित कई किसानों ने बताया कि रथ दुतिया के दिन वारिश होने से किसानो के लिए अच्छे संकेत मिलते हैं।

चंदवा के कामता गढ़ में धूमधाम ने निकली रथ यात्रा, भक्तो ने लिया भगवान जगन्नाथ का आर्शीवाद

राज पुरोहितो व श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ का खींचा रथ

खबर मन्त्र संवाददाता

रथ मेले में विधि व्यवस्था का जायजा लेते अधिकारी।

आकर्षक ढंग से सजायी गयी भगवान जगन्नाथ की प्रतिमा।

चंदवा। चंदवा स्थित कामता गढ में मंगलवार को भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना धूमधाम से संपन्न हो गयी। पंडित घनश्याम भारद्याज की अगुवाई में विधिवत पूजन कराया गया व देर शाम लगभग साढ़े पांच बजे भगवान जगन्नाथ के रथ की यात्रा निकाली गयी। इसके पूर्व सुबह लगभग सात बजे से आम श्रद्धालुओं के पूजन शुरू हुआ, जिसकेबाद दिन भर श्रद्धालुओं का तांता देखने को मिला। इस मानसुन की पहली बारिश व आंधी के बीच श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ का पूजन करते दिखे। पुजारी पंडित घनश्याम भारद्वाज ने बताया कि ज्येष्ठ पूर्णिमा को भगवान श्री जगन्नाथ की अराधना से मनोवांछित कामनाएं पूरी होती है। इस अनुष्ठान में ज्येष्ठ पूर्णिमा को जल यात्रा भगवान श्री जगन्नाथ का होता है। उसके बाद दूसरे दिन सिंहासन से मुर्ति भगवान जगन्नाथ, बलभद्र उनकी बहन सुभद्रा को उतारा जाता है। यह 15 दिन के आषाढ प्रतिपदा से अमावस्या तक उनका पुनः रंग-रोगन किया जाता है और आषाढ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को प्राण प्रतिष्ठा, नेत्रदान पुनः किया जाता है और आषाढ शुक्ल पक्ष द्वितीया को रथ यात्रा प्रारंभ होती है। एकादशी को यह पुनः रथ यात्रा यथास्थान पर आ जाते हैं यह नौ दिन तक मौसीबाडी में रहते है। यह परंपरा कामता गढ में सदियों से चली आ रही परंपरा आज भी कई मायने में कायम है। इसका निर्वाह टोरी स्टेट के युवराज लाल प्रेरित नाथ शाहदेव व प्रदीप नाथ शाहदेव, लाल विकम नाथ शाहदेव व अन्य की देख-रेख में किया जाता है। यह उत्सव आषाढ माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीय को मनाया जाता है।

रथ मेले में उमड़ी भारी भीड़

इस वर्ष रथ मेला लोगो की भारी भीड़ देखने को मिली जहां प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रो से हजारो की संख्या में लोग शामिल हुये। इस दौरान विधि व्यवस्था संघारण को लेकर लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निर्देशानुसार एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बबलू कुमार की अगुवाई में चंदवा पुलिस पुरी तरह से मुश्तैद देखी गयी। पुजा व्यवस्था में लाल परिवार के लाल दिगविजय नाथ शाहदेव, लाल प्रेरित नाथ शाहदेव, अधिवक्ता लाल प्रदीप नाथ शाहदेव, लाल प्रतिक नाथ शाहदेव, लाल अरविंद नाथ शाहदेव, लाल विक्रम नाथ शाहदेव, अजीत लाल, प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा समेत अन्य लोगो ने अहम योगदान दिया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का जिला स्तरीय बैठक संपन्न, आगामी कार्यक्रमों पर हुई चर्चा

लातेहार। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का जिला स्तरीय बैठक वैष्णो मंदिर लातेहार में संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता नवनिर्वाचित जिला संयोजक उज्वल शुक्ला ने किया। बैठक में आगामी विभिन्न कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से 04 जुलाई को स्वामी विवेकानंद जी के पुण्यतिथि के अवसर पर जिले के विभिन्न इकाईयों में माल्यार्पण, पौधारोपण और संगोष्ठी कार्यक्रम होना सुनिश्चित हुआ है। वहीं 9 जुलाई से 16 जुलाई को राष्ट्रीय छात्र दिवस के उपलक्ष्य में सभी इकाईयों में परिषद से परिचय का कार्यक्रम सुनिश्चित हुआ है। आगामी 23 जुलाई को जिला सम्मेलन डिग्री कॉलेज मनिका में होना तय हुआ है। बैठक को संबोधित करते हुए जिला संयोजक ने बताया की आगामी 21 जून से 10 अगस्त तक विद्यार्थी परिषद जिले भर में शैक्षणिक मुद्दों को लेके आंदोलनरत रहेगी। बैठक में मुख्य रूप से प्रांत सह मंत्री रमेश उरांव, प्रांत एसएफएस सह प्रमुख कुमार नवनीत, जिला सह संयोजक बृजकिशोर टाना भगत, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य उत्तम कुमार, पूर्णकालिक अतुल कुमार सिंह, राष्ट्रीय कला मंच जिला प्रमुख अभिषेक, कमलेश, देवदास सिंह, रंजित, अनिरुद्ध, संदीप टाना भगत व पूर्व कार्यकर्ता गौरव उपस्थित रहे।

जनसंपर्क अभियान के तहत लाभार्थी सम्मेलन संपन्न

➲ झारखंड में बिजली की व्यवस्था चौपट हो गई है, जिससे जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है: मुकेश निरंजन सिन्हा

खबर मन्त्र संवाददाता

कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्तिथ होटल प्रतिछा में मंगलवार को भाजपा का लाभार्थी सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला संगठन प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा ने भाग लिया। लाभार्थी सम्मेलन मंडल अध्यक्ष लक्ष्मन प्रसाद कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि कर किया गया। मौके पर बोलते हुए मुकेश निरंजन सिन्हा ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल बेमिसाल अनेक योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का काम पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। जिसमे पीएम आवास, जन-धन योजना, हर घर जल नल योजना, जन धन बीमा योजना, फसल बीमा योजना, आयुष्मान भारत योजना शामिल है। साथ ही कहा कि झारखंड में बिजली की व्यवस्था चौपट हो गई है। आज के हेमंत सरकार पर समय से बिजली नहीं देने पर जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा जेएमएम छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में आस्था वाह विश्वास रखने वाले ओकीया निवासी महेश भुइयां को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। मौके पर जिला उपाधयक्ष मुकेश सिंह, जिला महामंत्री पंकज सिंह, बारियातू मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह हेरहंज मंडल अध्यक्ष मनीष जयसवाल, ओबीसी जिला मोर्चा अध्यक्ष त्रिवेणी साहू, प्रदेश किसान मोर्चा का समिति सदस्य अरविंद भगत एवं प्रेम प्रसाद गुप्ता, कामेश्वर भोक्ता, राम कुमार गुप्ता, रविंद्र कुमार सिन्हा राजकुमार पाठक विजय गुप्ता, सूरज कुमार शाह समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

एक नजर में

मानसून ने दी दस्तक, बारिश ने दी गर्मी से राहत

चंदवा। लंबे इंतेजार के बाद मंगलवार को रथ रात्रा के दिन चंदवा में मानसुन ने दस्तक दे दी। मंगलवार की दोपहर अचानक तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हुयी, जो लगभग आधे घंटे तक जारी रही। एक ओर बारिश होने के बाद चंदवा वासियों ने पड़ रही भीषण गर्मी से राहत ली तो दुसरी ओर ग्रामीण इलाको में बारिश व आंधी के कारण लोगो को क्षति भी उठानी पड़ी कई स्थानो पर पेड़ टूट कर गिर गये वहीं चेटर पंचायत के आन गांव के पास तीन हाईटेंशन टावर आंधी के कारण गिर गया। इस दौरान टावर का तार विद्युत प्रवाहित 11 हजार वोल्ट के तार के संपर्क में भी आ गया, शुक्र रहा की उस समय आसपास कोई नहीं था अन्यथा जान माल की भी क्षति हो सकती थी। स्थानीय लोगो ने तत्परता दिखाते हुये तत्काल इसकी सुचना बिजली विभाग के लोगो को दी जिन्होने तुरंत बिजली काट दी जिससे कोई हादसा नहीं हुआ।

आजसू के स्थापना दिवस सह संकल्प सभा का आयोजन

लातेहार। 22 जून को आजसू पार्टी 37 वर्ष पूरा कर 38 वें वर्ष में प्रवेश करेगी। इस उपलक्ष्य में लातेहार आजसू कार्यालय लातेहार में 22 जून को पार्टी का स्थापना दिवस व रक्त दान करने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर लातेहार जिले के सभी पदाधिकारी उपस्थिति अनिवार्य है और आजसू के कार्यकर्ता रक्तदान भी करेंगे। झारखंड का स्थापना काल से ही जनता ने जो सपना देखा था वह आज भी अधूरा है। भय भूख झूठ और फरेब कर सत्ता में आई सरकार भ्रष्टाचार लूट को निरंतर घोटाला का श्रृंखला बनाई है।

टॉप टेन विद्यार्थियों को विद्यालय करेगा सम्मानित

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रोजेक्ट इंदिरा गांधी मेमोरियल बालिका उच्च विद्यालय में बुधवार को माध्यमिक बोर्ड की परीक्षा में सफल होने वाले टॉप टेन विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अनीता बारा ने बताया की मैट्रिक की परीक्षा में विद्यालय में टॉप टेन पर रही छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम का आयोजन बुधवार सुबह 8 :30 बजे से किया जाएगा। मौके पर विद्यालय के शिक्षक चंचल सिंह, रेखा कुमारी, निर्मल सिन्हा, संजीत कुमार, विमला कच्छप, दिलीप शर्मा, चंदन दास मौजूद थे।

आंधी तूफान से घर का एलबेस्टर उड़ा, मदद की गुहार

लातेहार। जिला मुख्यालय एवं गांव में आंधी-तूफान एवं बज्रपात के कारण जन जीवन बुरी तरह प्रभावित रहा। कई पेड़ गिरकर धारासायी हो गया, बिजली के खंभे एवं तार क्षतिग्रस्त हो जाने से बिजली बाधीत रही, वहीं लातेहार सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बारियातू जागिर खुर्द नवोदय विद्यालय रोड पर स्थित बिपिन बिहारी ठाकुर का आंधी तूफान से ध्वस्त हो गया। वहीं पीड़ित ने बताया कि दो साल पहले घर बनाया था। यह तूफान में मेरे घर का एलबेस्टर उड़ गया हैख मै गरीब आदमी हूं मै क्या करूं समझ नहीं आ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

जल जीवन मिशन योजना का निरीक्षण

चंदवा। भीषण गर्मी के बीच कामता पंसस अयुब खान ने हिसरी ग्राम का भ्रमण कर जल जीवन मीशन योजना के तहत हुए बोरिंग, पाईप और गड्ढे का निरीक्षण किया, कहा कि केंद्र सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल का जल योजना की गति गांव में काफी धीमी है, गांव में इस योजना की शुरूआत हुए महिनों हो गए लेकिन हर घर नल जल योजना की पानी आज तक घरों में नहीं पहुंच पाई है, सरकारी चापानल की स्थिति बेहद खराब है, स्कूल स्थित महुआ टोला में एक जलमीनार है उसका मोटर कई माह से खराब पड़ा हुआ है, इससे टोले में पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है, अभी तक टोले में पेयजल की व्यवस्था को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, सुबह शाम टोले की महिलाएं दुसरे टोले में पानी भरने को मजबूर हैं। इन्होने तत्कात पेयजल संकट निदान करने की मांग सरकार व प्रशासन से की है। भ्रमण के मौके पर रविन्द्र भोगता, तेतर उरांव, कामदेव उरांव, शहदेव उरांव, अमेश उरांव, अम्रीत तुरी, अमरजीत तुरी, अजय नायक, विकाश गंझु, अकाश उरांव व अन्य शामिल थे।

भूमि विवाद को लेकर मारपीट में छह घायल

बालूमाथ। एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के गोनिया ग्राम में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में छह लोग घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को गोनिया ग्राम में अपना-अपना जमीन बताकर बाउंड्री करने को लेकर दोनो तरफ से जमकर मारपीट हुई। जिसमें छह लोग घायल हो गए। जिसमें घायलो में एक पक्ष से अजय साव 50 वर्ष, नेहरू प्रसाद 37 वर्ष पिता स्व. भुनेश्वर साव दोनो राजगुरु निवासी, वहीं दूसरे पक्ष से एक परिवार के राजेन्द्र विश्वकर्मा 68 वर्ष, विक्रम कुमार 23 वर्ष राजेंद्र विश्वकर्मा, पार्वती देवी 60 वर्ष पति राजेन्द्र विश्वकर्मा, शांति कुमारी 20 वर्ष पिता राजेन्द्र विश्वकर्मा घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगो की मदद से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेश राम की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया।

चापानल खराब होने से पानी के लिए ग्रामीण परेशान

खराब चापानल दिखाते ग्रामीण।

बारियातू। प्रखंड अंतर्गत शिबला पंचायत के झिरमतकोमा ग्राम मे पिछले दो माह से चापानल खराब रहने के कारण पेयजल के लिए ग्रामीण काफी परेशान हैं। ग्रामीण इंद्रदेव यादव, जीतन गंझू, आदित्य गंझू, मनोज गंझु, सोहरी देवी, प्रमिला देवी, जसवा देवी, बसंती देवी, बिनोद गंझू, कांशी यादव, अंदू गंझू सहित अन्य ग्रामीण ने बताया कि झिरमतकोमा ग्राम में पिछले दो माह से चापानल खराब पड़ा हुआ हैं। जिसके कारण हम सभी ग्रामीणों को काफी दूर से पानी लाकर पेयजल की जरूरत पूरी करनी पड़ रही है। इधर भीषण गर्मी तथा बढ़ते तापमान के कारण आस-पास के कुआं, चापाकल व तलाब मे जल स्तर काफी नीचे चला गया हैं। जिसके कारण हम सभी ग्रामीणों दैनिक कार्य के लिए काफी कठनाई हों रही हैं। साथ ही मवेशी व अन्य पालतू जनवरो को भी पानी की पारेशनी बढ़ी हुई है। झिरमतकोमा के ग्रामीणों ने उपायुक्त व सम्बंधित विभाग से चापानल मरम्मत करवा कर पेयजल सुविधा बहाल कराने की मांग की हैं।

स्पीड न्यूज

तीन दिवसीय कार्यक्रम से प्रारंभ

कलश में जल भरते श्रद्धालु।

बेतला। बेतला नेशनल पार्क से सटे बरवाडीह प्रखंड के ग्राम सरईडीह में शिव मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मंगलवार को सुबह गाजे बाजे के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर से केचकी औरंगा कोयल संगम से पवित्र जल को पुरोहित से मंत्रों से अभिमंत्रित करा कर पुनः लौटे, इस कलश यात्रा में मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह, समाजसेवी अमरेश प्रसाद गुप्ता जोखन प्रसाद, नवल प्रसाद, ओमप्रकाश गुप्ता, मंटू सिंह, प्रकाश सिंह, विकास सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

भव्य रूप से निकाला गया बलराम व बहन सुभद्रा की शोभायात्रा

बालूमाथ। बालूमाथ महावीर मंदिर परिसर से मंगलवार को भगवान बलराम व बहन सुभद्रा का शोभायात्रा निकाला गया। बैंड बाजे की धुन पर महावीर मंदिर से आरंभ होकर थाना चौक, मुरपा मोड़ होते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचा और वहां से पुनः कई टोलो मुहहले का भ्रमण करते हुए दुर्गा मंदिर मौसी बाड़ी पहुंचा। इस बीच हजारों श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के नारे लगा रहे थे। इससे पूर्व पंडित दीनानाथ बैध द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना की। इस रथयात्रा में महावीर मंदिर पूजा समिति के अध्यक्ष प्रयाग साव, उपेंद्र रंगीला, अखिलेश गंझु, लालदेव गंझु, शैलेश सिंह, अमर ठाकुर, बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा, उप मुखिया अमित कुमार, सुरेंद्र साहू, वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, जितेंद्र रजक, राजू कुमार, अशोक साहू, जगन्नाथ यादव, रवि चौरसिया, सरवन सोनी, प्रीत लाल यादव समेत भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

अध्यक्ष बने प्रेमचंद गंझू

प्रेमचंद गंझू।

सत्यनारायण गंझू।

लातेहार। खरवार भोगता समाज विकास संघ लातेहार जिला समिति की घोषणा की गई।संघ के केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू ने इस संबंध में एक कार्यालय आदेश भी जारी किया गया है। जिसमे लातेहार जिला समिति के अध्यक्ष प्रेमचंद गंझू, सचिव सत्यनारायण गंझू, उपाध्यक्ष रामधारी गंझू, खेमलाल गंझू, हेमराज गंझू, प्रयाग गंझू, मनमोहन गंझू, सुरेश कुमार गंझू, हरि गंझू, प्रभु गंझू, फुलेश्वर गंझू, विषुनी गंझू, दिनेश्वर गंझू, सहसचिव सरहुल गंझू, जगदीश गंझू, राजू गंझू, प्रधान सिंह, लुधेश्वर गंझू, रबु गंझू, नागेश्वर गंझू, महेंद्र गंझू, घनश्याम गंझू, बलजीत गंझू, सोमनाथ गंझू, कलेंदर गंझू, संगठन मंत्री दीपू भोगता, मीडिया प्रभारी लालदेव गंझू, प्रवक्ता महेश गंझू, नियोजन सलाहकार बिनोद गंझू, जयप्रकाश कुमार गंझू, रामवृक्ष गंझू, कार्यकारिणी सदस्य में पंचम गंझू, रामकृष्ण सहित कई लोगों को नाम शामिल किया गया है।

विश्व योग दिवस के अवसर पर निकाली गयी जागरूकता रैली

जागरूकता रैली निकालते लोग।

बालूमाथ। पतंजलि योगपीठ के बैनर तले मंगलवार को विश्व योग दिवस के अवसर पर होने वाले योगाभ्यास को लेकर एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के कई लोगों ने भाग लिया। रैली में शामिल लोगों ने योग करेंगे रोज करेंगे, करो योग रहो निरोग, भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद, वंदे मातरम समेत कई नारा लगा रहे थे। रैली प्रखंड कार्यालय के समीप से आरंभ होकर मुरपा मोड, थाना चौक, दुर्गा मंडप होते हुए पुनः ब्लॉक के समीप पहुंचकर समाप्त हुआ। इस रैली में पतंजलि योगपीठ के जितेंद्र सिंह, सतन सिंह, योग समिति के अध्यक्ष शैलेश सिंह, शशि भूषण गुप्ता, लालदेव गंझु, अखिलेश गंझू, शशि भूषण गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, दिलीप कुमार, सुरेंद्र साहू, ओम पांडे, विद्या कोचिंग सेंटर के संचालक निर्मल सिन्हा, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, अमित कुमार, राजू कुमार, बबलू चौरसिया, संतोष कुमार समेत विद्यालय के कई बच्चे बच्चियां शामिल हुये। पतंजलि योगपीठ के जितेंद्र सिंह ने बताया कि विश्व योग दिवस के अवसर पर 21 जून को बालूमाथ बिरसा मैदान में भव्य योग शिविर लगाया जाएगा। इसमें अधिक से अधिक लोगों को भाग लेने की अपील की है।

धूम-धाम के साथ निकाली गई भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

रथ यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

लातेहार। शहर के मेन रोड स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर में भगवान श्री जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व भाई बलराम की पूजा धूमधाम से की गई। मंगलवार को मंदिर परिसर में पूजा करने के बाद तीनों विग्रहों को रथ पर सवार एक जयकारे के साथ भव्य रथयात्रा निकाली गई। भगवान जगन्नाथ के दर्शन और रथ को खीचने के लिए लोग उमड़ पड़े। इसके पूर्व लातेहार के ठाकुरबाड़ी मंदिर में महंत दिलीप उपाध्याय द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बतौर मुख्य यजमान योगेश्वर प्रसाद व उनकी धर्मपत्नी रीना देवी ने विधि-विधान से भगवान श्री जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व भाई बलराम की पूजा-अर्चना की व भोग लगाया। उनकी आरती उतारी। इसके बाद गाजे-बाजे के साथ रथयात्रा शुरू हुई। यह रथयात्रा शहर के थाना चौक, चटनाही, बाईपास, प्रखंड कार्यालय परिसर तक गई। यहां से पुनः मेन रोड होते हुए मंगलवारी बाजार स्थित प्राचीन शिव मंदिर मौसी बाड़ी पहुंची। यहां पूरे विधि विधान से तीनों विग्रहों को विराजमान कराया गया। बताया जाता है कि 9 दिन बाद तीनों विग्रहों को ठाकुरबाड़ी मंदिर लाया जाएगा। पूजा को सफल बनाने में श्याम अग्रवाल, विजय गुप्ता, सुरेश कुमार, रवि नाथ गुप्ता, बृजेश अग्रवाल, अभिनव कुमार, विपिन गुप्ता, पल्लव कुमार, अभिषेक उपाध्याय, प्रीतम गुप्ता, पवन कुमार, अशोक प्रसाद का सराहनीय योगदान रहा।

भाजपा ने बरवाडीह में किया विधानसभा स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन

हर घर को मिल रहा है केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ: हरिकृष्ण सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

कार्यक्रम को संबोधित करते जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह।

बरवाडीह। केंद्र सरकार के सफलता पूर्ण नौ वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण कार्यक्रम के तहत बरवाडीह के मुख्य बाजार स्थित सामुदायिक भवन के प्रांगण में मंगलवार को मनिका विधानसभा स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता मनोज सिंह के साथ-साथ लातेहार जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसके उपरांत मंचासिन अतिथियों और लाभार्थियों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया।

सबका साथ-सबका विकास के लक्ष्य से काम कर रही है केंद्र सरकार: हरिकृष्ण सिंह

जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह ने अपने संबोधन में मोदी सरकार के 9 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों का वर्णन किया। साथ ही प्रदेश में मौजूदा सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए मोदी सरकार की योजनाओं को जनता तक न पहुंचाने का आरोप भी लगाया। हरिकृष्ण सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा सभी वर्गों के हित के लिए कई जनउपयोगी योजनाओं को संचालित किया गया है। जिसका लाभ देश के हर घर को मिल रहा है। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं से वंचित लोगों को लाभ दिलवाने में आगे बढ़कर सहयोग करें। उन्होंने आगे कहा कि मोदी जी की सरकार में गरीब, मजदूर, महिलाओं बराबरी का दर्जा मिलने के साथ ही बेरोजगारों को रोजगार और गरीबों को आवास तथा महिलाओं को लकड़ी के धुएं से बचाने के लिए हर घर में मुफ्त गैस कनेक्शन भी उपलब्ध कराएं गए है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वह सभी लोगों के बीच जाएं और प्रधानमंत्री के विकास कार्यों की जानकारी दें।

कार्यक्रम में उपस्थित लोग : कार्यक्रम में मंच का संचालन मंडल महामंत्री प्रदीप सिंह ने किया। मौके पर नीरज सिंह, राजधानी प्रसाद यादव, रघुपाल सिंह, जिप सदस्य संतोषी शेखर, ध्रुव कुमार पांडेय, पंकज यादव, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, अजय सोनी और दिलीप यादव, अजय प्रसाद, सुनील सिंह, उपेंद्र प्रसाद, मनोज प्रसाद, ईश्वरी सिंह, सतरोहण सिंह, श्रवण सिंह, दीपक तिवारी, प्रवीण कुमार, बृजमोहन सिंह सहित सैकड़ो कार्यकर्ता और लाभार्थी उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज़

पलामू के चार कवियों को किया गया गीतिका श्री सम्मान से सम्मानित

मेदिनीनगर। गीतिका सृजन व संवर्धन में उत्कृष्ट योगदान के लिए पलामू के चार कवियों–राकेश कुमार, अनुज कुमार पाठक,राम प्रवेश पण्डित और नीरज कुमार पाठक को अखिल भारतीय कविता लोक सृजन संस्थान, लखनऊ के द्वारा गीतिका श्री सम्मान 2023 प्रदान किया गया है। कवितालोक द्वारा गीतिका विधा के प्रणेता आचार्य ओम नीरव के जन्मदिन पर प्रत्येक वर्ष 20 जून को गीतिका दिवस समारोह का आयोजन किया जाता है। यह सम्मान देश भर के 51 कवियों को प्रदान किया गया है। पलामू के कवियों राकेश कुमार, अनुज कुमार पाठक,राम प्रवेश पंडित और नीरज कुमार पाठक को उनके इस सम्मान के लिए आचार्य ओम नीरव, प्रो सुभाष चन्द्र मिश्र, श्याम बिहारी श्यामल, कुमार मनीष अरविंद, सुरेंद्र कुमार मिश्र, श्रीधर प्रसाद द्विवेदी, डॉ अरुण सज्जन, प्रभात कुमार सुमन, सैकत चटर्जी, रविशंकर पांडेय, परशुराम तिवारी, अनुपमा तिवारी, डॉ पद्मा मिश्रा, मनीष मिश्र नन्दन, ज्योति चौधरी, विद्या वैभव भारद्वाज सहित कई साहित्यकारों एवं कवियों ने बधाई दी है।

मुखिया ने किया पेंशन योजना का स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित

पाटन पलामू। पाटन प्रखंड के सगुना पंचायत की मुखिया मंजु देवी व समाजसेवी सुरेंद्र सिंह ने लाभुकों के बीच वृद्ध सम्मान पत्र पेंशन योना का स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण किया। मौके पर मुखिया मंजु ने कहा कि इस योजना से गरीब वंचित लोगों को भी सरकार से लाभ दिलवाने के लिए कटिबद्ध है। मौके पर अजीत सिंह, सविता देवी, रजिदा बीबी, सकिला बीबी, संगीता देवी ग्राम नवादा खरौंधा के लाभुक मौजूद थे।

भाजपा की हकीकत को समझ गयी है जनता : द्वारिका साहू

मेदिनीनगर। भाजपा नेता लाख कोशिश कर ले आम जनता उनका हकीकत समझ गई है। आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भाजपा को देश और राज्य से जनता बाहर की रास्ता दिखाएगी। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष द्वारिका साहू ने कही। साहू ने कहा कि जनता मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है वहीं सांसद और विधायक मिटिंग करने में व्यस्त है। वहीं पांकी विधान सभा में भाजपा से आम जनता को निराशा हाथ लगी है। पार्टी सभी इलाकों में मजबूत हुई है। पार्टी से लोग लगातार जुड़ रहे है। जनसमस्याओं को लेकर आप पार्टी आंदोलन करेगी।

कौशल विकास शिविर में हो रहा खानापूर्ति : प्रमुख सुनील कुमार

नीलांबर पीतांबरपुर पलामू। प्रखंड कार्यालय परिसर में संकल्प योजना के तहत कौशल जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख सुनील कुमार पासवान ग्रामीणों की कम उपस्थिति देखकर भड़क उठे। उन्होंने मंच पर ही कहा कि कौशल विकास शिविर के नाम पर खानापूर्ति किया जा रहा है प्रचार-प्रसार नहीं होने के कारण शिविर में लोगों की उपस्थिति नहीं हुई। अधिकांश कुर्सियां खाली पड़ी रही। जल्दीबाजी में भीड़ जुटाने के लिए प्रशिक्षण प्रभारी ने प्रखंड एवं अंचल में अपने काम के लिए पहुंचे ग्रामीणों को नाश्ता देने के नाम पर बैठा रहे थे। कहा कि प्रशिक्षण के नाम पर सरकारी राशि निकालने के लिए सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। क्षेत्र में किसी को भी कार्यक्रम की जानकारी नहीं दी गई है। जिस कारण संभवित लाभार्थी नहीं पहुंचे है। हरतुआ पंचायत के मुखिया अरविंद शुक्ला ने कहा कि प्रशिक्षकों के द्वारा नाश्ता दिखाने के बाद भी ग्रामीण कार्यक्रम स्थल तक नहीं पहुंचे।

प्रोफेसर के निधन पर शोक

हुसैनाबाद पलामू। ए के सिंह कॉलेज जपला में वर्ष 2016 में नियुक्त जूलॉजी के प्रो उदेश्वर राम की लम्बी बीमारी के बाद इलाज हेतु मेदिनीनगर जाने के क्रम में रास्ते में ही मौत हो गई। मालूम हो कि राम कॉलेज में 2016 से 2020 तक इंचार्ज प्रिंसिपल कार्य किया। कॉलेज में नई शासी निकाय के गठन उपरांत सचिव द्वारा उन पर कहकर हटा दिया गया था जिस पर सभी की नियुति अवैध कमिटी द्वारा किया गया था। इनका अक्टूबर 2017 से मानदेय बकाया था जो नहीं दिया गया। पैसे के अभाव में इलाज नहीं करा सके। जबकि शासी निकाय के अध्यक्ष स्थानीय विधायक व पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह है। इनके निधन पर पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, विनोद कुमार सिंह, ललन कुमार सिंह, प्रो सौरभ कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह, सत्येन्द्र कुमार चन्देल, देवेन्द्र नाथ गुप्ता, संजीत कु सिंह, मालती सिंह, संध्या, रानी कुमारी, उषा देवी, राहुल सिंह,सहित सभी कॉलेज कर्मियों ने शोक संवेदना व्यक्त किया।

रेड़मा ठाकुरबाड़ी व रामजानकी मंदिर से निकाली गई भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा

मेदिनीनगर। भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा के शुभ अवसर पर रेड़मा ठाकुरबाड़ी में भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा की पूजा अर्चना कर महाआरती किया गया। तत्पश्चात श्रद्धालुओं ने रथ की रस्सी खिंचकर शुभारंभ किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, पूर्व सांसद ब्रजमोहन राम, भाजपा नेता मनोज सिंह, नगर निगम के पूर्व उपमहापौर मनोज सिंह, सतबीर सिंह राजा, विजय तिवारी, विवेकानंद त्रिपाठी समेत अन्य लोगों ने पूजा में शामिल होकर भगवान जगन्नाथ का नमन किया। वहीं श्रीराम जानकी मंदिर से अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, बजरंग दल व राम जानकी मंदिर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में धूमधाम से भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर रथ यात्रा निकाली गई। इस मौके पर धनंजय त्रिपाठी, कुणाल तिवारी, संजीव तिवारी, रुचिर तिवारी, विकास कुमार, पूर्व वार्ड पार्षद चंचल देवी समेत काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

रथ यात्रा में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने स्टॉल लगाया

भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की सेवार्थ विभिन्न सामाजिक संगठनों ने शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर स्टॉल लगाकर शीतल पेय पदार्थ व लंगर का आयोजन किया। इस दौरान मारवाड़ी युवा मंच ने शर्बत, पानी का व्यवस्था किया। जबकि अग्रवाल क्लब द्वारा हलुवा का वितरण किया गया। वहीं बेलवाटिका चौक पर गुरु सिंह सभा द्वारा लंगर का वितरण किया गया। इसमें मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष पुनीत लाल, सचिव राकेश सुरेका, संयोजक प्रभात अग्रवाल, विकास सिंघानियां, श्याम पोद्दार, गुरू सिंह सभा के गुरबीर सिंह राजा, बल्लू चावला, प्रदीप सिंह समेत अन्य शामिल थे।

श्रद्धालुओं के बीच शरबत व बिस्कुट वितरण

पाटन। बैरिया स्थित गुप्ता परिवार की ओर से भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा मेंशामिल श्रद्धालुओं के बीच शरबत, ठंडा पानी बिस्कुट आदि का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य में अभिमन्यु प्रसाद, अनिल मेहता, राजन कुमार, ललिता देवी, दुर्गा देवी, संजू देवी, रूपा कुमारी, सोनी कुमारी, पूजा, रजत कुमार, राधेश्याम गुप्ता, पुष्पा देवी, दीपक कुमार, सूर्या, पीयूष, हानि ने गुप्ता परिवार की ओर से श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया।

इस्कॉन द्वारा भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली गई, उमड़ा जन सैलाब

खबर मन्त्र संवाददाता

रस्सी खींच कर रथ का शुभारंभ किया गया

मेदिनीनगर। इस्कॉन हरे कृष्ण यूथ कमेटी के तत्वाधान में पुलिस लाइन रोड स्थित हरे कृष्णा निवास से भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा भव्य तरीके से निकाली गई। रथयात्रा का शुभारंभ पूजा अर्चना कर प्रथम महापौर अरुणा शंकर, आरक्षी अधीक्षक चंदन सिन्हा, प्रथम उपमहापौर मंगल सिंह सदर आदि लोगों ने रथ की रस्सी खींचकर किया। भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर मौसीबाड़ी पहुंचेंगे। जहां अगले नौ दिनों तक रहेंगे। इसके बाद वे पुनः लौट जायेंगे। रथ यात्रा शहर के साहित्य समाज चौक, अस्पताल चौक, छह मुहान होते हुए बेलवाटिका चौक,स्टेशन रोड होते हुए ओवरब्रिज से होकर रेडमा चौक से रथयात्रा बैरिया चौक, गायत्री मन्दिर रोड से डॉ अरुण शुक्ला रोड होते हुए पुनः हरे कृष्णा निवास पर पहुंचकर संपन्न हो गया। इस मौके पर महापौर ने कहा कि भगवान जगन्नाथ के रथ खिंचने का आज विशेष महत्व है। भगवान जगन्नाथ जी की कृपा सभी पर बनी रहती है। लोग रथ यात्रा का बेसब्री से इंतजार करते हैं। ताकि भगवान का साक्षात दर्शन हो सके। उन्होंने कहा कि रथ यात्रा के बाद से ही पृथ्वी पर प्रभु की कृपा से तपती धूप एवं गर्मी से लोगों को राहत मिलना प्रारंभ हो जाता है। साथ ही साथ किसान भाई खेती बारी में लग जाते हैं। एसपी चंदन सिन्हा ने कहा कि भगवान जगन्नाथ जी सभी भक्तों पर अपनी कृपा बनाए रखें और लोग सुख शांति पूर्वक समाज में एकता स्थापित करते हुए अपनी सुरक्षा का ध्यान रखते हुए आपसी भाईचारा के साथ जीवन व्यतीत कर सकें। प्रभु की कृपा सभी पर बनी रहती है। रथ कमेटी के अध्यक्ष सह प्रथम उप महापौर राकेश सिंह उर्फ मंगल सिंह ने कहा कि रथ यात्रा की भव्यता बनाने के लिए सभी भक्तों के सहयोग से विगत एक माह से तैयारी की जा रही थी। ताकि किसी प्रकार की कोई कमी ना रह जाए। पश्चिम बंगाल के मायापुर धाम से पधारे गौर धाम दास प्रभु के नेतृत्व में कमेटी के सुंदर माधव दास के साथ विकास प्रभु, अरविंद प्रभु समेत महिला धर्म प्रेमी मृदंग, करताल, शंख ध्वनि के साथ हरे कृष्ण हरे कृष्ण,कृष्ण- कृष्ण, हरे- हरे, हरे राम हरे राम,राम-राम, हरे- हरे के हरि ध्वनि महामंत्र के साथ वातावरण को भक्तिमय कर दिया।

साथ ही लोगों ने भगवान जगन्नाथ जी के भक्ति में लीन होकर मन्त्रों पर नाचते गाते हुए रस्सी को खींच रहे थे। इस मौके पर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, दिलीप सिंह नामधारी, भाजपा जिला अध्यक्ष विजया नंद पाठक, भाजपा के प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, संतोष कुमार दूबे, मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह,शिव कुमार मिश्रा,समेत काफी संख्या में गणमान्य लोग सहित हजारो की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

चैनपुर राजगढ़ से निकला भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

चैनपुर पलामू। प्रखंड अंतर्गत चैनपुर बाजार स्थित राजा गढ से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैनपुर राजा विश्वदेव नारायण सिंह के नेतृत्व मे भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा का रथ यात्रा निकाली गयी। तीनो को अलग अलग रथ पर विराजमान कर पंडित नागवंत पाठक मुतुर्जय पाठक रामजी मिश्रा अजय पाण्डेय ने विधी विधान से पुजंन कर भक्तो के साथ भगवान का रथ को खिचते हुए निकले। भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा का रथ चैनपुर बाजार होते हुए किसुनदाहा मौसीबाडी तक पहुंचा। जहां भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा तीन दिन तक रहेंगे और तीन दिन बाद भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा अपने अपने रथ पर सवार होकर पुनः राजा गढ मंदिर वापस लौटकर आ जायेगें। जहां चारो पंडित विधी विधान से पुजन भगवान को स्थापित करेगें।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर गांधी पार्क स्टेशन रोड में आज होगा योग कार्यक्रम

आनंद शंकर और विजय ओझा बनाये गये प्रभारी, 30 जून तक होगा घर-घर संपर्क

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। प्रमंडलीय प्रभारी गणेश मिश्रा के साथ महा जनसंपर्क अभियान टोली, जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, सांसद विष्णु दयाल राम एवं जिला पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक परिसदन भवन में हुई। बैठक में घर-घर संपर्क अभियान को सफल बनाने को लेकर बिंदुवार चर्चा हुई। प्रत्येक शक्ति केंद्र से घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। जिसमे मंडल की टोली एवं बुथ समितियों के कार्यकर्ता भाग लेंगे। मंडल प्रभारी प्रत्येक दिन बूथ स्तरीय मॉनिटरिंग करते रहेंगे। घर-घर संपर्क के दौरान मोदी सरकार के 9 साल की उपलब्धियों एवं पलामू सांसद द्वारा क्षेत्र के विकास के लिए किए गए कार्यों का विवरण हैंड विल के माध्यम से लोगों में वितरित करेंगे। घर-घर संपर्क टोली द्वारा केंद्र की मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार पुस्तिका एवं स्टीकर के माध्यम से किया जाएगा। प्रदेश से प्राप्त प्रचार प्रसार सामग्री किड्स जिला पदाधिकारियों के माध्यम से मंडल अध्यक्षों की निगरानी में शक्ति केंद्रों तक पहुंचाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। बैठक में चैंबर अध्यक्ष आनंद शंकर और जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा को योगा कार्यक्रम का प्रभारी बनाया गया। मौके पर विभाकर नारायण पांडेय, प्रफूल्ल सिंह, विजय ओझा, शिवकुमार मिश्रा, धर्मेंद्र उपाध्याय, सुनील पासवान, सुरेंद्र विश्वकर्मा, श्याम बाबू, अरविंद सिंह, सोमेश सिंह, रीना किशोर, मनोज दुबे, ज्योति पांडे, मंजू गुप्ता, रेणु देवी, सीटू गुप्ता, राकेश दुबे, जितेंद्र तिवारी, कृष्णा गुप्ता, ईश्वरी पांडे, अलख दुबे, पंकज तिवारी समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे।

महिला भी अपना भविष्य व्यवसाय में देख रही : प्रथम महापौर अरुणा शंकर

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। महिलाए भी अपना भविष्य व्यवसाय में देख रही है। महिला किसी भी मामले में पुरूष से पीछे नहीं है। चाहे वह शिक्षा के क्षेत्र हो डॉक्टर इंजीनियर यहां तक की विभिन्न क्षेत्रों में महिलाएं अपना कार्यक्षेत्र बना रही हैं। इसी के तहत मंगलवार को शिवाय ब्लू होटल में बूटीक दुकान संध्या जायसवाल द्वारा खोला गया है। उक्त बातें मेदिनीनगर नगर निगम के प्रथम महापौर अरूणा शंकर ने कही। वे बूटीक दुकान के उदघाटन के बाद समारोह में बोल रही थी । समारोह की अध्यक्षता रेश्म वाई संध्या दुकान के प्रोपराइटर संध्या जायसवाल ने की। मौके पर अरुणा शंकर ने कहा कि संध्या जासवाल की शिक्षा दीक्षा बनस्थली कॉलेज में हुआ है। कॉलेज काल से ही वे कढ़ाई सिलाई में काफी रुचि रखती थी। जिसके कारण आज उन्होंने अपना व्यवसाय के लिए दुकान खोला है। जहां आज की महिलाएं शादी ब्याह या अन्य कार्यक्रम के लिए साड़ी व अन्य कपड़ा के लिए बनारस लखनऊ जाना पड़ता था। अब दुकान खुल जाने से उन्हें बाहर नहीं जाना पड़ेगा। मौके पर संध्या जयसवाल ने कहा कि दुकान खोलने का उद्देश्य एक ही छत के नीचे सभी तरह के महिला, युवा लड़कियों के पहनने के वस्त्र उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि कई महिलाएं व युवा लड़कियों के द्वारा बाजार में मनपसंद कपड़े नहीं मिलने के कारण उन्हें बाहर जाना पड़ता था लेकिन अब उन्हें बाहर नहीं जाना पड़ेगा। मौके पर द्रोपति देवी, आशा साहनी, डॉली सिंह, प्रियंका सिंघानिया, अलका सिंघानिया, रीमा जयसवाल, रूपेश कुमार, रितेश कुमार, सुधीर अग्रवाल, महेंद्र पांडे, रणबीर, अकाश सहित कई लोग मौजूद थे।

आवंटन के बावजूद आंगनबाड़ी केंद्रों तक चावल नहीं पहुंचा : विधायक कमलेश सिंह

हरिहरगंज पलामू। बाल विकास परियोजना अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर दिए जा रहे पूरक पोषाहार वर्ष 2022-23 के प्रथम तिमाही का 34 .13 मेट्रिक टन चावल आज तक केंद्रों को उपलब्ध नहीं हुआ है। इस संबंध में आंगनबाड़ी सेविकाओं ने स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह से गुहार लगाई है। विधायक ने इस संबंध में समाज कल्याण पदाधिकारी से जानकारी ली। ज्ञापन 678 दिनांक 20 जून 2022 से ज्ञात हुआ कि वर्ष 2022-23 के प्रथम तिमाही के लिए राज्य खाद्य निगम के हरिहरगंज गोदाम को चावल उपलब्ध कराया गया है। विधायक ने खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड मंत्री सरकार को पत्र लिख कर बाल विकास परियोजना हरिहरगंज अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए राज्य खाद्य निगम के हरिहरगंज गोदाम में वर्ष 2022-23 के प्रथम तिमाही का चावल आंगनबाड़ी केंद्रों को उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि आंगनबाड़ी केंद्रों को अभी तक चावल उपलब्ध नहीं कराए जाने वाले दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री व विभागीय मंत्री से मिलकर कार्रवाई का आग्रह करेंगे। उन्होंने कहा कि गरीबों और छोटे बच्चो का आहार का हेरा फेरी करने वाले लोगों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

हेमंत सरकार सभी मुद्दों पर गंभीर : राजेंद्र सिन्हा

झामुमो जिलाध्यक्ष ने हिंदू धर्म न्यास बोर्ड के सदस्य को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। झामुमो के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने परिसदन में हिंदू धर्म न्यास बोर्ड के सदस्य बनाये गये संजीव तिवारी को पगड़ी व चुंदरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन पार्टी के पुराने एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को उचित सम्मान देने के साथ ही साथ सभी बिंदुओं पर काफी गंभीरता से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पलामू में पहली बार हिंदू धर्म न्यास बोर्ड के सदस्य एवं जैक बोर्ड के सदस्य पलामू के कार्यकर्ताओं को बनाया है, जो काफी गौरव का विषय है। सिन्हा ने कहा कि झामुमो पलामू ही नहीं पूरे झारखंड में अपनी कार्यशैली पर पहचान स्थापित करते हुए झारखंड का सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में उभरी है। जो आगामी लोकसभा, विधानसभा, नगर निगम के चुनावों में अपना उम्मीदवार गठबंधन धर्म का पालन करते हुए देने का काम करेगी। संजीव तिवारी ने कहा कि माटी की पार्टी झामुमो ने जो जवाबदेही मुझे दिया है उसे बखूबी निभाने का काम करूंगा। इसके साथ ही झारखंड के सभी मठ मंदिर के अलावे अन्य बिंदुओं पर काम करते हुए उसे भव्यता दिलाने का काम करूंगा। पलामू समेत झारखंड के सभी देवस्थलों को विकसित किया जायेगा। इस मौके पर सुनील तिवारी, मनोज गुप्ता, कमाल खां, सन्नू सिदिकी, सन्नी शुक्ला, मुन्ना सिन्हा, रंजन सिंह, मुकेश चौधरी , गोपा सिंह समेत कई लोग शामिल थे।

बिश्रामपुर एसबीआई के पार्किंग एरिया से मोटरसाइकल की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

प्रतिनिधि बिश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर भारतीय स्टेट बैंक परिसर कि पार्किंग एरिया से मंगलवार को एक पैशन प्रो मोटरसाइकल (जेएच14 बी 6052) कि चोरी हो गई। जानकारी के अनुसार पांडु थाना क्षेत्र के रतनाग गांव निवासी दिनेश पासवान बैकिंग कार्य से एसबीआई के बिश्रामपुर शाखा में आए हुए थे। उन्होंने अपना मोटरसाइकल बैंक के पार्किंग एरिया में खड़ा कर अंदर चले गए। जब काम पूरा होने के बाद वे बैंक से बाहर निकले तब उनकी मोटरसाइकल गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी जब मोटरसाइकल नही मिला तो दिनेश पासवान ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

रथ पर सवार होकर भगवान शिव और माता पार्वती ने किया नगर भ्रमण

प्रतिनिधि बिश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय में रथ पर सवार होकर भगवान शिव और माता पार्वती ने नगर भ्रमण किया। नगर भ्रमण में देव प्रतिमाओं के साथ सैकड़ों श्रद्धालु भी शामिल थे। बुधवार को देव प्रतिमाओं को नव निर्मित मंदिर में स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान होगा। इसके बाद महाभंडारे के साथ अनुष्ठान का समापन होगा। मंगलवार को मंदिर प्रांगण से नगर भ्रमण हेतु गाजे बाजे के साथ श्रद्धालु निकले। इस दौरान जयकारे से क्षेत्र गुंजायमान हो गया। जिसके चलते पूरा नप क्षेत्र भक्तिमय रहा। नगर भ्रमण में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, समाजीक सेवा समिति अध्यक्ष संजय पांडेय, वरीय राजद नेता ओम प्रकाश गुप्ता उर्फ गुड्डू गुप्ता, विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, शिववंश मिश्रा, श्याम सुंदर साव, कामेश्वर केशरी, सुनील कुमार चौधरी, संजय ठाकुर, संतोष राम, इसरार हवारी, शंकर केशरी, संतोष केशरी, सत्यम सोनी, अमित चौधरी, नितेश कुमार, विजय कुमार, सीताराम यादव, शमशेर आलम, कुशवंती देवी, शशि देवी, मनोरम देवी, राज, विकास कुमार, रौशन सोनी, शिवबंश मिश्रा सहित सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हुये।

नगर भ्रमण में शामिल श्रद्धालु।

मृतका के पिता ने 5 लोगों पर किया मामला दर्ज

रामगढ़ पलामू। रामगढ़ थाना अंतर्गत नीमसी टोला निवासी हाजिर अंसारी की पत्नी तबस्सुम खातून उम्र 28 वर्ष ने रविवार की देर शाम घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के पिता का कहना है कि मेरी बेटी की हत्या कर फांसी के फंदे से लटका दिया गया है। यह हत्या है और आत्महत्या का रूप दिया जा रहा है। मृतका के पिता ने पांच लोगों पर मामला दर्ज कराया है। मृतका के पिता मुनीर उद्दीन अंसारी ने रामगढ़ थाना में 5 लोगों पर किया मामला दर्ज कराया है। मृतका के पति हाजिर अंसारी, भैसूर गफ्फार अंसारी, जैनुल अंसारी, सास फिरोजन बीबी और नन्द सहिना खातून सहित पांच लोग पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। मृतका के पिता का कहना है कि पूर्व में भी किसी बात को लेकर आरोप पर आरोप लगा कर हमेशा की तरह मार पीट मेरी बेटी के साथ किया जाता था। मेरी बेटी आत्महत्या नहीं की है इसे हत्या कर हमलोग को फोन के माध्यम से सूचना दिया गया कि आपकी बेटी फांसी लगा ली है लेकिन हमलोग को आने से पहले ही मृतिका को चारपाई पर लेटा दिया गया था।

संगीत मानव जीवन को शांति स्थापित करता है : संगीतज्ञ सौरभ

मेदिनीनगर। संगीत मानव जीवन को शांति स्थापित करता है। जब कोई व्यक्ति किसी विकट परिस्थिति या मानसिक रूप से ह्रास होकर व्यथित होता है तब वह संगीत के संपर्क में जाने के बाद अपने आप को काफी सुकून महसूस करता है। उक्त बातें पलामू केंद्रीय विद्यालय के शास्त्रीय संगीतज्ञ सौरभ दूबे ने कही। उन्होंने विश्व संगीत दिवस पर संगीत प्रेमी एवं कला प्रेमियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शास्त्रीय संगीत को और बढ़ावा देने की जरूरत है। इसके साथ ही साथ बच्चों को प्रारंभिक दौर से ही शास्त्रीय संगीत में रूचि लेना चाहिए। इसके प्रति अभिभावकों का भी रूझान होना अतिआवश्यक है। सौरभ दूबे पलामू ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड में अपनी अमिट पहचान स्थापित कर चुके हैं। वे पलामू केंद्रीय विद्यालय के अलावे झारखंड के बच्चों को शास्त्रीय संगीत का ज्ञान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पलामू में संगीत का रिश्ता काफी पुराना है। कई कलाकार संगीत की शिक्षा अपने स्तर से भी लोगों को दे रहे हैं। इनकी शिक्षा काफी लोकप्रिय रही है। वे शास्त्रीय व सुगम संगीत बच्चों को सीखा रहे हैं। वे नाद ब्रह्म संगीत कला केंद्र के अंतर्गत कई विद्यार्थियों को संगीत की शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।

संगीत और योग है एक दूसरे के पूरक : सूरज मिश्रा

विश्व संगीत और योग दिवस के अवसर पर विशेष

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। संगीत और योग परमात्मा की प्राप्ति का प्रमुख साधन है। संगीत और योग एक दूसरे के पूरक हैं। इस दोनों महत्वपूर्ण कलाओं से हम अपने हृदय में परमात्मा के अंश को देख सकते हैं जो खुली आंखों से असंभव सा है। संगीत के सुरों में साक्षात ईश्वर का प्रतिबिंब निर्माण होता है। योग में ध्यान एक क्रिया होती है लेकिन संगीत बिना किसी योगिक एक्सरसाइज के योग के सबसे करीब है। संगीत और योग एक दूसरे के पूरक होते हैं। आज कल लोगों के जीवन को बेहतर करने के लिए फिर से संगीत व योग का अभ्यास करने की आवश्यकता है। उक्त बातें पलामू प्रमंडल के विख्यात शास्त्रीय संगीतज्ञ स्व. पंडित राजा राम मिश्र के पुत्र एवं देवरानी संगीत महाविद्यालय के संरक्षक शहर के जाने माने संगीत गुरु सूरज कुमार मिश्रा ने कही। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस व अंतरराष्ट्रीय संगीत दिवस पर मिश्रा ने कहा कि दैनिक जीवन में संगीत का अभ्यास शरीर को आन्तरिक और बाहरी ताकत प्रदान करता है। यह शरीर के प्रतिरोधी प्रणाली को मजबूती प्रदान करने में मदद करता है, इस प्रकार यह विभिन्न और अलग-अलग बीमारियों से बचाव करता है। यदि संगीत व योग को नियमित रूप से किया जाए तो यह दवाईयों का दूसरा विकल्प हो सकता है।

आइकॉनिक मोटरसाइकिल पैशन प्लस की लॉचिंग

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। हीरो मोटोकार्प ने अपनी आइकॉनिक मोटरसाइकिल पैशन प्लस को नए अवतार में डालटनगंज के अधिकृत विक्रेता आनंद ऑटो बाइक्स शोरुम में कम्पनी के एमडी आकर्ष आनंद ने लॉच किया।

इस मौके पर एचएमसीएल के सुमीत कुमार जयदीप्र एवं सैकड़ों नए पुराने ग्राहक एवं कर्मचारी मौजूद थे। मौके पर एमडी आकर्ष आनंद ने कहा कि स्टाइलिश फॉर एवर मोटरसाइकिल ने ज्यादा कम्फर्ट और सुबिधा के साथ की जबरदस्त वापसी की है। स्टाइलिश और तकनीकों से लैस प्रोडक्ट्स लाने की अपनी बेहतरीन रणनीति के मुताबिक, मोटरसाइकिल और स्कूटर बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी हीरो मोटोकार्प ने आज पैशन +को नए अवतार में लॉन्च किया। ग्राहकों की लगातार बदल रही प्राथमिकताओ को अपनाते हुए पैशन प्लस स्टाइल, कम्फर्ट और सुविधा का एक आदर्श संयोजन है, जो इसे रोजाना की यात्रा के लिए एक आदर्श विकल्प बनाता है। नया पैशन प्लस देश भर में हीरो मोटरकार्प की डीलरशिपस पर 76,011 रुपए की आकर्षक कीमत पर उपलब्ध है। हीरो मोटोकॉर्प के चीफ ग्रोथ ऑफिसर (सीजीओ) रंजीव जीत सिंह ने कहा कि हमारे प्रतिष्ठित ब्रांड पैशन में पिछले एक दशक मे कई बदलाव हुए हैं और इसने मोटरसाइकिल श्रेणी में स्टाइल, विश्वसनीयता और आराम के मापदंड को नए सिरे से परिभाषित किया है। इस ब्रांड के प्रति हमारे ग्राहकों का जबरदस्त विश्वास ओर पैशन के साथ उनके स्थायी जुड़ाव ने हमें इसे एक नए अवतार में पेश करने के लिए प्रोत्साहित किया है। शानदार सीट और कम सैंडल ऊंचाई (790मिमी) के माध्यम से बेहतरीन एग्रिनिमिक्स राइडर और पीछे बैठने वाले लोगो के लिए आसान पहुंच देता है। नया पैशन+अत्यधिक विश्वशनीय और ईंधन -कुशल 100सीसी बीएस-6 ओर ओबीडी -2फेज ए कंप्लाएंट इंजन के साथ है जो 5.9केडब्लू @ 8,000आरपीएम का पावर आउटपुट देता है और 8.05एनएम @ 6000आरपीएम का टॉर्क पैदा करता है।

प्रदर्शन ओर आराम के ब्रांड के वादे को पूरा करते हुए, मोटरसाइकिल बेहतर ईंधन दक्षता के लिए पेटेंट आई 3 एस तकनीकी के साथ आती है। मोटरसाइकिल तीन रंग में - ब्लैक के साथ स्पोर्ट्स रेड, नेक्सस ब्लू के साथ ब्लैक और हैवी ग्रे के साथ ब्लैक में आती हैं और हर पर्सनालिटी के साथ बखूबी मेल खाती है।

विधायक ने ककोरिया व झरगड़ा में कब्रिस्तान की घेराबंदी का ऑनलाइन शिलान्यास किया

खबर मन्त्र संवाददाता

हुसैनाबाद पलामू। हुसैनाबाद हरिहरगंज के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह की उपस्थिति में मंगलवार को हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत ककोरिया व झरगड़ा कब्रिस्तान की घेराबंदी का शिलान्यास ऑनलाइन किया। कमलेश सिंह ने कहा कि एनसीपी जात पात की राजनीति से अलग, विकास की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा धर्म इंसानियत का होता है। उन्होंने कहा कि मंदिर और मस्जिद दोनो में ईश्वर का वास होता है। उनके लिए दोनो एक समान है। उन्होंने कहा कि पिछले कार्यकाल में 16 मदरसों, दो निकाह भवन समेत मस्जिदों तक सड़क का निर्माण के अलावा अल्पसंख्यक गांवों में बराबरी से कार्य कराया। इस कार्यकाल में 28 ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। अन्य 51 सड़कों के निर्माण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। 22 कब्रिस्तानों की घेराबंदी की स्वीकृति के साथ और कब्रिस्तानों व शमशान की घेराबंदी की स्वीकृति दिलाने की दिशा में प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी कब्रिस्तानों में शेड, बैठने की व्यवस्था, रोशनी व पेय जल की व्यवस्था इसी वर्ष कर दी जायेगी। मौके पर उपस्थित विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि एनसीपी परिवार शुरू से सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखता है। विधायक कमलेश कुमार सिंह सभी को एक समान सम्मान करते हैं। मौके पर एनसीपी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष हाजी अब्बास अंसारी, बीस सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह, जिशान हसन, विनय पासवान, रहमान राइन, सुरेंद्र ठाकुर, रामराज यादव, हंसराज सिंह, अनुज पासवान, सुनील यादव, सुबालाल यादव के अलावा ग्रामीण मौजूद थे।

सभी कब्रिस्तानों तक सड़क व अन्य व्यवस्था होगी : कमलेश सिंह

शिलान्यास के मौके पर विधायक प्रतिनिधि व अन्य

स्पीड न्यूज

रंजीत बने जमसं बस्ताकोला के क्षेत्रीय अध्यक्ष

झरिया । जनता मजदूर संघ बस्ताकोला क्षेत्रीय अध्यक्ष रंजीत सिंह बनाये गये । इसकी लिखित पत्र संघ के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम उर्फ मनीष सिंह ने बीसीसीएल प्रबंधन, सीएमडी, डीटी, लेबर कमिश्नर, जिला प्रशासन सहित सबंधित विभाग को पत्र देकर जानकारी दी है। साथ ही औद्योगिक सबंध बनाने को लेकर भी सहयोग करने की मांग की। रंजीत सिंह पूर्व में भी जमसं के राजपुर शाखा सचिव सहित क्षेत्रीय कमेटी में पदाधिकारी थे। विभाजन के बाद से रंजीत सिंह को जमसं बस्ताकोला क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाये जाने पर मजदूरों में हर्ष का माहौल कायम है। इस सबंध में संघ के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम ने कहाकि रंजीत सिंह को क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाये जाने से मजदूर समस्याओं का समाधान में काफी बल मिलेगा। वही संघ क मजबूती होगी । वही रंजीत सिंह ने कहाकि आला अधिकारियों द्वारा दिया गया जिम्मेदारी को हर संभव निभाने का काम करेगे।

बजरंगबली मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

बोकारो/तालगड़िया बोकारो। बोकारो जिलान्तर्गत चंदनकियारी प्रखंड के नयावन पंचायत के पर्वतपुर में नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर व मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। आचार्य जयप्रकाश पांडेय व पुरोहित संतोष बनर्जी ने वैदिक मंत्रोंच्चारण से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दो दिवसीय अनुष्ठान में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा उपरांत महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर अशोक दसौंधी, सुरेश सिंह, बंकिम माजी, अनित्य माजी, पंकज मंडल, अश्विनी बाउरी, राजाराम महतो, सुबोध मंडल, ठाकुर दास माजी, बलराम माजी, शंकर बाउरी, दिनेश बाउरी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

बोकारो प्लांट में 5 एस कार्यक्रम

बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट के बी ई विभाग के द्वारा 5 एस कार्यक्रम के कार्यान्वयन का आयोजन मानव संसाधन विकास के लघु सभागार में आयोजित किया गया जिसमें लगभग 70 कार्मिक प्रतिभागी के रूप मे सम्मिलित थे। कार्यक्रम के आरम्भ में सभी उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए विभाग की जीएम अनुपमा तिवारी ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मौके पर अधिशासी निदेशक सामग्री प्रबंधनद्ध वीरेंद्र कुमार तिवारी एवं अधिशासी निदेशक कार्मिक एवं प्रशासनद्ध राजन प्रसाद ने 5 एस प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए प्रतिभागियों को इससे संयंत्र को होने वाले लाभ के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक एस साहू ने किया।

चेन्नई राधा इंजीनियरिंग का रक्तदान शिविर

बोकारो। चेन्नई राधा इंजीनियरिंग ने अपने चेयरमैन के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में उनकी दीघार्यु के निमित्त बोकारो लिए के विभिन्न क्षेत्रों सहित देश के अन्यान्य स्थानों पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। 1983 में स्थापित इस कंपनी के मधुबन कोल वाशरी क्षेत्र में काम कर रहे कंपनी कर्मियों व अन्य ने रक्तदान किया तथा गरीबों व बेसहारों को दान देकर उनकी मदद की। मौके पर कुटरलए विनायकम, सुकांता, सिल्वर राज, राजेश, कैलाश, मदन, मुर्गन, मौशीम, मुथू स्वामी, प्रमोद साहू, प्रभात कुमार आदि ने रक्तदानए अन्नदान व उससे पूर्व भगवद पूजन कार्यक्रम किया।

जय जगन्नाथ ! सज-धज कर निकली सवारी, भगवान पहुंचे मौसी बाड़ी

रथ यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

झरिया। श्रद्धा व पारंपरिक उल्लास के साथ भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। मेन रोड स्थित पंचदेव मंदिर परिसर में सुबह में भगवान गन्नाथ की पूरे विधि-विधान से पूजा की गई । मंदिर के पुजारी विजय पांडेय ने यजमान अजय गुप्ता व सूरज गुप्ता हाथ पूजन-अनुष्ठान संपन्न कराए । भगवान के दर्शन-पूजन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा । दोपहर बाद जगन्नाथ प्रभु, बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र के विग्रहों को रथ पर विराजमान कर रथयात्रा शुरू हुई । रथ को खींचने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ मची रही । भारी संख्या में महिला, पुरुष व बच्चों आस्था की डोर में बंधे रथ को खींचा । रथयात्रा पंचदेव मंदिर से शुरू होकर धर्मशाला रोड, लाल बाजार, लक्ष्मनिया मोड़, बाटा मोड़ होते हुए चार नंबर टैक्सी स्टैंड पहुंची, जहां रथ को तीन दिनों के लिए स्थापित किया गया। इस विशेष अवसर परद चार नंबर टैक्सी स्टैंड में मेले का भी आयोजन किया गया है. यहां तीन दिनों तक भगवान जगन्नाथ समेत तीनों विग्रहों की विशेष पूजा-अर्चना व आरती के बाद भोग लगेगा। चौथे दिन भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र को रथ पर सवार कर वापस पंचदेव मंदिर लाया जाएगा । आयोजन को सफल बनाने में समिति के संयोजक विष्णु त्रिपाठी, अजय गुप्ता, सूरज गुप्ता, विजय पांडेय, हरीश जोशी, राजकुमार अग्रवाल, बलदेव पांडेय,अरिदम बनर्जी, मुक्तेश्वर मिश्रा, मुन्ना पांडेय, संजय केसरी, रामश्रेष्ठ झा, लोकेश गुप्ता, कल्लू गुप्ता, शिवम त्रिपाठी, सदाशिव केसरी, डोल केसरी आदि का योगदान रहा।



बोकारो में निकली रथयात्रा

बोकारो। स्थानीय सेक्टर 4 श्री जगन्नाथ मंदिर में पूजन कार्यक्रम के पश्चात बीएसएल के ईडी वर्क्स बीके तिवारी द्वारा श्री जगन्नाथ जी के रथ का छेरा पन्हारा किया गया। तत्पश्चात जगन्नाथ रथ यात्रा अंबेडकर चौक बीजीएच के सामने गांधी चौक पत्थरकट्टा चौक सेक्टर सेवन होते हुए राम मंदिर पहुंची जहां भगवान की आरती की गयी। पूरे रास्ते में रथ खींचने वाले श्रद्धालुओं के सेवार्थ विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने शरबत पेय जल व अल्पाहार का स्टाल लगाया और पूरी लगन से सेवा देते रहे। 27 जून तक भगवान का पूजन एवं श्रद्धालुओं हेतु दर्शन उनके मौसी बाड़ी राम मंदिर प्रांगण में ही होगा।

चिरकुंडा : झांकी के साथ निकली जगन्नाथ महाप्रभु की रथयात्रा

चिरकुंडा। कुमारधुबी केंद्रीय उत्कल समाज 4 नंबर ओड़िया धौड़ा कुमारधुबि, श्री श्री जगन्नाथ महाप्रभु के महापर्व रथ यात्रा का इस वर्ष 70 वां वर्षगांठ के उपलक्ष्य रथ यात्रा की शुरूआत 4 नंबर ओड़िया धौड़ा स्थित जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में राजीव कपाही के सुपुत्र पुष्कर कपाही एवं मधु सिंह ने पूजा अर्चना के साथ किया जिसके पश्चात रथ को भ्रमण कराते हुए बगांधौड़ा, एमबीई, केएमसीएल, काली धौड़ा, गाड़ीखाना कुमारधुबि ओपी, बाजार मोड़, नीचे धौड़ा से होते हुए छाईगदा पर बने मौसी बाड़ी में प्रवेश कराया गया कराया गया। इस मौके पर उत्कल युवक समिति गाड़ी खाना के द्वारा अध्यक्ष श्री निरंजन बाग एवं सचिव श्री सदानंद सेनापति अपने सभी सामाजिक कार्यकर्ता के साथ भोग एवं शरबत का वितरण किया गया। रथ यात्रा पर केंद्रीय उत्कल समाज के द्वारा भक्तिमय हरी कीर्तन के साथ ओड़िशा सरकार के ओड़िया भाषा साहित्य एवं संस्कृतिक विभाग भुवनेश्वर द्वारा चयनित पशुमुख सांस्कृतिक समूह द्वारा मनमोहक झलकियां प्रदर्शित की गईं।

cmpdi
सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाइन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
(कोल इण्डिया की एक अनुषंगी ईकाई)
गोंदवाना प्लेस, काँके रोड, राँची–834031, झारखंड, भारत
सूचना
"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएं कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

एक नजर में

डीपीएस बोकारो में उन्मुखीकरण कार्यक्रम

बोकारो। डीपीएस बोकारो में 11वीं कक्षा के नव .नामांकित विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए आयोजित उन्मुखीकरण कार्यक्रम में विद्यार्थियों व अभिभावकों को स्कूल के नियम.कायदे तथा बच्चों के सही मार्गदर्शन में सहायक बनने संबंधी बातें बताई गई। प्राचार्य डॉ गंगवार ने कहा कि 11वीं से बच्चों के सपनों और उनके ऐच्छिक करियर को नई उड़ान मिलती है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों पर कड़ी निगरानी रखने, शिक्षकों से नियमित संपर्क में रहने और पीरियोडिक टेस्ट में उनके प्रदर्शन की मॉनिटरिंग करने की अपील की। तिथि वक्ता के रूप में उपस्थित झारखंड के प्रसिद्ध कैरियर काउंसलर विकास कुमार ने बोर्ड तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में संतुलन पर चर्चा करते हुए संबंधित संस्थानों में सीट की उपलब्धताए नामांकन एवं रैंकिंग प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। सोशल मीडिया के दुष्परिणामों पर चर्चा करते हुए उन्होंने इसे विद्यार्थियों के लिए कलयुग का राक्षस बताया। कार्यक्रम में यूपीएससी में ऑल इंडिया रैंक 41 लाने वाले डीपीएस बोकारो के पूर्ववर्ती छात्र शुभम कुमार, बीएसएल में उप प्रबंधक आकाश गुप्ता सहित अन्य विद्यार्थियों ने भी अपने अनुभव साझा किए।

अनियंत्रित होकर खेत में गिरी बाइक, एक की मौत, दूसरा घायल

बेरमो/खेतको। बीते रात्री लगभग 10 बजे पेटरवार थाना अंतर्गत खेतको पंचायत के बाईपास रोड़ मे बड़काअहरा सह पुराना कर्बला के समीप दो बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क से लगभग 30 फीट दुर गहरे खेत मे जा गिरा। जिस कारण मौके पर ही एक युवक की मौत हो गई और दुसराा युवक घायल व बेहोश अवस्था में रात भर घटनाा स्थल पर पड़ा रहा। घटना के संबंध में मिर्लीी जानकारी के अनुसार विष्णुगढ़ थाना एंव पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र निवासी राहुल कुमार तुरीए शनि कुमार तुरी अपने चचेरे भाई नारायण तुरी बाइक संख्या पेशन प्रो जेएच 09 फ 8304 से उनका ससुराल चांपीी जोड़ाबांध पहुचा कर लौटने के क्रम में यह हादसाा हुआ।

बोकारो थर्मल : धरना पर बैठे मृतक के परिजनों को टैंकर से रौंदने का प्रयास

बेरमो/बोकारो थर्मल। कुरपनिया मुख्य मार्ग स्थित नूरीनगर के समीप डीवीसी ऐश पौंड के पास रविवार की रात टैंकर के चपेट में आने से धरनार्थी बाल .बाल बच गएण बता दें कि डीवीसी बीटीपीएस के सप्लाई मजदूर कालीचरण महतो की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गईण घटना के बाद मृतक के आश्रित और ग्रामीण मुआवजा और नौकरी की मांग को लेकर शव के साथ सड़क जाम कर धरने पर बैठ गएण जाम स्थल के कुछ दूरी पर एक टैंकर खड़ा थाण रात को अचानक ड्राइवर ने टैंकर को स्टार्ट कर धरना पर बैठे लोगो को रौंदने की कोशिश कीण टैंकर लोगों के बीच से निकलते हुए आगे जाकर ऐश पाइप से टकरा गयाण इस दौरान टैंकर के चपेट में आने से चार बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयींण वहीं अंधेरे का लाभ टैंकर चालक वहां से भाग निकला। इसके बाद प्रबंधन से वाता हुई। इसमें डीजीएम बीजी होलकरए एचआर सुनील महतो, दिवंगत शिक्षा मंत्री के पुत्र अखिलेश महतो उर्फ राजूए पूर्व विधायक प्रतिनिधि टेकलाल चौधरी, थाना प्रभारी शैलेश कुमार चौहानए सुमन कुमारए मुखिया बिजय कुमार रविए दशरथ महतोए सांसद प्रतिनिधि दीप्पू अग्रवालए जितेंद्र यादवए जालेश्वर महतोए गंगाराम महतोए किंग कोबरा के सुप्रीमो श्याम सुंदर महतोए पूर्व जिप सदस्य टिकैत कुमार महतोए प्रखंडध्यक्ष मंजूर आलमए उपाध्यक्ष अजय कुमार मंडलए हरि महतोए मिथिलेश महतोए रीतलाल महतोए गणेश रामए नवीन कुमार पाठकए किशोर कुमार महतोए जागेश्वर महतो व अन्य शामिल थे।

बोकारो : न्याय सदन सभागार में डीएलएमसी की बैठक में चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। न्याय सदन सभागार में पीडीजे कुमारी रंजना अस्थाना की अध्यक्षता में डीएलएमसी की बैठक हुई। मौके पर वरीय पदाधिकारीगण एवं बार एसोसिएशन सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कुमारी रंजना अस्थाना ने भवन प्रमंडल विभाग के सहायक अभियंता से जिले में चाइल्ड फ्रेंडली कोर्ट निर्माण के संबंध में पूर्व से संचालित कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने को कहा। पुलिस को विभिन्न मामलों के आरोपियों की पेशी एवं केस डायरी न्यायालय के समक्ष ससमय सुनिश्चित करने को कहा। सिविल सर्जन को पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामलों के पीड़ितों की जांचए स्वास्थ्य सुविधा के लिए सदर अस्पताल बोकारो एवं तेनुघाट स्थित अस्पताल में स्थान आवंटित करते हुए विशेष चिकित्सकों की टीम प्रतिनियुक्त करने को कहा गया। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर चर्चा की और जरूरी दिशा.निर्देश दिया गया। मौके पर विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

झरिया : लाभार्थी सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब

खबर मन्त्र संवाददाता

झरिया । मंगलवार को झरिया विधानसभा के भागा मंडल अंतर्गत अनिल टॉकीज विवाह भवन में लाभार्थी सम्मेलन भाजपा भागा मंडल अध्यक्ष सुजीत सिन्हा की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वर्णिम 9 वर्षों के कार्यकाल में किए गए कार्यों की चर्चा विस्तार पूर्वक की। कार्यक्रम की प्रभारी सह निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष में किए गए कार्यों को विस्तार पूर्वक रखा ।वहीं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने लाभार्थियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए जा रहे योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का आग्रह किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से धनबाद के पूर्व महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल , भाजपा धनबाद महानगर जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ,प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजकुमार अग्रवाल, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह, जिलाध्यक्ष हरी प्रकाश लाटा, एससी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष ध्रुव हरी ने संबोधित किया।

सभा में थे मौजूद

मौके पर मानस प्रसून, सुमन अग्रवाल, पूनम देवी, प्रियंका देवी, अभिषेक पाण्डेय, संतोष शर्मा, राजा राम पासवान, राजकिशोर जैना, मनोज प्रसाद आदि मंचासीन थे ।वहीं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में दिलीप भारती, अखिलेश सिंह, रोहित बिंद, विशाल श्रीवास्तव, छोटू सिंह, शशिकांत निराला, दिलीप आडवाणी, सुषमा देवी, मयूरी द्विवेदी, संतोष सिंह, योगेन्द्र यादव,सतदेव सिंह, उपेन्द्र विश्वकर्मा, स्वरूप भट्टाचार्य, राम यादव, चीकू महतो, इंद्रजीत सिंह, अरविंद यादव, संजय यादव, रजनीश साव, गणेश साव मौजूद थे।

जीजीइएसटी के विद्यार्थियों का औद्योगिक भ्रमण

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसायटीज टेक्निकल कैंपस बोकारो से हैकाथॉन के लिए चयनित 29 छात्र.छात्राओं ने ईएसएल वेदांता का औद्योगिक भ्रमण किया। वहां उन्होंने प्रॉब्लम सॉल्विंगए पार्टिसिपेटिव लर्निंग, नवाचार विचार आदि के बारे में जानकारी पाई और अभ्यास किए। कॉलेज के निदेशक डॉ प्रियदर्शी जरूहार ने बताया कि प्रोण दयाशंकर दिवाकर प्रो भास्करानंद के समन्वयन में यह पहल कॉलेज के इंस्टिट्यूट इनोवेशन काउंसिल द्वारा कार्यान्वित हुई है। प्रोण सुषमा कुमारी ने छात्रों की टीम का नेतृत्व किया। ईएसएल वेदांता के अधिकारी चीफ डिजिटल ऑफिसर नीलिमा शर्मा, चीफ एचआर ऑफिसर खिरोद कुमार बारीकए लीड एल एंड डीएचआर करुणा वार्ष्णेय आशुतोष सिंह, अनुपम झा, अबीर चौधरी ने विशेष सहयोग दिया। छात्रा पल्लवी कुमारी ने प्रदूषण संबंधित सुझाव दिये।

राशन कार्डधारियों के आयुष्मान कार्ड बनाने में लायें तेजी

बोकारो/पेटरवार। पेटरवार प्रखंड सभागार में सहियाओं के बीच आयुष्मान कार्ड निर्माण के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। मौके पर डीडीसी कीर्ति श्री जीण ने सहियाओं को आयुष्मान कार्ड निर्माण में गति लाने को कहा। कहा कि जिला प्रशासन ने 16 जून से 30 जून तक सभी पंचायत सचिवालयों व भवनों में राशन कार्डधारियों को आयुष्मान कार्ड निर्माण का अभियान शुरू किया है। इस अभियान के सफल आयोजन में सहियाओं की भूमिका अहम है। बीडीओ पेटरवार शैलेंद्र कुमार चौरसिया ने भी सहियाओं को संबोधित कर अभियान को सफल बनाने में वीएलईए जविप्र दुकानदारों आदि का सहयोग करने को कहा। उल्लेखनीय है कि जिले के सभी प्रखंडों में सोमवार को सहियाओं को प्रखंडों के मास्टर ट्रेनरों द्वारा आयुष्मान एप का प्रशिक्षण दिया गया।

कोयलांचल पत्रकार संघ के शिविर में 250 लोगों के स्वास्थ्य की जांच

झरिया। कोयलांचल पत्रकार संघ के केन्द्रीय कार्यालय शालीमार में कोयलांचल पत्रकार कल्याण समिति तथा कोयलांचल पत्रकार संघ के संयुक्त तत्वाधान में असर्फी अस्पताल के सौजन्य से स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन समिति के संस्थापक सह संघ के अध्यक्ष मो मुख्तार अहमद ने किया। शिविर में विभिन्न तरह के 250 मरीजों का स्वास्थ्य जाँच किया गया। जाँच में आँख, ईसीजी, बीपी, शुगर, वजन आदि का जाँच किया गया। असर्फी अस्पताल के चिकित्सको में गौसिया निगार, विश्वजीत मंडल, ज्योति मुर्मू, सुजाता, मोनालिसा, साजिद अंसारी, मार्केटिंग शेख रउफ, सूरज मिश्रा थे। शिविर में जाँच के लिए जोड़ापोखर, भागा, फुसबंगला, जामाडोबा, शालीमार, डिगवाडीह, जेलगोरा आदि क्षेत्र के मरीज सुबह से जाँच के लिए भीड़ लगाए हुए थे। शिविर को सफल बनाने में अध्यक्ष मुख्तार अहमद, कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य सिंह , महामंत्री राहुल मिश्रा ,सचिव अरुण कुमार , सुनील सिंह, संजय पाण्डेय , गणेश तिवारी, समीम हुसैन, आलम अंसारी, कार्तिक वर्मा, मो अरमान, साधु सिन्हा, गुलजार आलम, शिवनाथ पांडेय, आशीष घोष, काजल राय, मनोज यादव, सचिन सिंह, सन्नी शर्मा मौजूद थे।

योग को लेकर निकली जागरूकता रैली

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। मंगलवार को 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर सिंफर फुटबाल ग्राउंड में जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी की देखरेख मे पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान दर्जनों लोगों ने पूर्वाभ्यास में हिस्सा लिया। इस अभ्यास क्रम में ग्रीवा चालन, स्कंध चालन, अर्ध चक्रासन, उत्तानपाद शशक आसन, भुजंगासन, मकरासन, पवनमुक्तासन आदि का अभ्यास कराया गया। प्राणायाम की श्रृंखला में कपालभाति, शीतली एवं भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। पूर्वाभ्यास के बाद जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रभारी जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा सयुंक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर बी एस एस बालिका विद्यालय से योग जागरूकता रैली निकाली गई। इस जागरूकता रैली में स्कूल की बालिका द्वारा लोगों से योग करने को लेकर प्रेरित किया गया। इस दौरान जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि विश्व योगा दिवस को सफल बनाना है। सभी लोग योग दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रतिभाग करें। साथ ही योग करके निरोगी बनें। उन्होंने कहा कि योग करने से लोगों का शरीर स्वस्थ रहता है। उन्हें गंभीर बीमारियों से निजात मिलती है।

सीओ बाघमारा के हस्तक्षेप के बाद आंदोलन समाप्त

खबर मन्त्र संवाददाता

बाघमारा। मंगलवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत जनता दल यूनाइटेड के बैनर तले जदयू नदखुरकी पंचायत कमिटी द्वारा बेरोजगारों युवाओं और प्रभावित परिवारों को रोजगार की मांग को लेकर खेमका केरियर आउटसोर्सिंग कंपनी का चक्का जाम सुबह 8:00 बजे से 2:00 बजे तक किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू नदखुरकी पंचायत अध्यक्ष सागर चौहान ने किया । जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीपनारायण सिंह उपस्थित हुए। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दीपनारायण सिंह ने कहा कि कंपनी द्वारा डी जी एम एस एवं पर्यावरण संरक्षण नियमों को ताख पर रखकर उत्खनन का काम कर रही है । यहां स्थानीय युवा धूल फाक रहे हैं और लोग बीमार हो रहे है । परंतु कंपनी यहां के स्थानीय और प्रभावित परिवार के युवाओं को रोजगार नहीं दे रही है।

मौके पर थे मौजूद

मौके पर जदयू जिला महासचिव इंदल सिंह, जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नेता इम्तियाज खान, मोहम्मद मुजाहिद, अजमत अंसारी, प्रकाश नारायण मंडल, गोल्डेन चौहान,सपन दुबे,विनोद सिंह, जमशेद अंसारी, गिरजा चौहान, मुकेश सोनार, भुनेश्वर दास, रवि कांत पांडे, कृष्णा कांत पांडे,सुरज कुमार रवानी, गणेश चौहान, रामाशीष चौहान, खजामुद्दीन अंसारी, मुबारक अंसारी, अकरम अंसारी, सुनील सिंह, रंजीत सिंह, गोपाल सिंह, पिन्टु कुमार सिंह उपस्थित हुए।

योग को लेकर बच्चों को किया प्रेरित, निबंध-पेंटिग प्रतियोगिता हुई

योग दिवस आज

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, क्षेत्रीय कार्यालय, धनबाद के द्वारा योग दिवस की पूर्व संध्या पर प्री पब्लिसिटी कार्यक्रम के तहत पतंजलि योग समिति के सहयोग से आदर्श माध्यमिक विद्या निकेतन मन्दिर उच्च विद्यालय और पतंजलि योग केंद्र में पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। जिसमें स्थानीय स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

प्रतियोगिताओं से पूर्व उच्च विद्यालय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रभारी प्राचार्या श्रीमती सरोज कुमारी ने कहा कि योग विश्व को भारत की एक महान देन है, जिससे हम एक स्वस्थ्य जीवन जी सकते हैं। उन्होंने अपने विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने को प्रोत्साहित किया। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्री ओंकार नाथ पाण्डेय ने प्रतिभागियों को इस वर्ष आयोजित नौवें योग दिवस के विशेष थीम 'योगा फॉर वसुधैव कुटुंबकम' एवं 'हर आंगन योग' के संबंध में जानकारी दी। स्थानीय पतंजलि योग समिति के प्रखण्ड अध्यक्ष श्री अशोक कुमार गुप्ता ने सीबीसी धनबाद के साथ समन्वय में आयोजित होने वाले कल के मुख्य कार्यक्रम पर खुशी जाहिर करते हुए योग के बढ़ते प्रभाव और समाज में उभरी जागरूकता पर खुशी जाहिर की। आज की प्रतियोगिताओं के समन्वय में सीबीसी धनबाद के क्षेत्रीय प्रचार सहायक श्री राजकिशोर पासवान, भूली क्षेत्र के पूर्व स्थानीय पार्षद श्री रंजीत कुमार का सराहनीय योगदान रहा। वहीं स्कूल के शिक्षकों नन्द किशोर, श्वेता कुमारी, सुमित कुमार और धीरेंद्र कुमार यादव ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आज विजयी प्रतिभागी होंगे पुरस्कृत

आदर्श माध्यमिक विद्या निकेतन मन्दिर उच्च विद्यालय और पतंजलि योग केंद्र भूली में आयोजित पेंटिंग, निबंध, योगाभ्यास आदि प्रतियोगिताओं के विजेताओं को 21 जून को प्रातः सीबीसी, धनबाद द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित परिचर्चा सह योगाभ्यास कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा, सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे। इस अवसर पर विभाग से पंजिकृत सांस्कृतिक दल जामताड़ा कला मंच द्वारा योग पर कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी जाएगी। वहीं योग पर आधारित एक रैली भी निकाली जाएगी।

क्या विश्व को योग की जरूरत है?

योगमय विश्व

योग दुनिया को भारत की देन है। दुनिया के 175 देशों के समर्थन के बाद संयुक्त राष्ट्र ने हर साल 21 जून को विश्व योग दिवस मनाने का फैसला किया। इस बार सातवें विश्व योग दिवस को भी कोरोना संकट के चलते वर्चुअली मनाने की कवायद जारी है। संयुक्त राष्ट्र ने इसकी थीम योगा फॉर वेल बीइंग यानी मानवता के कल्याण के लिए योग रखा है। कोरोना संकट ने दुनिया को अहसास कराया है कि योग ने महामारी के दौर में न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक व मनोवैज्ञानिक तौर पर भी भयाक्रांत लोगों को मजबूती दी। इससे कोविड-19 के नकारात्मक प्रभावों तथा अवसाद से उबरने में लोगों को मदद मिली है। संयुक्त राष्ट्र ने भी स्वीकारा है कि महामारी के दौरान योग ने न केवल संक्रमितों को स्वस्थ बनाने में मदद की है बल्कि पृथकवास के दौरान अवसाद से लड़ने की ताकत दी। योग के आठ अंग-यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि इसे संपूर्णता प्रदान करते हैं। जहां यम के पांच प्रकार सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य व अपरिग्रह हमें जीवन में वैचारिक पवित्रता की राह दिखाते हैं, वहीं नियम के पांच प्रकार शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय तथा ईश्वर प्राणिधान व्यक्तिगत मूल्यों की स्थापना में सहायक हैं। सांसों से हम अपने तन-मन को साध सकते हैं। वहीं इंद्रियों के नियमन की प्रक्रिया को प्रत्याहार कहा जाता है। सही मायनो में योग मनुष्य को मानसिक, शारीरिक व आध्यामिक रूप से सशक्त बनाने का साधन है। पतंजलि से लेकर स्वामी योगानंद, स्वामी शिवानंद सहित देश के संतों माध्यम से योग पूरी दुनिया में फैला। आज भी देश के योग गुरु पूरी दुनिया में अपना वैभव स्थापित कर रहें हैं। जिस प्रकार की हिंसक और मातम का माहौल में वैसे योग एक शांति का दूत हैं।

हीट वेव से मौत

यूपी-बिहार और झारखंड में तपिश रिकार्ड तोड़ रही है। मॉनसून दस्तक दे चुका है लेकिन झारखंड समेत देश के कई राज्यों में गर्मी व लू से होने वाली मौतें हमारी गंभीर चिंता का विषय होनी चाहिए। विडंबना यह है कि लगातार बढ़ते तापमान के चलते जहां असहनीय गर्मी से मरने वालों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है वहीं हमारी चिकित्सा सेवाएं उपचार के लिये पर्याप्त नहीं हैं। इसे सीधे तौर पर धरती के लगातार बढ़ते तापमान की परिणति के रूप में देखा जाना चाहिए। यानी कि हमारे दैनिक जीवन में ग्लोबल वार्मिंग का घातक प्रभाव नजर आने लगा है। यह रहस्य की बात है कि उत्तर प्रदेश में चालीस डिग्री से अधिक तापमान के बीच बलिया जनपद में ही सौ से अधिक मौतें हुई हैं। पूरे राज्य व बिहार के आंकड़ों को मिला दें तो चिंताजनक स्थिति सामने आती है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने इसको लेकर एक मीटिंग भी की है। लेकिन इसके बावजूद मौत का आंकड़ा एक खतरनाक संकेत है क्योंकि गर्मी इन मौतों का बड़ा कारण रही है। इसी तरह का संकट बिहार के कई जिलों में देखने को मिला है। निस्संदेह, मौसम की तल्खी से होने वाली मौतों को कम करने के लिये देश में हीट एक्शन प्लान को सुनियोजित ढंग से लागू करने की सख्त जरूरत है। विडंबना यह है कि मौसम की तल्खी का मुख्य शिकार देश का गरीब तबका ही होता है जो शीतलहर, लू व बाढ़ की चपेट में आता है। विशेष रूप से असंगठित क्षेत्र में काम करने वाला श्रमिक वर्ग। बहरहाल, प्रचंड गर्मी से उपजी हीट वेव से बचने के लिये उत्तर प्रदेश व बिहार आदि राज्यों में येलो अलर्ट जारी किया गया है क्योंकि जल्द बारिश के आसार नहीं हैं। गर्मी मॉनसून के आरंभिक दिनों में उमस के रुप में और अधिक गंभीर रोगों को जन्म देता है।

समाज की आधुनिक संरचना में आदमी सड़क के किनारे मोटरकार रेसिंग की तरह बड़ी गति से आगे बढ़ रहा है। जब तक कार ठीक है तब तक खतरनाक नहीं है, लेकिन अगर कार में कुछ गड़बड़ हुई तो स्पीड तबाही मचा देगी। आदमी बहुत तेजी से सोच रहा है, और पर्यावरण, वातावरण और विश्व सभ्यता का सामान्य प्रवृत्ति हम पर एक मजबूर बल प्रदान करता है। हमारा दिमाग पूरी तरह से उनके प्रभाव में है। इसलिए मनुष्य को यह सिखाना आवश्यक हो गया है कि मन के मामलों को कैसे चलाया जाए।

समृद्ध देशों में स्वास्थ्य की अद्भुत समस्याएं हैं। क्यों? समृद्ध देशों में जहां गरीबी नहीं है, जहां सब कुछ आरामदायक है, वहां लोग बिना ड्रग्स के सो नहीं सकते। जब आरामदायक बिस्तर, केंद्र में गर्म कमरे या वातानुकूलित कमरे हो तो नींद में समस्या क्यों होनी चाहिए? अनिद्रा क्यों होनी चाहिए?

हम बहुत अच्छी तरह से समझ सकते हैं कि जिन देशों में लोग गरीबी रेखा के नीचे हैं वहाँ चिंता होनी चाहिए, लेकिन समृद्ध देशों में चिंता क्यों होनी चाहिए? खाने को कुछ नहीं और सामाजिक सुरक्षा नहीं और चिकित्सा सुविधा नहीं तो चिंता का कोई कारण है। लेकिन जब सब कुछ उपलब्ध है: सामाजिक सुरक्षा, स्थापित सामाजिक व्यवस्था, एक सुव्यवस्थित सरकार और अत्यधिक परिष्कृत तकनीकी और चिकित्सा सुविधाएं, तो चिंता का कारण कहाँ है? फिर भी, आंकड़े बताते हैं कि चिंता के अधिक मामले समृद्ध देशों में रिपोर्ट किए जाते हैं, न कि सामान्य गरीबी रेखा के नीचे के लोगों में।

इसका मतलब है कि समस्या का न्यूक्लियस मानव मन है। एक मन जो ठीक से सोच सकता है, जिसका अपना एक दर्शन हो और जो जीवन की विभिन्न परिस्थितियों में संतुलन बनाने में सक्षम हो, वह चिंताओं, तनाव और दबावों का सामना कर सकता है। योग आश्रम की परियोजना शुरू करने का उद्देश्य एक आधार बनाना और ऐसी सुविधाएं देना है जहां मनुष्य मन, शरीर और स्वयं के बारे में कुछ अधिक जान सके।

पिछले तीन सौ वर्षों में हमने औद्योगिक क्रांति से गुजर लिया है। लगता है अपनी अशिष्ट गतिविधियों में इंसान खुद को भूल गया है। त्रासदी यह है कि केंद्र भूल गया है और परिधि शेष है। मनुष्य सभ्यता का केंद्र है; सभ्यता मनुष्य का केंद्र नहीं हो सकती। संस्कृति केंद्र नहीं परिधि है, समाज केंद्र नहीं परिधि है। मनुष्य केंद्र है क्योंकि उसने परिधि बनाई है। मैं केंद्र हूँ और मैं न्यूक्लियस हूँ, तुम न्यूक्लियस हो। इन पिछले सदियों में, मनुष्य ने शरीर और मन पर शासन करने वाले कानूनों की उपेक्षा की है। तन-मन जटिल के लिए एक ऐसी स्थिति पैदा नहीं कर पाया है।एक समय था जब योग का विज्ञान पूरी दुनिया में लोकप्रिय और प्रसिद्ध था। इतिहास में यह है कि लैटिन अमेरिकी देशों में, फ्रांस के दक्षिण में, इटली और ग्रीस में, मध्य पूर्व और अफगानिस्तान में, भारत और भारत के पूर्व से जापान में, कई ऐसे थे जिन्होंने योग विज्ञान का अनुसरण किया।

- स्वामी सत्यानंद

> एक समय था जब योग का विज्ञान पूरी दुनिया में लोकप्रिय और प्रसिद्ध था। इतिहास में यह है कि लैटिन अमेरिकी देशों में, फ्रांस के दक्षिण में, इटली और ग्रीस में, मध्य पूर्व और अफगानिस्तान में, भारत और भारत के पूर्व से जापान में, कई ऐसे थे जिन्होंने योग विज्ञान का अनुसरण किया।कभी–कभी लोग भ्रमित होते हैं कि योग आधुनिक पश्चिमी समाज की भौतिकवादी संरचना में कैसे फिट हो सकता है।

कभी-कभी लोग भ्रमित होते हैं कि योग आधुनिक पश्चिमी समाज की भौतिकवादी संरचना में कैसे फिट हो सकता है। फिर ऐसे लोग भी हैं जो पूछते हैं कि योग कैसे आसीडेंटल समाज की संरचना में फिट हो सकता है। आप धार्मिक हो सकते हैं या मौलिक, भौतिकवादी हो या आध्यात्मिक, हिंदू हो या मुस्लिम, ईसाई हो या बौद्ध, लेकिन आप पहले एक इंसान हैं और बाकी सब कुछ आगे। तन है और मन है, तन और मन के नियम एक समान हैं। ईसाई को ईसाई क्रोध नहीं होता और हिन्दू को हिन्दू क्रोध नहीं होता। जुनून कोई ईसाई जुनून नहीं है, हिंदू जुनून या मुस्लिम जुनून है। चिंता एक जैसी है। चिंता भी वही है और अवसाद भी वही है, न्यूरोसिस भी वही है। कारण भी एक ही हैं और लक्षण भी एक ही हैं।

यदि एक मूल या एक धार्मिक, एक हिंदू, एक मुस्लिम या एक ईसाई अपनी आजीविका खो देते तो क्या वे अलग प्रतिक्रिया करेंगे? न. धन का नुकसान, संतान का नुकसान, पति या पत्नी का नुकसान, मित्र का नुकसान, या इन लोगों की उपलब्धि और परिस्थितियां क्रमशः सुख और सुख पैदा करती हैं। कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कहाँ से आए हैं, आप यूनानी हो सकते हैं, मैं भारतीय हो सकता हूँ, और अगर मुझे एक लाख डॉलर मिले तो मैं दुखी नहीं होगा और अगर आपको एक लाख डॉलर मिले तो आप दुखी नहीं होंगे। यह दर्द और खुशी के प्रति मन की स्वाभाविक प्रतिक्रिया है, आकर्षण और निराशा के प्रति, न्यूरोसिस और मनोविज्ञान के प्रति।

इसलिए, योग का मौलिक या मौसमी संस्कृति से कोई संबंध नहीं है, न ही हिंदू, ईसाई और मुस्लिम संस्कृति से, भारतीय, यूनानी या यूरोपीय, अमीर या गरीब, या पुरुषों या महिलाओं से। इसका मूल रूप से प्राकृतिक मानव से संबंध है, जिसके पास एक मन और एक आत्मा है। योग मानव जाति की समग्रता की संस्कृति है।जब मैं दो साल पहले रूस में था, तो मेरे साथ यात्रा करने वाले यात्रियों में से एक ने पूछा, मुझे योग की जरूरत है? मैंने कहा, क्या आप कभी दुखी महसूस करते हैं? उसने कहा, रहाँ, अक्सर। मैंने कहा, निश्चित रूप से, आप तो करते हैं। उसने नहीं पूछा, क्या मुझे हिंदुत्व की जरूरत है? अगर वो कहते तो मैं कह देता, नहीं. वो पूछ सकता था, स्वामी सत्यानंद, क्या मैं हिन्दू बन जाऊं? मैंने कहा होता, नहीं लेकिन उसने पूछा, क्या मुझे योग की जरूरत है? योग धर्म, संस्कृति, यौन और राजनीतिक विचारधाराओं की बाधाओं को पार करता है। तो मैंने कहा, हाँ।

(बिहार स्कूल ऑफ योग मुगेंर रिखिया आश्रम देवघर)

खास बात

योग से सेहतमंद होगा भारत

प्रभुनाथ शुक्ल

भगवान कृष्ण ने गीता में कहा है- योगः कर्मसु कौशलम यानी हमारे कर्मों में सर्वश्रेष्ठ योग है। योग यज्ञ है और यज्ञ कर्म है। योग जीवात्मा और परमेश्वर के मिलन का साधन मात्र ही नहीं बल्कि ईश साधना का भी साध्य भी है। योगेश्वर भगवान कृष्ण ने योग को सर्वोपरि बताया है। उन्होंने कहा है कि ह्रयोगस्थः कुरु कर्माणिह्न इसका तात्पर्य है कि योग में स्थिर होकर ही सद्चित कर्म संभव है। गीता का छठवां अध्याय योग को समर्पित है। योग हमारा आध्यात्मिक और वैज्ञानिक ज्ञान है। योग की सार्थकता को दुनिया के कई धर्मों ने स्वीकार किया है।

योग सिर्फ व्यायाम का नाम नहीं है बल्कि मन, मस्तिष्क, शारीरिक और विकारों को नियंत्रित करने का माध्यम भी है। जब समाज अच्छा होगा तो देश की प्रगति में हमारा अहम योगदान होगा। आज पूरी दुनिया योग और प्राणायाम की तरफ बढ़ रही है। योग भारत के लिए आने वाले दिनों में बड़ा बाजार साबित हो सकता है। विश्व के लगभग 200 से अधिक देश भारत की इस गौरवशाली वैदिक परंपरा का अनुसरण कर रहे हैं। योग को अब वैश्विक मान्यता मिल गई है। कोरोना संक्रमण काल में भी योग हमारे लिए संजीवनी साबित हो रहा है। हम योग को अपना कर इस महामारी में भी अपने स्वस्थ रख सकते हैं।

भारत में योग की परंपरा 5000 हजार साल पुरानी है। 11 दिसम्बर, 2014 को इसका प्रस्ताव भारत ने संयुक्त राष्ट्र में दिया था। अमेरिका और यूरोप समेत दुनिया के 177 देशों ने भारत के पक्ष में वोट किया था, जिसके बाद भारत दुनिया का विश्वगुरु बन गया। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 90 दिनों के भीतर प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्ताव को मंजूर किया।

हम योग के 21 आसनों को अपनाकर अपनी जिंदगी को सुखी, शांत और निरोगी बनाकर खुशहाल जीवन जी सकते हैं। जब हम तन और मन से स्वस्थ रहेंगे तो राष्ट्र निर्माण और उसके विकास में अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं।

योगगुरु बाबा रामदेव योग को वैश्विक मान्यता मिलने पर इसे भारत की जीत बताया था।

योग एक अनुभव

विचार-प्रवाह

डॉ संजय द्विवेदी

भारतीय ज्ञान परंपरा में योग एक अद्भुत अनुभव है। योग भारतीय ज्ञान का एक ऐसा वरदान है, जिससे मनुष्य की चेतना को वैश्विक चेतना से जुड़ने का अवसर मिलता है। वह स्वयं को जानता है और अपने परिवेश के साथ एकाकार होता है। विश्व योग दिवस, 21 जून के बहाने भारत को विश्व से जुड़ने और अपनी एक पहचान का मौका मिला है।

दुनिया के तमाम देश जब योग के बहाने भारत के साथ जुड़ते हैं तो उन्हें भारतबोध होता है, वे एक ऐसी संस्कृति के प्रति आकर्षित होते हैं जो वैश्विक शांति और सद्भाव की प्रचारक है। कोरोना संकट के बहाने एक बार फिर हमें हमारी जड़ों की ओर लौटने का विमर्श चर्चा में है। हाथ जोड़कर नमस्कार करने से लेकर योग और प्राणायाम के साथ ही संतुलित दिनचर्या का महत्त्व समझ में आया। प्रकृति से संवाद करते हुए जीवन जीने की सार्थकता भी प्रकट हुई।

योग दरअसल भारत की शान है, योग करते हुए हम सिर्फ स्वास्थ्य का विचार नहीं करते बल्कि मन का भी विचार करते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने विश्व योग दिवस को मान्यता देकर भारत के एक अद्भुत ज्ञान का लोकव्यापीकरण और अंतराष्ट्रीयकरण करने में बड़ी भूमिका निभाई है। इसके लिए 21 जून का चयन इसलिए किया गया क्योंकि इस दिन सबसे बड़ा दिन होता है।

योग कोई धार्मिक कर्मकाण्ड नहीं है, यह मन और जीवन को स्वस्थ रखने का विज्ञान है। यह पूर्णतः वैज्ञानिक पद्धति है, जिससे व्यक्ति की जीवंतता बनी रहती है। भारत सरकार के प्रयासों के चलते योग अब एक जनांदोलन बन गया है।

मेरे व्यक्तिगत जीवन में योग ने न केवल शारीरिक रूप से मुझे संतुलित रखा है।बल्कि मुझे हर स्थिति से जूझने का मानसिक बल भी दिया है। आप सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ। विश्व को भारत की ये भेंट अद्वितीय है। जय हिंद

– अनुपम खेर, अभिनेता

आपके ट्वीट

रांची में पवित्र जगन्नाथ रथयात्रा में शामिल होने का परम सौभाग्य मिला। भगवान जगन्नाथ आप सभी को स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रखें, यही कामना करता हूँ। इस शुभ अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएँ और जोहार।
जय जगन्नाथ! **– हेमंत सोरेन**

योग हमें स्ट्रेस से स्ट्रेंथ और निगेटिविटी से क्रिएटिविटी का रास्ता दिखाता है।

योग हमें अवसाद से उमंग और प्रमाद से प्रसाद तक ले जाता है।

– नरेन्द्र मोदी

कार्टून वर्ल्ड

योग दिवस पर विशेष ...

साभार: बीबीसी वर्ल्ड सर्विस

मानव जीवन में योग का महत्व और योगयुक्त जीवन

योगाचार्य महेश पाल

वर्तमान समय में स्वास्थमय जीवन जीने की पद्धति का नाम योग है बदलती दैनिक दिनचर्या, भोजन में आए बदलाव एवं लगातार कंप्यूटर, सेल फोन, सोशल मीडिया,आदि के उपयोग के कारण दिन-प्रतिदिन हमारे अंदर विभिन्न प्रकार के रोग जन्म ले रहे हैं जिनके कारण बच्चे चिड़चिड़ेपन का शिकार होते जा रहे हैं, युवा नसे के साथ साथ मानसिक तनाव, अवसाद मोटापा, हृदय रोग, अनियंत्रित शारीरिक विकास जैसी समस्याओं से ग्रस्त होते जा रहे हैं।

वहीं महिलाओं में मोटापा, थायराइड, पीसीओडी, डायबिटीज, बीपी जैसे गंभीर रोगों से ग्रस्त होती जा रही है, ऐसी स्थिति में योग हमारे जीवन में लगभग सभी प्रकार के रोगों से बचाव करता ओर हमे पूर्ण रुप से शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखता है और अध्यात्म की ओर आगे बढ़ने में मदद करता है हठ यौगिक ग्रंथ घेरंड संहिता के अनुसार हमारे शरीर में षट्कर्म शोधन का कार्य करता है आसान से दृढ़ता (मजबूती) आती हैं, मुद्रा से स्थिरता, प्रत्याहार से धैर्यता, प्राणायाम से लघुता / हल्कापन प्राण ऊर्जा को बढ़ाया जाता है।

ध्यान परमात्मा से प्रत्यक्षीकरण/ साक्षात्कार कराने का साधन है समाधि से निर्लिप्तता/अनासक्त अवस्था प्राप्त हो जाती है और योगमय जीवन जीने से जीवन का सम्पूर्ण उद्देश्य पूरा हो जाता हैं, जैसा की हम सब जानते हैं इस बार 21 जून को भारत ही नहीं वल्कि संपूर्ण विश्व 9वा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने जा रहा है, प्रतिवर्ष 21 जून का यह दिन वर्ष का सबसे लम्बा दिन होता है और योग भी मनुष्य को दीघार्यु प्रदान करता है।

योग दर्शन

पहली बार यह दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया, जिसकी पहल भारत के पीएम नरेन्द्र मोदी ने 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने भाषण से की थी जिसमें उन्होंने कहा था कि यह दिमाग और शरीर की एकता का प्रतीक है; मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य है; विचार, संयम और पूर्ति प्रदान करने वाला है तथा स्वास्थ्य और भलाई के लिए एक समग्र दृष्टिकोण को भी प्रदान करने वाला है। यह व्यायाम के बारे में नहीं है, लेकिन अपने भीतर एकता की भावना, दुनिया और प्रकृति की खोज के विषय में है। हमारी बदलती जीवन- शैली में यह चेतना बनकर, हमें जलवायु परिवर्तन से निपटने में मदद कर सकता है। प्रधानमन्त्री मोदी जी के इस प्रस्ताव को 90 दिन के अन्दर पूर्ण बहुमत से पारित किया गया, जो संयुक्त राष्ट्र संघ में किसी दिवस प्रस्ताव के लिए सबसे कम समय का रहा इस वार 9वे अंतराष्ट्रीय योग दिवस 2023 की थीम 'वसुधैव कुटुंबकम के लिए योग' वसुधैव कुटुंबकम का अर्थ है- धरती ही परिवार है। इस थीम से तात्पर्य धरती पर सभी लोगों के स्वास्थ्य के लिए योग की उपयोगिता से है में बस इतना ही कहना चाहूंगा कि योग को दैनिक दिनचर्या मैं सामिल करें और स्वयं को स्वस्थ बनाए अपने परिवार को स्वस्थ रखें और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभायें। **(लेखक पतंजलि जिला युवा प्रभारी और विमुक्त घुमंतू अर्ध घुमंतू महासंघ इंदौर संभाग प्रभारी हैं।)**

स्वच्छंद व्यवहार का योग से हठी मन पर नियंत्रण

सुधांशु कुमार

रचनात्मक-उत्पादक कार्य में व्यस्त रहे जो समाज व व्यक्ति के हित में हो। आप किसी की इच्छाओं का दमन नहीं कर सकते। डिक्टेटरशिप से समाज कुंठित होगा। आप खुद को कर्मशील बनाएं। तो फिर ऐसी स्थिति में बारिश तो हो रही होगी, लेकिन कीचड़ न बनेगा। यही बारिश का पानी जीवनदायी जल बन जाता है। वैसे भी काम वासनाओं के अतिरेक से मनुष्य की तृप्ति नहीं हो सकती। लिप्साओं का कोई अंत नहीं है। कुछ समय बाद हृदय फिर चंचल हो जाता है। ये ही कृत्य समाज पर बोझ बन जाते हैं।

सकारात्मकता की दवा

दरअसल, बाजार संचालित इंटरनेट सोशल मीडिया वही सब परोसता है,जिसमे लोग रुचि दिखाते हैं। चिरकाल से यह समस्या समाज में विद्यमान है। यहां तक कि ऋषि-मुनि, सिद्ध व देवों के बहकने की तमाम कहानियां व वृत्तांत हैं। हमें जीवन को ऐसी स्थिति में रहते हुए भी पॉजिटिव बनाना होगा। समस्या की जड़ पर प्रहार करें न सिर्फ पत्तों पर। माना शरीर में बुखार है तो गर्म त्वचा पर पानी डालने से ताप न जाएगा। समस्या के जड़ से निवारण के लिये दवा लेनी होगी। गीता में कृष्ण जी कहते हैं कि एक सुंदर अभ्यास वैराग्य जैसी शक्ति दे सकता है। मनुष्य का चित्त हर प्रकार की लिप्साओं में पूरी तरह से लीन हो सकता। किसी इच्छा से उसको हटाने के लिये बड़ी इच्छा दिखानी होगा। जैसे व्यक्ति भगवान की पूजा कुछ बड़ा पाने के लिये करता है।

योग ज्ञान

विवेक और विकल्प

निस्संदेह, अश्लीलता से जगत का चाव स्वाभाविक मानवीय वृत्ति है। इससे किसी को हटाना है तो उस कार्य में लगाना होगा जो इससे अधिक चाव या सुख देता हो। जहां तक बच्चों का प्रश्न है तो मार्गदर्शन से बच्चा धीरे-धीरे परिपक्व होगा। उसकी प्राथमिकता बनेगी कि कौन सी इच्छा को पूर्ण करना है। समाज में संतुलन की जरूरत है। बच्चों को एक बार मना करेंगे तो वो दस बार करेगा, उसमें सही-बुरे का बोध पैदा करना होगा। समस्या के समाधान के लिए योग-ध्यान को और गहरा बनाना होगा। बच्चे खूब मेहनत करें। खुद को हरदम व्यस्त रखें। बच्चे खूब खेलों में भाग लें। परिवार के साथ समय बिताएं। प्रेरक बातें करें। स्थिति पर धीरे-धीरे नियंत्रण होगा

समाधान के उपाय

जहां तक इंटरनेट में खुलेपन की बात है तो इसे तब तक स्वीकारें जब तक वो समाज को चोट न पहुंचाए। समस्या के समाधान के लिए सोशल मीडिया व टीवी पर अच्छी सामग्री लाएं। समाधान कंट्रोल में नहीं, अच्छा कंटेंट लाने में है। जरूरत है कि अच्छा संगीत बनाएं। अच्छी कहानी पर कार्यक्रम बनाएं। जो भोग कर रहा है उसे खुद का नुकसान नजर नहीं आता। जब टीवी पर रामायण आई तो पूरे भारत ने आनन्द लिया। सब काम छोड़कर टीवी पर बैठे। अच्छा कंटेंट चित्त को लुभाता है। जन्म से कोई राक्षस नहीं होता। परवरिश महत्वपूर्ण होती है। बताना जरूरी है कि वे चित्त व समय का नुकसान कर रहे हैं। सवाल ये है कि उन्हें कैसा भोजन दे रहे हैं। युवाओं को बताएं कि सार्वजनिक जीवन में व्यवहार मर्यादित होना चाहिए। परिवार संस्था की गरिमा बनी रहे। वैवाहिक संस्था व सामाजिक मूल्यों को चैलेंज की घटनाएं चिर काल से हैं। सरकार जन कल्याण के लिये बहुत कुछ करती है।

लेकिन समाज में अशांति फैलाने वाले लोगों के लिये जेल भी बनाती है। दुनिया में आठ बिलियन आदमी रहते हैं फिर भी पृथ्वी शांत रहती है। हम सोशल मीडिया डिटॉक्स करते रहें तो यही धरती स्वर्ग लगेगी।

लेटर टू एडिटर

गलत भाषा

हाल ही के दिनों में देश के चुनावी अभियानों में राजनेताओं की अमर्यादित भाषा बेचैन करने वाली है। किसी भी सभ्य समाज में हर जिम्मेदार नागरिक से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अपनी वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखेगा। नेताओं के शब्दों की अमयार्दा और अशालीनता आजादी के सात दशक बाद भी लोकतंत्र की अपरिपक्वता को ही दशार्ता है। **– पूनम, रांची**

स्वच्छ एनर्जी

स्वतंत्र पम्प स्टोरेज परियोजना बनाएं जैसा बताया गया है। इन परियोजनाओं को नदी के पाट से अलग बनाया जा सकता है। किसी भी पहाड़ के ऊपर और नीचे उपयुक्त स्थान देख कर दो तालाब बनाये जा सकते हैं। ऐसा करने से नदी के बहाव में व्यवधान पैदा नहीं होगा। एनर्जी के लिये बेहतर सोच के साथ आगे जाने की आवश्यकता है। निश्चित तौर देश का हित इसी में है। **– रविशंकर सिंह, खूंटी**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

मारवाड़ी युवा मंच के ब्लड डोनेशन कैंप में 70 लोगों ने किया रक्तदान

रामगढ़। मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ शाखा ने मंगलवार को गोला रोड में स्थित मारवाड़ी धर्मशाला के सभागार में ब्लड डोनेट कैंप लगाया। सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने ब्लड डोनेट कैंप का दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से उद्घाटन किया। डॉ प्रभात कुमार ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच पूरे देश में बढ़-चढ़कर समाज सेवा के क्षेत्र में काम करता है। मैं पहले दुमका में भी मारवाड़ी युवा मंच के इस प्रकार के कार्यों को देख चुका हूं। उन्होंने कहा कि रक्तदान कर लोगों का जान बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को बढ़-चढ़कर रक्तदान करना चाहिए। ताकि किसी जरूरतमंद व्यक्ति को उनका रक्त काम आ सके।मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ शाखा के अध्यक्ष निलिंद अग्रवाल ने कहा कि अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच पूरे देश में 11 से 25 जून तक रक्तदान शिविर का आयोजन कर रहा है। उसी के तहत आज मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ शाखा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें लगभग 70 लोगों ने रक्तदान किया है। मौके पर मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ शाखा के आशीष अग्रवाल, श्रीजय मेवाड़, अमन बोदिया,अमित अग्रवाल,आशीष निमानी, लोकेश बगड़िया, अरुण बगड़िया, वरुण बगड़िया,नरेश अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, रिशु अग्रवाल,राहुल बोदिया,,प्रतीक पोद्दार,हिमांशु बजाज, नितेश बरेलिया उपस्थित थे।

अभ्युदय कोचिंग इंस्टीच्यूट खुला

रामगढ़। रांची रोड स्थित वृंदावन हॉस्पिटल के निकट 20 जून को अयोध्या कॉम्प्लेक्स में नवस्थापित कोचिंग सेंटर अभ्युदय का शुभारंभ उमेश प्रसाद द्वारा श्री सत्यनारायण भगवान का पूजन धार्मिक अनुष्ठान से कर किया। उन्होंने कहा कि रांची रोड में अच्छी कोचिंग इंस्टीट्यूट नहीं होने से आस पास के कॉलोनी में पढ़ने वाले बच्चों को दूर जाने की मजबूरी होती है । अभिवावकों के मांग पर मैंने अयोध्या कॉम्प्लेक्स में अभ्युदय कोचिंग इंस्टीट्यूट की नींव रखी। आज यह यात्रा के पावन अवसर पर विधिवत पूजन कर एक नये शिक्षण केन्द्र की नींव रखी। यहां कक्षा सात से कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थियों की अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन मिलने के साथ साथ अन्य प्रतियोगिता परीक्षा का भी विषयवार शिक्षकों के मार्गदर्शन में पठन पाठन किया जायेगा। नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। पूजन कार्यक्रम में राजीव पामदत,शिव प्रसाद साहू, जितेन्द्र कुमार, दिग्म्बर प्रसाद साहू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

मुरुबंदा में वज्रपात से महिला की मौत

रजरप्पा। रजरप्पा थाना क्षेत्र के बोरोबिंग पंचायत के मुरुबंदा गांव निवासी सुरेंद्र ओहदार की 55 वर्षीय पत्नी विलासो देवी की मौत मंगलवार को वज्रपात की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही हो गई। इधर, गंभीर रूप से घायल विलासो देवी को लोग रामगढ़ सदर अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने जांच के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि मृतक बकरी चराने के लिए खेत गई हुई थी। इसी बीच जोरदार बारिश और कड़क के बीच वज्रपात हो जाने से विलासो देवी की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। घटना के बाद मुखिया बसंती देवी ने आपदा प्रबंधन विभाग से मृतक के आश्रित को मुआवजा देने की मांग की है।

भुरकुंडा रेलवे साइडिंग में बुझी आग

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा रेलवे साइडिंग के कोल स्टॉक में लगे आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। आग लगने से रेलवे साइडिंग कार्यरत मजदूर काफी चिंतित थे कि कहीं हमारा रोजगार न छीन जाए। और हमारे छोटे-छोटे बच्चे सड़क पर न आ जाए। लेकिन आग बुझने के कारण उनके चेहरों पर खुशी साफ देखी जा सकती है। उक्त बातें मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सह बड़कागांव विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी और पार्टी के केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया ने कही। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में रोजगार के साधन बढ़े इसका हम हमेशा समर्थक रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरा हमेशा से प्रयास रहा है कि क्षेत्र में रोजगार के साधन संसाधन का विस्तार हो। जिससे यहां के ग्रामीण, किसान, मजदूर व युवाओं के चेहरे पर खुशी का माहौल हमेशा बरकरार रहे। श्री बेदिया ने कहा कि साइडिंग के यहां होने से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लोगों की जीविका चलती है। आग बुझने से मजदूरों के चेहरे पर खुशी झलक रही है।

बड़कीपोना पर्वत पर लगा मेला

रजरप्पा। बड़कीपोना स्थित पोना पर्वत धाम में मंगलवार को रथ यात्रा निकाली गई। इस दौरान पूजा अर्चना के लिए यहां श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी हुई थी। सर्वप्रथम सुबह 6:00 बजे श्रृंगार पूजा किया गया। श्रृंगार पूजा के पश्चात चक्षुदान भी किया गया। शाम को भगवान जगन्नाथ के साथ बलभद्र और सुभद्रा को सिंहासन रूपी रथ पर विराजमान कर उनकी पूजा अर्चना कर शाम लगभग 6:00 बजे रथ यात्रा निकाली गई। मौसीबाड़ी रवाना होने से पूर्व, भगवान जगरनाथ सहित बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा का विधिवत पूजा अर्चना की गई। इसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण भी किया गया। तत्पश्चात यहां पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा की पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इधर, नवदम्पतियों ने मोर सेराया कर सुखमय जीवन की कामना की। मौके पर मेला समिति के संरक्षक उमेश कुमार, अध्यक्ष गुनी महतो, सचिव सुरज कुमार, कोषाध्यक्ष होनी कुमार, उपाध्यक्ष लाल किशुन महतो, सह सचिव ईश्वर कुमार, सह कोषाध्यक्ष चन्द्रु कुमार सहित उमेश कश्यप, नेमचंद, बसंत, सोनू, सूरज, अरुण, अमित आदि मौजूद थे।

रथयात्रा में उमड़ा जनसैलाब

हजारीबाग सदर विधायक ने चौपारण में खींचा रथ, सुख और समृद्धि की कामना की

खबर मन्त्र संवाददाता

चौपारण। मंगलवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बरही विधानसभा क्षेत्रांतर्गत चौपारण प्रखंड स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर बैजनाथ नगर, सियरकोनी में पहली बार रथयात्रा का भव्य आयोजन किया गया। इस पांच दिवसीय श्री रथयात्रा में हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल बतौर आमंत्रित अतिथि के रूप में शामिल हुए और रथ को रस्सी खींचते हुए भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र से क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इससे पूर्व यहां पहुंचने पर विधायक मनीष जायसवाल वी के पूर्व विधायक मनोज यादव के लोगों ने अभूतपूर्व स्वागत किया। रथ यात्रा में गाजे- बाजे, ढोल- तासे, घोड़ा गाड़ी, भजन- कीर्तन जत्थे, विदेशी नागरिकों के हरे कीर्तन सहित अन्य प्रकार की अद्भुत झलक के साथ श्रद्धा और ईश्वर आस्था में डुबकी लगाते हुए, सनातन श्रद्धालुजन शामिल हुए। यात्रा के संचालन में आरएसएस के स्वयंसेवक सहित कई स्थानीय राजनीतिक, धार्मिक, आध्यात्मिक और सामाजिक संगठनों के लिए, जुटे हुए रहें। मौके पर सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि चौपारण में जीटी रोड़ पर प्रचंड गर्मी में भी आस्था का जो जनसैलाब उमड़ा वह अभूतपूर्व, ऐतिहासिक और अद्भुत है। उन्होंने कहा की भारत के प्राचीन संस्कृति की जीवंत झलक यहां दिखी। उन्होंने यह भी कहा की वाकई हमारा देश और समाज बदल रहा है। इस महामहोत्सव के आगाज में धार्मिक आस्था का जनसैलाब ईश्वर भक्ति से सराबोर दिखा। हरे कृष्णा हरे राम, जय श्री राम के साथ जय जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र पूरा क्षेत्र गुंजायमान दिखा।

पहाड़ी बंदरा चुआ में निकला रथ

कुजू। राम जानकी मंदिर छोटकी डूंडी व चरण पहाड़ी बंदराचुआ द्वारा मंगलवार को पुरानी परंपरा के तहत भगवान राम, लक्ष्मण और माता जानकी की रथ यात्रा निकाली गई। इस दौरान छोटकी डूंडी में आचार्य शशिकांत पांडेय, बबलू पांडेय, अरुण पांडेय, रोशन पांडेय, पुजारी सत्यदेव पांडेय द्वारा यजमान बने वीरू महतो, रामजी महतो, शेखर महतो, विक्की करमाली, अरुण कुमार, सपत्नीक को विधिवत पूजा - अर्चना कराया गया। तत्पश्चात प्रतिमाओं को फूल माला से सुसज्जित रथ पर सवार किया गया। सैकड़ों की संख्या में शामिल श्रद्धालुओं ने बड़े आस्था -भाव के साथ रथ को खींच कर ठाकुरबाड़ी से मौसी बाड़ी ले गए। यहां भगवान सात दिनों तक विश्राम करेंगे। इसके बाद आठवें दिन घूरती रथ को पुनः मौसीबाड़ी से ठाकुरबाड़ी लाए जाएंगे। जहां विधिवत पूजा -अर्चना के साथ प्रतिमाओं का स्थापना किया जायेगा। रथ यात्रा को लेकर समिति द्वारा 24 घंटे का अखंड रामायण पाठ का आयोजन भी किया गया था। इधर चरण पहाड़ी मंदिर बन्दराचुंआ से बाबा प्रेमदास महाराज की अगुवाई में मंगलवार को हर्षोल्लास व गाजे बाजे के साथ भगवान जगन्नाथ की फूलों से सुसज्जित रथ यात्रा निकाली गयी। इस दौरान बाबा प्रेम दास द्वारा भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा, भाई बलराम के प्रतिमा को मंगला आरती,आरती के साथ विधि पूर्वक पूजा अर्चना किया गया।

कुजू में हनुमान की प्रतिमा का स्वागत

कुजू। कुंदरियाबांध कुजू में श्री श्री 1008 श्री हनुमत प्राणप्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ को लेकर बनारस से हनुमान जी की भव्य प्रतिमा को कुजू लाया गया। प्रतिमा के आगमन पर कुजू ट्रांसपोर्ट नगर से मंदिर परिसर कुंदरिया बांध मंदिर परिसर तक महिला पुरुष श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ झूमते हुए प्रतिमा का स्वागत किया। ज्ञात हो 24 जून से 28 जून तक मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 5 दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसमें बनारस के यज्ञाचार्य विकास कुमार पांडेय के द्वारा यज्ञ को संपन्न कराया जाएगा। मौके पर मुखिया जयकुमार ओझा ,कामेश्वर साव, अध्यक्ष विनोद कुमार मेहता, सचिव आशीष मुखर्जी, विकास कुमार, अरविंद प्रसाद साहू, अमित केशरी, शिवा मेहता, सुभाष कुमार, महेंद्र प्रसाद मेहता, राजेश पांडेय, छवि भुइयां, लक्की साव, राजेश सिंह, प्रिंस पांडेय, अमित पांडेय, दीपक गुप्ता, पंकज गुप्ता, विक्रम ठाकुर, पप्पू गुप्ता, अजीत अग्रवाल , सूरज महतो, अरविंद मेहता, अनिल मेहता, रोहित मेहता,टिंकू भुइया , ननकी देवी , झुनावा देवी सरिता देवी ,जिरवा देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

बरही में आज सभी कार्यालयों में मनाया जायेगा योग दिवस : बीडीओ

बरही। 21 जून को प्रखंड के सभी कार्यालयों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इस संबंध में बरही बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने निर्देश जारी कर बताया कि सभी ग्राम पंचायतों में योग दिवस पर योग कार्यक्रम, योग परिचर्चा, सेमिनार और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। इसके साथ ही प्रखंड के सभी विद्यालय, महाविद्यालय, बरही अनुमंडल अस्पताल सहित कई अन्य कार्यालयों में भी योग दिवस आयोजित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी सरकारी कार्यालय परिसर एवं पंचायत भवनों में बैनर लगाना, सभी प्रकार के योग गतिविधियों की फोटोग्राफी, योग प्रशिक्षण कार्यक्रम व डेमोन्स्ट्रेशन, योग पर योग विशेषज्ञों द्वारा लेक्चर व वार्तालाप, योग के महत्व पर वर्कशॉप व सेमिनार का आयोजन किया जाना है। उन्होंने सभी संबंधित विभाग, सभी प्राथमिक विद्यालय, मध्य विद्यालय, उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं पंचायत सचिव, सभी संस्थानों के कार्यालय प्रधान को निदेश दिया जाता है कि दिनांक 21.06.2022 को प्रातः 07 बजे पूर्वाहन से 07:45 बजे पूर्वाहन तक अपने-अपने विभाग संस्थानों पर योग कार्यक्रम का आयोजन करेंगे।

इस अवसर पर प्रखण्ड मुख्यालय, बरही के परिसर अन्तर्गत योगा दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें संबंधित विभाग के प्रधान सभी कर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य है। उक्त निर्धारित तिथि को ससमय प्रातः 07 बजे पूर्वाहन उपस्थित होकर योग दिवस को सफल बनायें।

मौसीबाड़ी पहुंचे भगवान जगन्नाथ नौ दिनों तक करेंगे विश्राम

दारू। सदर प्रखंड के सिलवार स्थित जगन्नाथ धाम मंदिर में मंगलवार को रथयात्रा मेला का आयोजन हुआ।भगवान की दर्शन व पूजा को लेकर श्रद्धालु की भीड़ उमड़ पड़ी।भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम और बहन सुभद्रा का महास्नान, षोडशो उपचार, पूजन, गर्भगृह का पूजन, महा श्रृंगार व आरती के पश्चात श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए पट खोल दी गई। सुबह नौ बजे महाभोग का वितरण किया गया। श्रद्धालुगण पूजा अर्चना कर मन्नते मांगी।संध्या सात बजे भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम और बहन सुभद्रा सुसज्जित रथ पर सवार होकर मौसीबाड़ी केसुरा पहाड़ पहुंचे। इस मौके पर हजारों श्रद्धालु रथ को खीचते हुए भगवान के जयकारे के साथ, झूमते हुए मौसीबाड़ी पहुंचाए। भगवान नौ दिन तक मौसी के घर विश्राम कर 28 जून को धाम पहुंचेंगे उसी दिन केसुरा पहाड़ के पास घूरती रथ यात्रा मेला का आयोजन की जाएगी। नौ दिनों तक मौसीबाड़ी में भजन कीर्तन और प्रतिदिन सुबह शाम पूजा अर्चना की जाती है।

सिद्धू- कान्हू विद्यापीठ का शिलान्यास आज

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग के सदर प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की अलख जगाने के उद्देश्य से और ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब बच्चों को भी सीबीएसई बोर्ड आधारित गुणवत्त शिक्षा भारतीय संस्कृति एवं परंपरा के अनुरूप उपलब्ध कराने के पुनीत सोच को पिछले करीब 140 साल से गौ सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही संस्था कोलकाता पिंजरापोल सोसाइटी एवं सिद्धू-कान्हू सेवा संस्थान, हजारीबाग द्वारा सीतागढ़ा गौशाला में सीपीएस सिद्धू- कान्हू विद्यापीठ एवं छात्रावास का संचालित किया जाएगा। हजारीबाग के सीतागढ़ा गौशाला परिसर में 2000 बच्चों का सीबीएसई बोर्ड आधारित यह स्कूल होगा। जहां 1000 बच्चों का आवासीय व्यवस्था उपलब्ध रहेगा। समाजसेवी सह पिंजरापोल गौशाला सोसायटी के सचिव श्रीनंद सिंह ने बताया की बुधवार यानी 21 जून को सुबह 10:30 बजे पूर्वाह्न स्थान - सीतागढ़ा गौशाला, चुरचू रोड़ में इसका शिलान्यास समारोह होना सुनिश्चित हुआ है। इस विद्यालय के शिलान्यास समारोह में बतौर प्रमुख अतिथि के रूप में महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी, अखिल भारतीय श्री पंच निर्मोही अनी अखाड़ा, कोडरमा, मुख्य अतिथि के रूप में रामदत्त चक्रधर, अ.भा. सह सरकार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विशिष्ट अतिथि के रूप में रमेश कुमार सरावगी, अध्यक्ष, कलकत्ता पिंजरापोल सोसाइटी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

घर-घर महाजनसंपर्क अभियान का आगाज

खबर मन्त्र संवाददाता

केंद्र के नौ साल की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए पूर्व विधायक ने शुरू किया अभियान

बरही। पूर्व विधायक मनोज कुमार के नेतृत्व में भाजपा के केंद्र सरकार के नौ वर्ष के दरम्यान होने वाले योजनाओं एवं उनकी उपलब्धियों को आमजनों तक पहुँचाने का अभियान प्रारम्भ किया गया है इस महाजनसंपर्क अभियान में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश के विकास की रूपरेखा को बताने का कार्य किया जायेगा।इस उद्देश्य से पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने बरही के बेन्दगी पंचायत के अपने आवासीय बूथ से घर घर महाजनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान बेन्दगी के रामनगर मंदिर परिसर में सैकड़ों ग्रामीणों के बीच केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं को बताया। श्री यादव ने कहा कि भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों के बल पर नौ साल में पूरे विश्वस्तर पर सम्मान पाया है। कमजोर वर्ग चाहे किसी जाति धर्म पंथ के हो, उनकी चिंता करते हुए तमाम विकाश योजनाओं को मूर्त रूप नरेंद्र मोदी ने दिया है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का कायाकल्प किया है। देश में सत्तर साल के बाद धारा 370 को खत्म करके जम्मू कश्मीर को भारत माता की सीमा से जोड़ दिया है। 2014 के पहले भारत में विकास की पटरी ध्वस्त हो चुकी थी, लेकिन 2014 से नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद इन नौ वर्षों में देश विकास की बुलंदियों के शिखर को छू रहा है। जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मोदी को मिल रही यह मान्यता उनकी नीतियों और व्यवहार की वजह से है। इससे पहले किसी भारतीय प्रधानमंत्री को वैश्विक नेताओं से इतनी भूरि-भूरि प्रशंसा नहीं मिली थी, इसका श्रेय मोदी की विदेश नीति और अंतराष्ट्रीय स्तर पर उनके व्यवहार को जाता है। मौके पर जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, राजकुमार केशरी, रितेश गुप्ता, उपमुखिया अशोक राणा, हरि गुप्ता, भूपेंद्र यादव, सचिन यादव, दिनेश साव, महावीर राणा, कृष्ण कुमार राणा, लालधारी राणा, संजय राणा, योगेंद्र राणा, महावीर यादव, प्रकाश यादव, राजदेव यादव, भीखो महतो, मुरलीधर साव, गेंदों साव, रामचंद्र यादव, रामू महतो, दिनेश साहू, वासुदेव यादव, दुर्गा कुमार, संदीप कुमार राणा, महेंद्र पासवान, पवन साहू, रामेश्वर साह, दिनेश यादव, गोलू यादव, गुरुशरण राणा, अबोध राणा, मीना देवी, रेखा देवी, रीता देवी, वसुंधरा देवी, कौशल्या देवी, प्रतिमा देवी, सविता देवी, तेतरी देवी, सविता देवी, प्रिया देवी, सोनू राणा, मुकेश राणा, मालती देवी, हेमराज यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

एक नजर में

शिव आस्था का महापर्व है मंडा : अंबा प्रसाद

बड़कागांव। प्रखंड के सुकुलखपिया गांव में आस्था पूजा (मंडा) बनस पूजा मंगलवार को शिव भक्तों पीठ में कील गोदवा कर झूला झूलने के साथ संपन्न हो गया। भक्त अपने परिवार के लिए सुख व समृद्धि के लिए शिव पार्वती का पूजा अर्चना करते हैं। मंगलवार सुबह 3:00 बजे भक्तों एवं श्रद्धालुओं ने दहकते अंगारे पर नंगे पांव चलकर आस्था का परिचय दिया। पूजा में कुल 21 भक्तजन शामिल हुए थे। सभी भक्त अपनी -अपनी पीठ पर कील लगवा कर 40 फीट ऊंचे लट्ठे से परिक्रमा किया। इस दौरान भक्तों ने श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद स्वरूप फूलों की वर्षा की। उक्त फूल की मान्यता है कि लोग इसे तिजोरी में रखने से घर में लोगों को सुख व समृद्धि प्राप्त होती है। बनस पूजा को लेकर समिति के द्वारा आयोजित मेले एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में हजारों लोग शामिल हुए। मेला में रात भर आर्केस्ट्रा कार्यक्रम चला । वहीं बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने अहले सुबह कार्यक्रम में शामिल होकर शिव भक्तों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि मंडा पूजा झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर और शिव आस्था का महापर्व है। हम सभी को इसे सहेज कर रखना है और बढ़ाना है पीठ में कील गोदवा कर फुलवारी अजय राम के नेतृत्व में मंडा पूजा किया। सभी भक्तों को ढोल ताल झमकू राम एवं शहनाई धूम सुखदेव राम द्वारा दिया गया। मंडा पूजा संपन्न कराने में पूर्व मुखिया विगल चौधरी, उप मुखिया सुबोध सिंह,मुखिया प्रतिनिधि राम किशोर शुक्ला,ननकू राम,यमुना साव, छत्रधारी कुमार,रामकृष्ण शुक्ला, भुनेश्वर राम,महेश राम,फागुन भुइयां,दीपक साव,श्याम भार्गव,कृष्ण भार्गव सहित महुगाईकला, सुकुल खपिया,बाबूबलिया, अंबाजीत,मरदुसोती,मोतरा,आजाद नगर के ग्रामीणों का सहयोग रहा।

बनासो में श्रीमद्भागवत कथा शुरू

बिष्णुगढ़ । बनासो ग्राम में रत्न स्वचित प्रतिबिंबित प्रांगण में लोटपोट खेलता हुआ नंद नंदन यदुकुल चंदन कन्हैया की करुणा कृपा एवं महामाया बागेश्वरी की असीम अनुकंपा से श्री लक्ष्मी नारायण हवनात्मक यज्ञ सह परम पावनी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया । इस दौरान 501 महिलाएं एवं कन्याओं के द्वारा कलश निकाला गया कलश यात्रा में डीजे की धुन पर युवा थिरकते नजर आए। मंगलवार को जल यात्रा, 21 जून को मंडप पूजन, 26 जून को शोभायात्रा एवं नगर परिक्रमा घृतढारी तथा 27 जून को उपनयन संस्कार एवं भंडारा का आयोजन का कार्यक्रम है श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का शुभारंभ मंगलवार को हो गया। इससे पहले भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का शुभारंभ यज्ञ स्थलसे आचार्य श्री पं. मनोहर पांडेय के मंत्रोचारण के साथ किया गया। कलश यात्रा में जहां महिलाएं पीत वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर चल रही थी यजमान श्री आदित्य कुमार पाण्डेय सपत्नीक संगित मय वातावरण में आगे आगे चलरहे थे, जबकि पुरोहित के रूप में शिवनंदन पांडेय,दिल रंजन पांडेय, भागवत पांडेय, अनिल पांडेय, धनंजय पांडेय, उदय पांडेय, वैदेही शरण जी महाराज, श्रीकांत पांडेय, आचार्य पुरेन्द्र पांडेय, उपेंद्र,पांडेय अभिषेकपांडेय के अलावे वयास शिवम शुक्ला एवं कथा वाचक आलोक पांडेय के द्वारा रात्रि 7:00 बजे से श्रीमद् भागवत जी की कथा का शुभारंभ श्री कृष्ण चरण वंदना के उपरांत की गई।

आयुष विभाग ने निकाली प्रभातफेरी

हजारीबाग। नवम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर डॉ. सुभद्रा कुमारी जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी जिला संयुक्त औषधालय हजारीबाग की अध्यक्षता में मानव श्रृंखला बनाकर प्रभात फेरी निकाली गई, प्रभात फेरी की शुरुआत जिला आयुष भवन से इंदपुरी चौक, तकिया मजार, बंसीलाल चौक, झंडा चौक,सदर थाना होते हुए पूरे हजारीबाग में भ्रमण किया गया एवम पुनः आयुष भवन पहुंचकर फेरी का समापन किया गया । प्रभात फेरी के दौरान रास्ते में योग पुस्तिका का वितरण आमजन में किया गया एवं लोगों को योग के बारे में जानकारी दी गई जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुभद्रा कुमारी ने योग के बारे में आमजन से ₹ "योग करें निरोग रहें" ₹ की अपील की, साथ ही यह भी जानकारी दीया कि आज के परिवेश में जितनी भी बीमारी तेजी से फैल रही है उसमें दवा के साथ-साथ योगा महत्वपूर्ण है ,उन्होंने आमजन से अपील किया की 21जून को नवम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी लोग अपने घर मुहल्ले में योग जरूर करें । झारखंड सेवा मंडल के अध्यक्ष सुबोध ओझा ने कहा कि योग के लिए गांव-गांव तक पहुंचाना है हर व्यक्ति को स्वस्थ बनाना है । योग शिक्षिका पूनम जायसवाल ने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार, स्वस्थ ग्राम, स्वस्थ राज्य तब हो सकता है जब घर-घर योग करेंगे । प्रभात फेरी में हजारीबाग जिला अंतर्गत आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ आनंद कुमार शाही, डॉ. विजय तिवारी, डॉ. नीरज उपाध्याय, डॉ शैलेंद्र, डॉ. सारा, डॉ.रंजना, डॉ. संतोष, डॉ. हकीम,डॉ. जोशी, डॉ.राजेश,डॉ. गजाला, डॉ प्रियंका भारती एवं जिला संयुक्त औषधालय हजारीबाग के कर्मचारी राजनंदनी, विकास कुमार शर्मा, संतोष कुमार, रामबली चौधरी, मुटुक हांसदा, हरिनंदन यादव शामिल हुए ।

गोरहर हाई स्कूल जल्द होगा प्लस टू : विधायक

बरकट्ठा। विधायक अमित कुमार यादव ने मंगलवार को गोरहर उत्क्रमित हाई स्कूल उन्नयन कार्य एवं चौक स्थित जल नल योजना का शिलान्यास नारियल फोड़ कर किया। वधायक ने कहा कि विस क्षेत्र के सभी पंचायतों में शिक्षा और शैक्षणिक व्यवस्था व लोगों को शुद्ध पेयजल की सुविधा बहाल करना मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बरकट्ठा विस क्षेत्र के सभी गांवों में शिक्षा की बेहतरी के साथ सर्वांगीण विकास का लक्ष्य है। कहा गोरहर उत्क्रमित हाई स्कूल शीघ्र प्लस टू में अपग्रेड होगा। इससे लड़कियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहूलियत होगी। डीएमएफटी फंड से एक करोड़ से अधिक राशि से स्कूल उन्नयन कार्य और करोड़ों की लागत से जलनल योजना का निर्माण होगा। शिलान्यास समारोह में प्रमुख रेणु देवी, जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया, पूर्व प्रमुख रामलखन मेहता, मुखिया प्रेमिका देवी, संवेदक शिवकुमार प्रसाद, बालाजी एंटरप्राइजेस के संवेदक, भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, टुकलाल नायक, कोलेश्वर महतो, पुनीत महतो, प्रेम महतो, रामजी प्रसाद, सीके पांडेय, उमेश चौधरी, मो कलीम खान, वासुदेव महतो, रामटहल महतो, कामदेव पासवान, लालमोहन पासवान, लक्ष्मण महतो, सरयू महतो, राकेश विहारी पांडेय, सरयू महती, कुंजलाल महतो, छोटन कोल समेत आदि लोग उपस्थित थे।

केरेडारी में वज्रपात से एक बच्चे की मौत

केरेडारी । मंगलवार को दोपहर हुई पहली बारिश में वज्रपात जानलेवा साबित हुई। वज्रपात से बुंडू पंचायत के मंडा टांड़ टोला निवासी सुरज कुमार पिता जितेंद्र तुरी उम्र दस वर्ष की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृत बच्चा अपने घर के बाहर था। इसी बीच तेज गरज मलक के साथ वज्रपात हुई जिसके चपेट में आने से बच्चा मूर्छित हो कर गिर पड़ा। परिजनों ने आनन फानन में बवरा स्थित अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।

ट्रेड लेबर यूनियन की बैठक संपन्न

बड़कागांव। कोयला खदान संघर्ष समिति ट्रेड लेबर यूनियन का लंगातु में बैठक हुई। बैठक में संघ के वरिष्ठ लोगों ने कहा कि गोंदलपुरा मे अदानी कंपनी के द्वारा जबरन प्रवेश किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार शिवशक्ति कॉन्वयर बेल्ट कोल परियोजना के सैकड़ों मजदूरों को हटाने तथा निकासी करने का पता चला है। यूनियन इस चीज को कभी भी बर्दाश्त नहीं करेगी। किसी भी वक्ति को निष्कासित पर यूनियन बाध्य होकर कठोर कदम उठायेगी। मौके पर अध्यक्ष शिवकुमार ओझा,महामंत्री ओमकार शर्मा ,मनोहर कुमार, मनी वर्मा, कमेसर,प्रमोद कुमार, संजय साव चेतलाल ,किसुन तुरी,मीडिया प्रभारी संजय कुमार पासवान आदि अन्य सदस्य उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

खरीदारों की लगी रही लंबी लाइन

भंडरा (लोहरदगा)। रथ यात्रा मेले में घरेलू उपयोग के सामान से लेकर कृषि सामग्री, सुरक्षा, फैशन सामग्री, मिठाई, खिलौना की दुकानें सजी हुई थी। बच्चों के मनोरंजन के लिए टावर झूला, ट्रैगन ट्रेन, हार्स राइडग, चित्रहार, मौत कुआं, बिजली झूला, टोरा-टोरा आदि लगे रहे। जिसका लोगों ने जमकर आनंद उठाया। मेला में रोजमर्रा में प्रयोग होने वाले पारंपरिक सामान आसानी से मिल रहे हैं। यहां झारखंड, बिहार, बंगाल आदि क्षेत्र से व्यापारी आए हुए हैं।

सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम

भंडरा। ऐतिहासिक रथ यात्रा मेले को लेकर प्रखंड व पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा का व्यापक इंतजाम किया गया था। मेले में जगह-जगह पुलिस बल तैनात किये गये थे। थाना प्रभारी गौतम कुमार,अवर निरीक्षक विकास कुमार विश्वकर्मा एव सभी पुलिस पदाधिकारी मेले मे शांति व्यवस्था को लेकर मेले का नजर बनाये हुए थे। वहीं मेला आयोजन समिति द्वारा मेला मे जगह जगह वॉलिन्टियर तैनात किया गया था।

डंपिंग यार्ड पर भाजपा की चुप्पी दुखद

लोहरदगा। कांग्रेस प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि, शहर के सघन आबादी में स्थित हिंडालको का बाक्साइड डंपिंग यार्ड को हर हाल में आबादी से दूर स्थानांतरित होनी चाहिए। इसके लिए विधानसभा में प्रश्न उठाया था। कृषि मंत्री बादल पत्र लेख ने मार्च माह तक इसे हटाने का भरोसा दिया था बावजूद, स्थिति यथावत है। डंपिंग यार्ड को हटाने के लिए भाजपा को भी जवाबदेही से पहल करनी चाहिए। डंपिंग यार्ड से हो रहे जन स्वास्थ्य से खिलवाड़ पर भाजपा मौन रहती है। जन सरोकार से जुड़े मामले भाजपा नहीं उठाती है।

गोलीबारी में बाल-बाल बचा युवक

लोहरदगा। सदर थाना क्षेत्र के बीएस कॉलेज के समीप दिनदहाड़े युवक को पुलिस का स्पाई कहते हुए दो अपराधियों ने गोली चला दी। बीच बचाव के दौरान गोली युवक की बांह में लगकर फंस गयी। गोलीबारी के बाद युवक को चाकू से भी वार कर घायल कर दिया। जिससे बांह बुरी तरह फ्रैक्चर हो गयी है। घटना के बाद पुलिस और आसपास के लोगों ने घायल अभिषेक साहू को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज किया है। बसार टोली का अभिषेक जिला न्यायालय में ड्राइवर है। गोली मारने वालों की पहचान लोहरदगा के ही लाल रौशन नाथ शाहदेव और राजन महतो के रूप में हुई है। घटना के बाद पुलिस दोनो अपराधियों के धड़ पकड़ में जुटी हुई है जल्द ही दोनो अपराधियों की गिरफ्तारी की जायेगी। पूरे मामले पर सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव ने बताया की शहरी क्षेत्र के बीएस कॉलेज के समीप गोलीबारी की घटना हुई है जिसमे एक युवक घायल है पुलिस द्वारा टीम गठन कर अपराधियों की धड़ पकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी की जायेगी।

ट्रक-ट्रैक्टर की भिड़ंत में दो लोग घायल

गुमला। गुमला मुख्यालय से पांच किमी दूर बाईपास सड़क में अहले सुबह ट्रक व ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर हो गयी। जिसमें दुर्घटना में दो लोग घायल हो गये। घायलों में ट्रैक्टर चालक अरमई बेहराटोली निवासी 18 वर्षीय बिदेश्वर उरांव शामिल है। तिराटोली निवासी 35 वर्षीय हेमंत मिंज गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों की देखरेख में दोनों घायल का इलाज जारी है।

सर्पदंश से युवक की मौत

गुमला। झाड़-फूंक व अंधविश्वास ने फिर से एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गुमला जिला के घाघरा थाना क्षेत्र के दीपाटोली निवासी लासु उरांव का 20 वर्षीय पुत्र जितेंद्र उरांव सर्पदंश से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी देते हुए मृतक के परिजनों ने बताया कि देर रात काफी गर्मी होने के कारण युवक आंगन में सो गया। जहां सुबह 3:00 बजे उसे एक सांप ने डस लिया। जिसे परिजन गांव के एक ओझा के पास ले जाकर झाड़ फूंक कराते रहे। वहीं स्थिति गंभीर होने पर परिजन तत्काल घाघरा उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां स्थिति की गंभीर को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं परिजन सुबह 7:00 बजे सदर अस्पताल गुमला लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया जहां आधे घंटे के अंदर युवक की मौत हो गई। इस घटनाक्रम से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं डॉक्टर ने बताया कि जैसा कि परिजन बता रहे हैं सुबह 3:00 बजे युवक को सांप ने काट लिया। अगर समय रहते सदर अस्पताल लाया जाता तो युवक की जान बच सकती थी।

बरटोली में कांग्रेसियों ने की बैठक

गुमला। सदर प्रखंड के फसिया पंचायत के बरटोली में ग्राम वासियों की हुई साप्ताहिक बैठक में जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष विष्णु राम और महासचिव राजीव रंजन शामिल हुए। बैठक में ग्रामीणों ने मूल रूप से प्रधानमंत्री आवास, नाली, रोड, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन की मांग करते अपनी समस्याओं से कांग्रेसी नेता को अवगत कराया। जिला उपाध्यक्ष विष्णु राम ने कहा कि आप सभी समस्याओं को लिखित आवेदन में दे। मै आगे की कार्रवाई करते हुए अपने पार्टी स्तर से संबंधित पदाधिकारी से बात करूंगा और इसे निदान करने की कोशिश करूंगा। मौके पर महासचिव राजू रंजन महतो ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे सभी कल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से ग्रामीणों को समझाया और इनका लाभ लेने को कहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आप सभी ग्रामीणों के साथ है और हम सभी मिलकर इस समस्या को दूर करने में तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे ही स्थिति गुमला के नजदीक करौंदी नायक बस्ती की भी हम लोगों ने बैठक कर ग्रामीणों ने जिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष के सामने बात रखें और उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों के सामने बात रखकर आज उस गांव की दशा में सुधार कराया। आपकी बात पार्टी स्तर पर रखी जाएगी और आपकी समस्या का निदान किया जायेगा। बैठक में कौशल्या देवी, नीलू देवी, चांदनी देवी, मीना देवी, भुवनेश्वर राम पवन राम, मनोज राम, पप्पू राम थे।

भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए उमड़ा आस्था का जनसैलाब

- भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व भाई बलराम पहुंचे मौसी बाड़ी
- मंदिर में पूजा अर्चना के लिए लगा रहा भक्तों का तांता, रथ खींचने के लिए आतुर दिखे श्रद्धालु
- पूजा अर्चना कर लोगों ने मनोकामना पूर्ति का मांगा वरदान

खबर मन्त्र टोली

भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना करते लोग और पूजा के लिए लगी भक्तों की कतार।

गुमला। गुमला जिला के विभिन्न स्थानों पर मंगलवार को रथ यात्रा सह मेला का आयोजन किया गया। रथ में भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व भाई बलराम को धार्मिक अनुष्ठान के साथ स्थापित कर मौसी बाड़ी पहुंचाया गया। मंगलवार को अहले सुबह से ही करौंदी व नागफेनी मंदिर में भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी थी।

गुमला के करौंदी में पूजा अर्चना के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। अहले सुबह से ही भक्त मंदिर परिसर पूजा अर्चना करने पहुंचे थे। भक्तों द्वारा भगवान को नारियल, बताशा, इलाचइची, दाना आदि प्रसाद के रूप में चढ़ाया। सुबह से लेकर शाम तक भक्तों का तांता मंदिर परिसर में भगवान के दर्शन के लिए लगे रहे।

भक्तों ने भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि व अच्छी बारिश की कामना की। नागफेनी में साढ़े चार बजे भगवान की रथ यात्रा निकाली गई। हजारों लोगों ने रथ खींचकर भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व भाई बलराम को मौसी बाड़ी पहुंचाया। रथ खींचने के लिए लोग काफी उत्सुक व आतुर दिखे। बच्चा, बूढ़ा, जवान व महिलाएं भी रथ खींचने से पीछे नहीं रहे।

वहीं गुमला के करौंदी में शाम साढ़े पांच बजे रथ यात्रा निकाली गयी। मंदिर परिसर से पूजा-पाठ के साथ भगवान की प्रतिमाओं को रथ तक लाया गया। जिसके बाद महाआरती व शंखनाद किया गया और हजारों भक्तों ने रथ को अपने पवित्र हाथों से खींचकर मौसी बाड़ी पहुंचाया। डुरमडीह जगन्नाथ मंदिर में भी पूजा अर्चना के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। शाम में रथ यात्रा मंदिर परिसर से निकाली गयी।

मेला में जमकर लोगों ने स्वादिष्ट मिठाइयों की खरीददारी की तो चाट फुचके का जमकर लुत्फ भी उठाया। कोरोना काल के दो वर्ष बाद रथ यात्रा निकालने जाने से भक्तों में काफी खुशी देखी गई। इसके अलावे जिले के बसिया, चैनपुर, जारी, डुमरी, रायडीह, घाघरा, पालकोट, सिसई, भरनो आदि प्रखंडों में भी रथ मेला का आयोजन किया गया।

चुनावी मोड में कांग्रेस, लोहरदगा सीट जीतने का दावा

शीघ्र हटा दिये जायेंगे कांग्रेस के निष्क्रिय पंचायत अध्यक्ष: बंधु तिर्की

खबर मन्त्र संवाददाता

प्रेस वार्ता में मौजूद बंधु तिर्की व अन्य।

खास बातें : बंधु तिर्की ने कहा, वर्तमान में कांग्रेस कमेटी की स्थिति की समीक्षा के लिए कुडु, किस्को, पेशरार, भंडरा आदि प्रखंड और इसके पंचायत में जाकर कांग्रेस कमेटी की समीक्षा कर रहा हूं। प्रखंड और पंचायत कमेटी के एक एक कांग्रेस जन से सीधी बात कर रहे हैं। इस माध्यम से पंचायत की समस्याओं को भी चिह्नित किया जा रहा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष को भी गांव की महत्वपूर्ण समस्याओं की सूची बनाने का निर्देश दिया गया है।

लोहरदगा। लोहरदगा लोकसभा और विधानसभा सीट हर हाल में कांग्रेस पार्टी जीतेगी। इसके लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इसको लेकर कांग्रेस संगठन पूरी तरह चुनावी मोड पर आ गया है। उपरोक्त बातें प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने सोमवार को स्थानीय सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा। पूर्व विधायक सह कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा, कांग्रेस संगठन का प्रखंड और पंचायत कमेटी मजबूत और सशक्त होना जरूरी है। प्रखंड और पंचायत कमेटी में समन्वय होने से मजबूत और ठोस बूथ कमेटी बनेगी। सशक्त बूथ कमेटी के माध्यम से लोकसभा और विधानसभा सीट कांग्रेस हर हाल में जीतेगी। बंधु तिर्की ने कहा, राज्य, जिला, प्रखंड और पंचायत में विस्तारित कमेटी की स्थिति की लगातार समीक्षा कर रहा हूं। इसके माध्यम से सक्रिय और निष्क्रिय कमेटी के पदधारियों को चिह्नित किया जा रहा है। निष्क्रिय और शिथिल पंचायत अध्यक्षों को बदल दिया जायेगा। जमीनी स्तर पर निष्क्रिय रहने वाले कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों का

ट्रैक्टर-कार की टक्कर में एक ही परिवार के सात लोग घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के पालकोट रोड स्थित कार्तिक उरांव कॉलेज के समीप ट्रैक्टर व कार की सीधी भिड़ंत में कार सवार सात लोग घायल हो गये। जबकि ट्रैक्टर चालक घटनास्थल से फरार हो गया। घटना में कार सवार चतरा कोची निवासी 34 वर्षीय मोअख्तर हुसैन, 32 वर्षीय जूही बेगम, 30 वर्षीय नसीम हुसैन, 15 वर्षीय आशिका परवीन, 12 वर्षीय आफरीन परवीन, 7 वर्षीय मो अतस व 2 वर्षीय अयान घायल हो गये। वहीं गंभीर रूप से घायल कार चालक मोहम्मद नसीम हुसैन का दाहिना हाथ व दाहिना पैर की हड्डी टूट गई है।

घटना की जानकारी देते हुए अख्तर हुसैन ने बताया कि सभी परिवार उड़ीसा स्थित बेलपहाड़ गये थे। जहां आज वापसी में चतरा जा रहे थे। तभी कार्तिक उरांव कॉलेज के समीप सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने धक्का मार दिया। घटना की सूचना पर अस्पताल पहुंचे समाजसेवी मिनहाज खान ने बताया कि आये दिन ट्रैक्टर से काफी घटना घट रही है। जिसका मुख्य कारण प्रशासन की लापरवाही है। रात्रि 12 बजे से ही ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर में बालू भरकर रात के अंधेरे में तेज रफ्तार से गुमला की ओर आ रहे हैं और बालू गिरा कर फिर वही रफ्तार से लौट रहे हैं। जिससे आए दिन यह घटना घट रही है। जिला प्रशासन से उन्होंने मांग की है कि बालू माफियाओं पर शिकंजा कसा जाये नहीं तो आये दिन इस तरह की घटना घटती रहेगी।

सहयोगियों के साथ विजय आज करेंगे रक्तदान

गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल (झानद) के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह अपने सहयोगियों के साथ 21 जून को गुमला सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक रक्तदान करेंगे। झानद के छात्र युवा मोर्चा के सदस्य श्री सिंह के साथ रक्तदान करेंगे। झानद ने कहा है कि रक्तदान पुण्य कार्य है। यह सबको करना चाहिए।

मरीज की जीवन रक्षा के लिए किया रक्तदान

गुमला। सदर अस्पताल गुमला परिसर के ब्लड बैंक में बजरंग दल बिशनपुर के कार्यकर्ता संतोष बड़ाईक ने ब्लड डोनेशन करके अस्पताल में इलाजरत मरीज की सहायता में चौथी बार रक्तदान किया। बजरंग दल का हर युवा राष्ट्र हित और समाज हित के कार्यों में हमेशा तत्पर रहता है।

मसना घेराबंदी का कार्य ग्रामीणों ने कराया बंद

घाघरा। घाघरा प्रखंड के चपका पंचायत अंतर्गत बंसरी गांव में कल्याण विभाग से बन रहे मसना घेराबंदी का विरोध करते हुए ग्रामीणों ने काम बंद करा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि फर्जी तरीके से ग्रामसभा की गयी है। जिसमें बिचौलिये गैर आदिवासी को अध्यक्ष व सचिव बनाये हैं। अध्यक्ष-सचिव ऐसे लोगों को बनाया गया है जिसे खुद पता नहीं है। साथ ही योजना की जानकारी भी लोगों को नहीं है। पूरे प्रकरण को लेकर उपायुक्त, एसडीओ व घाघरा बीडीओ को आवेदन देकर जानकारी दी गयी है। जब तक कोई नोटिस नहीं मिलता या नयी ग्रामसभा नहीं होती है तब तक काम बंद रहेगा।

पेशरार में वज्रपात से एक मासूम की मौत

पेशरार/लोहरदगा। पेशरार थाना क्षेत्र के रोरद गांव में मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे अचानक आये आंधी तूफान व बारिश के साथ हुई वज्रपात से रोरद के अंकित भगत (9) पिता लाला भगत की मौत हो गयी। वह घर से कुछ ही दूर छापरटोली आम चुनने गया था। परिजनों को सूचना मिलने पर वे घटनास्थल पहुंचे, तो अंकित बेहोश पड़ा था। उसे राजेश, शंकर प्रजापति एवं अन्य के सहयोग से लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों की टीम ने 9 वर्षीय अंकित भगत को मृत घोषित कर दिया।

मेगा प्लेसमेंट मेला 24 को, कई बड़ी कंपनियां आमंत्रित

रांची/गुमला। 24 जून को 10 बजे से ग्राम मरदा, रायडीह, जिला गुमला स्थित कौशल प्रशिक्षण केंद्र-श्रीधर ज्ञान संस्थान में प्रशिक्षण सेवा प्रदाता रांची सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड एवं झारखंड स्किल डेवलपमेंट मिशन सोसाइटी मेगा प्लेसमेंट मेला लगायेगा। इसमें इस केंद्र से प्रशिक्षित वैसे युवक-युवती अभ्यर्थियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है जो कतिपय कारणों से पूर्व में नियोजन के अवसर का लाभ नहीं उठा पाये हैं। निदेशक अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद सुदर्शन भगत होंगे।

लोहरदगा में योग दिवस को योग महोत्सव के रूप में मनायेंगे पतंजलि के योग शिक्षक

खबर मन्त्र संवाददाता

- पतंजलि, आयुष विभाग, आर्यवीर दल समेत कई संगठनों ने की है व्यापक तैयारियां
- युवाओं में योग के प्रति देखी जा रही है विशेष उत्साह, योग दिवस पर आज कई जगह होंगे कार्यक्रम

लोहरदगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान न्यास की लोहरदगा इकाई द्वारा लोहरदगा मुख्यालय के साथ साथ प्रखंड मुख्यालयों में भी आयुष विभाग द्वारा जारी प्रोटोकॉल के तहत योग का अभ्यासक्रम कराकर तैयारी की गयी है।

इसके लिए पतंजलि द्वारा प्रशिक्षित योग शिक्षक शिक्षिकाओं के आयुष विभाग द्वारा भी आयुष ग्राम अन्य स्थानों में योग महोत्सव के रूप में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की तैयारियां की गयी हैं। जिसके तहत कोर्ट परिसर में भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी प्रवीण कुमार भारती, पतंजलि के राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह पेशरार के मुंगो ग्राम में, पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी अभय भारती घाघरा के ग्रामों में, पतंजलि के युवा प्रभारी अंकित अग्रवाल, योग शिक्षिका प्रियंका साहू, युवा योगी खुशी भारती, माही जिला मुख्यालय में बहुद्देशीय भवन में वरीय योग शिक्षक संजय मधुर लोहरदगा प्रखंड कार्यालय के समीप, योग शिक्षक निर्भय भारती, शिवराज विजय महतो के नेतृत्व में कुडु व आयुष ग्राम टाटी में, लोहरदगा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में आयुष प्रियांशु, कैरो में वरीय योग शिक्षक गणेश शास्त्री व भोला साहू, सेन्हा में विजय सोनी, सलगी चांपी में अजय कुमार व मार्गदर्शक के रूप में वनवासी कल्याण आश्रम के पदाधिकारी कृपा प्रसाद सिंह, भंडरा में दिनेश प्रजापति, रेलवे स्टेशन लोहरदगा में बासुदेव महतो, गुरुकुल शांति आश्रम में आचार्य शरच्चंद्र आर्य द्वारा योग महोत्सव की अगुवाई करेंगे। आर्यवीर दल के नेतृत्व में भी दर्जनों ग्रामों में बालवाड़ी संचालित स्थलों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की तैयारियां की गयी हैं।

घाघरा: कुएं में डूबने से ग्रामीण की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

घाघरा। थाना क्षेत्र के बुरजु ग्राम निवासी 40 वर्षीय श्रवण उरांव की मौत कुआं में डूबने से हो गई है। जानकारी के अनुसार थानेदार अमित कुमार चौधरी ने बताया कि श्रवण बुरजू गांव का रहने वाला है जो जमगाई अपने ससुराल गया था। जहां रविवार को अपने दोस्तों के साथ लगने वाले साप्ताहिक हाट में शराब पिया। देर शाम होने के कारण दोस्त ने श्रवण को उसके ससुराल के घर के पास उसे छोड़कर अपना घर चला गया। जिसके बाद ससुराल वाले यह सोचने लगे कि अपने दोस्त के घर गया है और दोस्त यह सोच रहा है कि श्रवण अपने ससुराल में है। जब सोमवार को किसी ने श्रवण को नहीं देखा तो खोजबीन होने लगी। मंगलवार की सुबह श्रवण के ससुराल के घर के आगे कुआं में झांक कर देखा तो श्रवण का शव तैरता हुआ मिला। जिसके बाद इसकी सूचना घाघरा थाना को दी गयी।

घाघरा : वज्रपात की चपेट में आकर तीन पशुओं की हुई मौत

घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के कोटा माटी गांव में वज्रपात की चपेट में आने से तीन बैल की मृत्यु हो गई। गांव के ही किसान सीमा देवी का एक बैल व मनी पहन का दो बैल वज्रपात की चपेट में आ गया। जिसे तीनों की मृत्यु हो गई। घटना के बाद से दोनों किसानों का रो रो कर बुरा हाल है। खेती बारी का कार्य शुरू होने वाला है जिसके एक सप्ताह पूर्व ही इस तरह के घटना घर जाने से दोनों के सर पर घनघोर समस्या आ गई है। दोनों ही किसानों ने कहा कि खेती बारी अब कैसे करेंगे। इसके लिए प्रखंड-अंचल प्रशासन सहयोग करे।

रथयात्रा: भक्तों ने मेला टांड़ से मौसी बाड़ी तक पहुंचाया रथ

खबर मन्त्र संवाददाता

स्थित मौसी बाड़ी लाया गया।

कैरो। प्रखंड क्षेत्र के एकमात्र हनहट में मंगलवार को धूमधाम के साथ रथयात्रा का आयोजन हुआ। सुबह से ही बाजार टांड़ स्थित भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा के प्रतिमा में भक्तों ने फूल, अक्षत व प्रसाद के साथ पूजा अर्चना कर अपनी अपनी प्रार्थना की। जिसके बाद देर शाम रथ में विराजमान भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा को बिठाकर सैकड़ों की संख्या में जय जगन्नाथ की महामंत्रों के साथ घण्ट, संख, नगाड़ों की धुन के साथ भक्तों द्वारा ब्राह्मण टोली स्थित मौसी बाड़ी लाया गया। जिसे पुनः नौ दिनों पर घुरती रथ के दिन वापिस किया जाएगा। इस अवसर पर खरता, हनहट, गितिलगढ़, ककरगढ़, इड्रा, बड़मारा, तोडांग, टाटी, मेलानी सहित कैरो प्रखंड के अलावे भी चान्हो, कुडु सहित दूर दूर से भक्त पहुंचकर रथ यात्रा में शामिल हुए व रथ की रस्सी को एक बार छूकर धन्य महसूस किया।

चैनपुर के दुर्गम क्षेत्र कतारी कोना में आम जनता ने सुनायी समस्याएं

जनता दरबार

खबर मन्त्र संवाददाता

जनता दरबार में समस्या सुनते बीडीओ।

खास बातें : उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा पेंशनधारी को पी.पी.ओ वितरण एवं रागी बीज का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित लोगों के लिए भोजनादि की भी व्यवस्था करते हुए दिन भर के जनसुनवाई कैंप को संपन्न किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मालम पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, प्रखंड सह अंचल कार्यालय के पदाधिकारी, कर्मचारी एवं विभिन्न विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

चैनपुर। चैनपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत मालम के अति दुर्गम क्षेत्र कतारी कोना में उपायुक्त के निर्देशानुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। कतारी कोना शहरी क्षेत्र से बेहद दूर इलाके में अवस्थित है जो की एक दुर्गम इलाका है। जहां अधिकतर आदिम जनजातीय समुदाय निवास करते हैं। क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के निवारण करने के उद्देश्य से लगाए गए जनता दरबार में उक्त ग्राम निवासियों की समस्याओं को बीडीओ ने ध्यान पूर्वक सुना। ग्रामीणों द्वारा समर्पित आवेदनों को संबंधित विभाग को अग्रसारित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छ पानी, कृषि कार्य हेतु उन्नत बीज, प्रसव संबंधित समस्याओं को दूर करने जैसे विभिन्न समस्याओं से प्रखंड विकास पदाधिकारी को अवगत करवाया। इस दौरान 200 से अधिक ग्रामीणों ने अपना आवेदन समर्पित कर पदाधिकारी को गांव के समस्याओं के विषय में जानकारी दी। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने शालीनता पूर्वक ग्रामीणों की समस्याओं को सुना एवं कुछ समस्याओं का ऑन द स्पॉट निवारण किया।

ऐतिहासिक रथ यात्रा मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

भंडरा में निकली ऐतिहासिक रथ यात्रा, मौसीबाड़ी पहुंचे भगवान

खबर मन्त्र संवाददाता

भगवान का रथ खींचते भक्त।

खास बातें : रथयात्रा में शामिल श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ के भजन और जयकारा सुनकर भाव विभोर हो रहे थे। मौसीबाड़ी में भगवान नौ दिनों तक विश्राम कर रोजाना भक्तों को अपने अलग-अलग रूपों में दर्शन देंगे। इसके बाद फिर से भगवान रथ में सवार होकर ठाकुरबाड़ी लौटेंगे। रथयात्रा मेला में भंडरा, लोहरदगा, कुडु, सेन्हा, कैरो के अलावा गुमला व रांची के विभिन्न गांवों के हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। स्थानीय प्रखंड व पुलिस प्रशासन एवं दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं के साथ मिलकर रथ खींचने हुए मौसीबाड़ी तक ले गये। मौके पर राधामोहन शर्मा, किशोरी शर्मा, ईश्वरी मोहन शर्मा, राजू शर्मा, डीएसपी परमेश्वर प्रसाद,बीडीओ रजीत कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता, विनायक पाठक, अच्युतानंद मिश्रा, दिनकर मिश्रा, श्रीधर पाठक, विवेकानंद मिश्रा, अवधेश महंती सहित काफी संख्या में भक्त गण मौजूद थे।

भंडरा। प्रखंड में मंगलवार को ऐतिहासिक रथयात्रा मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान भगवान जगरनाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथरूढ़ होकर मौसीबाड़ी पहुंच गए। बारिश के बावजूद भक्तो का उत्साह कम नहीं हुआ। रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के रथ को खींचकर आशीर्वाद लेने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह हि श्रद्धालुओं को भगवान के दर्शन के लिए मंदिर के कपाट खोल दिया गया था। सबसे ज्यादा आकर्षण भगवान जगन्नाथ का फूलों से सजाया गया रथ था। रथ की सजावट से लोग मंत्रमुग्ध थे। रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के हरि बोल-हरि बोल के उद्घोष से पूरा माहौल गूंज रहा था। रथयात्रा ठाकुरबाड़ी से शुरू होकर अखिलेश्वर धाम स्थित मौसीबाड़ी पहुंचकर संपन्न हुई।

स्पीड न्यूज

युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

कोडरमा। थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदरवा निवासी 18 वर्षीय राधा कुमारी पिता राजू विश्वकर्मा ने सोमवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं मृतिका के पिता राजू विश्वकर्मा ने बताया कि रात को खाना खाकर अपने अपने कमरे में चल गये। सुबह जब कमरे में जाकर देखा तो फांसी पर लटकी थी। जिसके बाद हमलोगों ने पुलिस को खबर किया। वहीं फांसी की सूचना पाकर कोडरमा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं पुलिस इस मामले की अन्य पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है।

एनटीपीसी अस्पताल मे रक्तदान शिविर

टंडवा। सीआईएसएफ यूनिट एनकेएसटीपीपी टंडवा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जहां प्लांट के सीजीएम तजिंदर गुप्ता और सहायक कमांडेंट विकास प्रसाद और इकाई के बल सदस्यों ने संजीविनी हॉस्पिटल में रक्तदान किया। इस मौके पर निरक्षकअग्नि राजेश दुबे, उप निरक्षक मुकेश शर्मा और उप निरक्षक संदीप कुमार ने भी रक्तदान किया।

दो अभियुक्त को पुलिस ने भेजा जेल

मझिआंव। पुलिस ने दो अभियुक्त को अलग-अलग केस कांडों में मंगलवार को गिरफ्तार कर गढ़वा जेल भेज दिया गया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने बताया कि बरडीहा थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी कामेश्वर राम एवं दूसरा अभियुक्त कांडी थाना क्षेत्र के मझिगांवा गांव निवासी सुरेश यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, वे दोनों अभियुक्त काफी दिनों से फरार चल रहे थे।

डीएवी में योग दिवस को लेकर पूर्वाभ्यास

भवनाथपुर। डीएवी भवनाथपुर में मंगलवार को नए प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा तथा सीसीए इंचार्ज संजय राय भट्ट और अरुण सिंह के निर्देशन में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर प्राचार्य ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस से संबंधित जो भी प्रोटोकॉल सरकार के द्वारा जारी किया गया है वे सारे प्रोटोकॉल को पूरा किया जाएगा। मौके पर शिक्षक ओपी सिंह, शौकत अली, सूरज सिंह, जे एस तिवारी एवं अन्य शिक्षक मौजूद थें।

वज्रपात से मवेशी मरा, मुवाबजे की मांग

सिमरिया। सिमरिया प्रखंड के सलगी टुंडाग गांव निवासी विकास सिंह का एक बैल की मौत मंगलवार की शाम वज्रपात से हो गई है। पीड़ित किसान ने कहा की बरसात की मौसम आ गई है। मैं किसान हूं खेती बाड़ी कर अपने जीविकोपार्जन करता हुं और अपने परिवार का भरण पोषण करता हुं। इस तरह की घटना हो जाने से अब हमारे परिवार की बीच काफी समस्या उत्पन हो गई है। भुक्तभोगी ने प्रशासन से मुवावजे की मांग किया है।

बारह ज्योतिलिंगों के पैदल यात्रा पर निकला कोलकाता का स्वदेश



कोडरमा। बारह ज्योतिलिंगों के पैदल यात्रा पर निकला कोलकाता उत्तर परगना का 26 वर्षीय स्वदेश विश्वास पिता सतेंद्र नाथ विश्वाश ने बताया की मैं दो जून से यात्रा की शुरूआत उत्तर परगना, बैरकपुर, पश्चिम बंगाल से किया। जिसके बाद पहले ज्योतिर्लिंग बाबा बैजनाथ धाम देवघर में दर्शन कर कोडरमा ध्वजाधारी धाम पहुंचा। जिसके बाद मध्यप्रदेश में महाकालेश्व, गुजरात सोमनाथ नागेश्वराम, आंध्रप्रदेश मल्लिकार्जुन व अंतिम उत्तराखंड में केदारनाथ का दर्शन कर यात्रा समाप्त करेंगे।

पुलिस ने बबलू मोदी मौत का किया खुलासा

आत्महत्या के लिए पत्नी को प्रताड़ित किया: एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। जयनगर निवासी फल विक्रेता बबलू मोदी के मौत का खुलासा किया है। मंगलवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि बबलू मोदी की हत्या नही बल्कि उसने आत्महत्या किया था और इसके लिए उसकी पत्नी ने उसे उत्प्रेरित किया था। एसपी ने कहा कि मृतक का शव बीते 30 अप्रैल को चंदवारा थाना क्षेत्र के पिपराडीह रेलवे स्टेशन के दो नम्बर लाइन से बरामद किया गया था, मामले को लेकर मृतक के पिता रामचंद्र मोदी के आवेदन पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया था, कांड संख्या 32/23 में दर्ज मामले में मृतक के पिता ने अज्ञात लोगों के द्वारा उसके पुत्र की हत्या कर शव को पटरी पर फेंक देने का आरोप लगाया था, साथ ही दर्ज मामले में पीसीआर में प्रतिनियुक्त पुलिस कर्मी आदित्य शर्मा के द्वारा बबलू मोदी के मोबाइल पर अंतिम कॉल करने की बात कही गयी थी, मामला दर्ज होने के बाद एसपी ने एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर के नेतृत्व में एसआईटी का गठन कर मामले की जांच करने का निर्देश दिया था। घटना के करीब डेढ़ माह बाद पुलिस ने मामले की खुलासा करते हुए बताया की बबलू की हत्या नही बल्कि उसने आत्महत्या किया था और इसके लिए उसकी पत्नी ज्योति देवी ने उत्प्रेरित किया था। घटना के दिन मृतक शराब पीकर घर आया था, मगर उसकी पत्नी झगड़ा कर उसे घर घुसने नही दिया था, जिससे नाराज होकर वह पिपराडीह स्टेशन चला गया और वहां ट्रेन के झटके से गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गयी। एसपी ने बताया कि उसकी पत्नी फोन पर अन्य लोगों से बात करती थी, जिसके कारण दोनों के बीच प्रायः झगड़ा होते रहता था, इसी बात को लेकर मृतक पूर्व के वर्षों में भी दो बार आत्महत्या का प्रयास कर चुका था। एसपी ने बताया कि बबलू मोदी की मौत के बाद पुलिस कई कोनों से छानबीन किया, मामले को लेकर ट्रेक से गुजरने वाले मालगाड़ी और यात्री ट्रेन के चालक, गार्ड व रेलवे कर्मियों व अन्य लोगों से भी पूछताछ की गई, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान, आस पास के सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य के आधार पर पाया गया कि बबलू मोदी की हत्या नही बल्कि उसने आत्महत्या किया था, एसपी ने बताया कि बबलू मोदी की हत्या का आरोप पुलिस कर्मी आदित्य शर्मा पर लगाया गया था, परन्तु अनुसंधान में यह साबित नही हुआ, जांच में पता चला कि बीते 29 अप्रैल को मृतक और पुलिस कर्मी आदित्य शर्मा दोनों होटल में शराब का सेवन कर दोनों अपने अपने घर चले गए थे और रात्रि में उक्त पुलिस कर्मी ने बबलू मोदी को फोन कर यह पूछा था कि वह घर पहुंच गया या नही, उक्त फोन को मृतक की पत्नी ने रिसीव किया था, इसकी पुष्टि मृतक की पत्नी ने की है। एसपी ने बताया कि अनुसंधान के दौरान एक भी साक्ष्य ऐसा नही मिला, जिससे प्रतीत हो कि बबलू मोदी की हत्या में पुलिस कर्मी की संलिप्तता है।

जमीनी विवाद : मारपीट में दो महिला घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

इलाज करवाती घायल महिला

मझिआंव। थाना क्षेत्र अंतर्गत रपूरा गांव में दो घरों में आपसी विवाद में जमकर मारपीट हुई। जिसमें दो महिला एवं एक आठ वर्षीय बच्चा घायल हो गया। मारपीट के बाद स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से 108 एंबुलेंस बुलाकर पहले पक्ष की घायल महिला सचिन पांडेय की पत्नी चांदनी देवी 32 वर्ष और पुत्र पीयूष पांडेय आठ वर्ष को मंझिआंव रेफरल अस्पताल लाया गया। जबकि दूसरे पक्ष की घायल महिला मनोज कुमार पांडेय की पत्नी गुंजा देवी 26 वर्ष को उसके परिजनों द्वारा अस्पताल लाया गया। प्राथमिक चिकित्सा के बाद गंभीर रूप से घायल चांदनी देवी को बेहतर चिकित्सा के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया।

घटना के संबंध में पहले पक्ष की घायल महिला चांदनी देवी ने बताया कि उनके घर के आगे उनके कब्जे में गैरमजरूआ भूमि है जिसे गिरिजाशंकर पांडेय व उनके पुत्रों द्वारा कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। रोकने पर वाद विवाद बढ़ा। इसके बाद ऋषि पांडेय, प्रेम पांडेय, गिरजाशंकर पांडेय, गूंजा देवी, जूही कुमारी, लाडल कुमारी, और सुहानी कुमारी ने लाठी डंडे एवं चाकू से हमला कर दिया और मुझे तथा मेरे बच्चे को बुरी तरह से मारा गया।

इसी भूमि को लेकर पूर्व में भी हमलोग के साथ मारपीट किया गया था। जिसकी शिकायत थाना में किया था। इधर दूसरे पक्ष की घायल महिला गुंजा देवी ने डायन बिसाही का आरोप लगाते हुए कहा कि मैं गोबर थाप रही थी, इसी बीच सचिन पांडेय, उनकी पत्नी चांदनी देवी, उसका पुत्र पीयूष पांडेय एवं भतीजा देवेन्द्र पांडेय का पुत्र आलोक पांडेय ने मुझे डायन कहते हुए लाठी, गड़ासे एवं तलवार से हमला कर दिया तथा यह कहते हुए कि यह मेरे बेटे को खा जायेगी इसलिये इसको मार दो और मुझे मारते हुए घसीटने लगे और मेरे गले से सोने का चैन भी लूट लिया। इधर मझिआंव थाना में दोनों पक्षों के द्वारा एक दूसरे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

मुख्यमंत्री को तख्ती दिखाकर जमीन बचाने को लगाया गुहार

गैरमजरूआ जमीन को रैयती मान्यता को लेकर मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

सिमरिया। 19 जून को मुख्यमंत्री आगमन पर शिवपुर कठौतिया रेल लाइन किसान संघर्ष समिति के बैनर तले किसानों ने कतार बाद होकर मुख्यमंत्री को तख्ती दिखाकर गैरमजरूआ जमीन को रैयती मान्यता को लेकर मांग किया है। शिवपुर कठौतिया न्यू बीजी रेल लाइन के लिए अधिग्रहित गैरमजरूआ जमीन का अधिग्रहण बिना मुआवजा भुगतान के किया जा रहा है। शिवपुर कठौतिया न्यू बीजी रेल लाइन और भारतमाला परियोजना के प्रभावितों द्वारा संयुक्त रूप से बने वाम मोर्चा के बैनर तले मुख्यमंत्री का स्वागत और ध्यान आकर्षित कराने को लेकर साथ ही अपने मांग से संबंधित बैनर और तख्ती दिखाया है। जिसे लेकर हंटरगंज के बिहार सिवान से सिमरिया के बिरहु तक के प्रभावित किसान शांतिपूर्ण तरीके से यह कार्यक्रम किया है।

घरेलू विवाद में युवती की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

डोमचांच (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत घरवरियाबर स्थित वार्ड नम्बर एक में मंगलवार को एक युवती की मौत हो गई। जिसकी पहचान सुमित्रा देवी पति सोनू यादव घरवरियाबर के रुप में की गई है। सुमित्रा देवी की मौत के बाद सभी परिजन फरार हो गये। आस-पास के ग्रामीण युवती की हत्या किये जाने की आशंका जता रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही एएसपी प्रवीण पुष्कर, डोमचांच थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी लिये। वहीं मृतका के मामा मनोज यादव ने बताया कि हमारी भांजी सुमित्रा देवी के साथ इसका पति हमेशा मार-पीट करता था। इस संबध में कई बार पंचायत भी हुआ था। वहीं 13 जून को भी पंचायत हुआ था, जिसमें सोनू कुमार यादव ने पंचायत में कहा था कि अब मार पीट नहीं करेंगे, लेकिन एक सप्ताह के भीतर हमारी भांजी की मौत हो जाती है। इससे स्पष्ट होता है कि हमारी भांजी को मार दिया। वहीं सुमित्रा देवी की मौत के बाद सभी परिजन घर में ताला लगाकर फरार हो गए। मृतका के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। युवती का विवाह 2015 में हिन्दु रीति रिवाज से हुआ था। वहीं डोमचांच पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतू सदर अस्पताल भेज दिया।

खपरैल मकान में अचानक लगा आग, जले सामान

टंडवा(चतरा)। थाना क्षेत्र के ग्राम कुडलोंगा में खपड़ेल मकान में अचानक आग लगने से मकान जल कर राख हो गया कुडलोंगा के दलित परिवार टेहवा भुइयां के घर में रखे अनाज कपड़ा जलकर राख होगा है। पीड़िता परिवार ने प्रखंड प्रशासन से मुआवजा व आर्थिक सहयोग का आश्रित है सराढू पंचायत के कुड़लौंग गांव के ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया गया इस भीषण गर्मी के दिन पानी के किल्लत की वजह दलित परिवार का घर जल कर राख हो गया है। यह घटना बीते रात्रि की बताया गया है। इस बाबत स्थानिय अंचल वा थाना को लिखित आवेदन दिया गया है।

पत्नी और पुत्र ने हत्या कर, आत्महत्या का दिया था रूप : एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता



जानकारी देतें एसपी

कोडरमा। थाना क्षेत्र अंतगर्त बरसोतियाबर में बीते 17 जून को 55 वर्षीय विनय पांडेय के आत्महत्या किये जाने के मामले का पुलिस ने हैरतअंगेज खुलासा किया है। प्रेसवार्ता आयोजित कर एसपी कुमार गौरव ने बताया कि बरसोतियाबर निवासी 55 वर्षीय विनय पांडेय ने आत्महत्या नही किया था, बल्कि मृतक की पत्नी वीणा देवी और पुत्र बिट्ठू पांडेय ने गला दबा कर पहले हत्या किया था, उसके बाद उसके शव को पेड़ से लटका आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया था, बाद में शव को आनन फानन में वहां से हटा कर अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही थी, हालांकि पुलिस की ततपरता के कारण मामले का खुलासा हो गया। वहीं एसपी ने बताया मृतक विनय पांडेय टेम्पू चालक था और प्रतिदिन शराब पीकर घर में पत्नी के साथ मारपीट करता था, घटना के दिन भी वह टेम्पू चलाकर रात को शराब पीकर घर आया और अपनी पत्नी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर रहा था, जिसका बीच बचाव उसके मंझले पुत्र बिट्ठू पांडेय ने किया, इसी दौरान दोनों के बीच मारपीट हो गयी, बाद में पड़ोसियों ने बीच बचाव का मामला शांत कराया, रात में जब सब लोग सो गए तो पुनः विनय पांडेय पत्नी और बेटे के साथ गाली गलौज करते मारपीट करने लगा, जिससे मां पुत्र ने गुस्से में आकर रस्सी से गला घोंट कर उसकी हत्या कर दिया और साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से घर के बगल स्थित पेड़ में रस्सी से सहारे शव को लटका कर आत्महत्या का रूप दिया। एसपी ने बताया कि बीते 17 जून को जब बरसोतियाबर निवासी विनय पांडेय द्वारा पेड़ से लटक कर आत्महत्या करने का जानकारी मिली तो पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेजा और अनुसंधान शुरू किया, जांच में पूरी सच्चाई आने के बाद घटना के दूसरे दिन आरोपी पत्नी और पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मौके पर एसपी के अलावे एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर, थाना प्रभारी द्वारिका राम आदि मौजूद थें।

सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर करेंगे पेट और गैस सम्बन्धी बीमारी का इलाज

24 जून को पेट और गैस से सम्बंधित रोगों का इलाज करेंगे।

गढ़वा। क्लीनिक ऑन स्क्रीन गढ़वा जैसे पिछड़े इलाके में सुपर स्पेशलिटी डॉक्टर को बुलाकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में सेवा का बड़ा कार्य कर रहा है। इसके इस प्रयास से दूर दराज के लाचार एवं गरीब मरीजों को बड़ी राहत मिल रही है। इसी कड़ी में रांची के पल्स सुपर स्पेशलिटी एवं पारस हॉस्पिटल के कंसलटेंट सुप्रसिद्ध गैस्ट्रोइंट्रोलॉजिस्ट गोल्ड मेडलिस्ट डा. आदित्यवर्द्धन सिंह शनिवार यानी 24 जून को पेट और गैस से सम्बंधित रोगों का इलाज करेंगे।

इस सम्बंध में जानकारी देते हुए डॉ सिंह ने बताया कि पाचन तंत्र, अग्नाशय, पेट, लीवर, गालब्लाडर में आने वाले गड़बड़ी अथवा समस्या गैस्ट्रो के अधीन आता है। इसका लक्षण ज्यादा गैस बनना, छाती में दर्द, खट्टा डकार, पेट में दर्द, पतला पैखाना, पीलिया, काला पैखाना होना आदि है। उन्होंने कहा कि कुछ मरीज थोड़ा आराम लगते ही दवा खाना छोड़ देते हैं और परहेज भी करना बंद कर देते हैं। उन्होंने कहा कि पेट सम्बन्धी रोगों का सम्बन्ध कई अन्य रोगों के साथ होता है। इसलिए डॉक्टर से सलाह से ही दवा लेने अथवा न लेने का फैसला करें।

क्लीनिक के निदेशक बाबू शक्ति सिंह ने कहा कि गढ़वा जैसे इलाके में कई रोगों के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर आ रहे हैं एवं लोगों को चिकित्सीय लाभ पहुंचा रहे हैं। जिला मुख्यालय के चिनिया रोड स्थित क्लीनिक ऑन स्क्रीन बड़े शहरों की तरह गढ़वा में एक बड़ा विकल्प के रूप में खड़ा हो रहा है। आने वाले समय में इस क्लीनिक से उन सारे रोगों का इलाज संभव होगा जो बाहर के बड़े-बड़े अस्पताल में मौजूद हैं। सुपरस्पेसलिस्ट चिकित्सकों के बारे में अधिक जानकारी के लिए 9835771738 अथवा 7061962110 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

मानवाधिकार जन निगरानी समिति ने पीड़ितो को किया सम्मानित

खबर मंत्र संवाददाता

कोडरमा। मानवाधिकार जन निगरानी समिति वाराणसी के द्वारा मंगलवार को झरखी विशुनपुर में लोक विद्यालय का आयोजन कर पीड़ितों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि समाजसेवी कृष्णा सिंह घटवार मुख्य रूप से उपस्थित थे। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा की हमारे गांव में 11 जनवरी 2023 को बिहार पुलिस द्वारा घर में घुस कर किये गए मार पिट और छेड़ छाड़ करने की घटना को अंजाम दिया गया, घटना काफी शमर्नाक और निंदनीय रहा। इस मामले में हमारे गांव की महिलाएं झारखण्ड के प्रशासन और बिहार सरकार को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई थी, परन्तु इन्साफ नहीं मिला, जिसके बाद महिलाओं ने सामूहिकता का परिचय देते हुए अपने गांव में हुए घटना को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को पत्र लिखा और अब मामला जांच के दायरे में है यह एक अच्छी पहल हुआ है। वही मानवाधिकार कार्यकर्ता ओंकार विश्वकर्मा ने महिलाओं को गिरफ्तारी सम्बन्धी कानून की जानकारी दी, उन्होंने बताया की यह सर्वोच्च न्यायलय का आदेश है की पुलिस रात में महिला को थाना नहीं बुला सकती और रात में महिला को गिरफ्तारी भी नहीं किया जा सकता है, परन्तु बिहार पुलिस ने जिस तरह घर में घुस कर महिलाओं के साथ मारपीट व छेड़ छाड़ किया है, वह काफी शर्मनाक है। मौके पर शील देवी, विजय सिंह, अनीता देवी, सुनीता देवी, क्रांति देवी, माला देवी, बिरेन्द्र सिंह, सहित दर्जनों महिला पुरुष मौजूद थे।

सामूहिक विवाह कर आर्थिक रूप से हों मजबूत : विकास कुमार माली

अब तक 13 हजार कन्याओं की शादी करा चुका है कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी की ओर से गरीब कन्याओं का विवाह प्रत्येक वर्ष कराया जा रहा है। जिन गरीबों की बेटी की शादी हो रही है वही गरीब परिवार के लोग आर्थिक रूप से मजबूत भी हो रहे हैं। कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी मुफ्त में शादी कराने के साथ-साथ कन्या एवं वर-वधू को विवाह सामग्री निशुल्क उपलब्ध करा रही है। यह जानकारी कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के सचिव विकास कुमार माली ने मंगलवार को गढ़वा स्थित कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर दी। उन्होंने बताया कि कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के बैनर तले झारखंड और बिहार में अब तक करीब 13 हजार असहाय, निर्धन कन्याओं की शादी कराई गई है। संस्था की ओर से झारखंड, बिहार सहित अन्य प्रदेशों में भी कन्याओं की शादी कराई गई है। उन्होंने कहा कि विवाह में लाखों रुपए खर्च हो जाते हैं। उसके बाद भी लोग बेहतर शादी नहीं करा पाते हैं। ऐसे में कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी इस मुहिम में शामिल होकर जिला प्रशासन से भी सामूहिक विवाह को बढ़ावा देने की अपील किया है। ताकि अंतरजातीय विवाह में जो प्रोत्साहन राशि राज्य सरकार देती है उससे सामूहिक विवाह का प्रचलन बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों पलामू के मेदनीनगर में 51, गया जिला में 51 व नवादा जिला में 51 कन्याओं की शादी कराई गई। जबकि भागलपुर में 28 जून को 51 कन्याओं की शादी सोसायटी की ओर से कराई जाएगी। वहीं दिसंबर महीने में गढ़वा जिले के टाउन हॉल के मैदान में 101 कन्याओं की शादी कराई जाएगी। प्रेस वार्ता में गढ़वा जिला प्रबंधक अयुब खान उर्फ बबन, प्रतिमा कुमारी, टिंकू तिवारी आदि लोग उपस्थित थे।

एक नजर में

बिजली लचर व्यवस्था के लिए दोषी अफसरों को बर्खास्त किया जाए: सईद नसीम

कोडरमा। जिले में बिजली की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है, बिजली जनजीवन की मुख्य जरूरतों में है। मुख्यमंत्री और मंत्रियों के निर्देश के बाद भी आम जनता को विधुत नियमित नहीं मिल पा रहा है। यह चिंता का विषय है कि अधिकारी माननियों की बातों को कितनी गंभीरता से लेते हैं। उक्त बातें कांग्रेस नेता सईद नसीम ने बयान जारी कर कहा कि पिछले कुछ दिनों से अंधाधुंध बिजली कटौती से सम्पूर्ण जिला अंधकार में समाता नजर आ रहा है। जिसका आम जनजीवन पर व्यपाक असर देखा जा रहा है, गर्मी के मौसम में इस तरह बिजली की आंख मिचैली से लगता है। जंहा जनता को मुख्य जरूरत (बिजली) को नहीं मिल पा रही है। वहीं उन्होंने कहा वर्तमान विधायक व सांसद अपनी सरकार की उपलब्धि गिनाने में व्यस्त है। वर्तमान में इसकी चिंता ना सम्बन्धित विभाग ना स्थानीय जनप्रतिनिधि, विधायक, सांसद को है। वहीं उन्होंने बिजली लचर व्यवस्था के लिए दोषी अफसरों को बर्खास्त करने की मांग की है। साथ ही कहा है कि अगर विधुत व्यस्था में सुधार नहीं होती है, तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

निकली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

चतरा। भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा मंगलवार को धूमधाम से निकाली गई। एसपी राकेश रंजन ने रथ का रस्सा खिंचकर रथयात्रा का शुभारंभ किया। रथ यात्रा के दौरान भगवान के दर्शन व पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी पड़ी। जगह-जगह रथ को रोक कर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। इससे पूर्व स्थानीय पत्थलदास मंदिर में भगवान जगन्नाथ, बलराम व बहन सुभद्रा की विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान को रथ पर बैठाकर यात्रा के लिए रवाना किया। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा भगवान जगन्नाथ के जयकारे भी लगाए जा रहे थे। रथ यात्रा पत्थलदास मंदिर से निकलकर पुराना पेट्रोलपंप, मारवाड़ी मोहल्ला, केसरी चौक, जतराहीबाग, गुदरी बाजार, अव्वल मोहल्ला, पोस्ट आफिस चौक के रास्ते शहर के विभिन्न मार्गो का भ्रमण किया। इस दौरान श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया। रथ यात्रा को लेकर शहर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये थे।

अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई की बैठक संपन्न

कोडरमा। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई कोडरमा की बैठक वसुंधरा गार्डन में जिला अध्यक्ष शिव शंकर रजक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें संबंधित शिक्षकों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। जिसमें प्रारंभिक शिक्षकों का 31 शिक्षकों का मूल सेवा-पुस्तिका का कार्यालय से गायब होने, 29 दिसंबर 2022 को स्थापना समिति से अप्रूवल होने के बाद 6 महीने गुजर जाने के बाद भी ग्रेड 1 एवं ग्रेड 2 का लेटर निर्गत नहीं होने, शिक्षकों का सेवा-संपुष्टि नहीं होने, सतगांवा एवं डोमचांच प्रखंड के 5-5 शिक्षकों का मासिक वेतन का अकारण प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, सतगांवा के द्वारा रोके जाने, सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। साथ मांगों से संबंधित ज्ञापन 21 जून 2023 को जिला शिक्षा अधीक्षक सह अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी नयन कुमार को सौंपे जाने की बात भी कही गई। मौके पर शिव शंकर रजक, रविकांत कुमार रवि, सुभाष चंद्र, गांधी प्रसाद, संजीव कुमार मिश्र, रामचंद्र ठाकुर, शंकर दयाल, प्रदीप कुमार सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

तीन घरों में लगी आग

कांडी। थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव निवासी कामेश्वर चौहान, सुरेश चौहान व नरेश चौहान के घर में मंगलवार की दोपहर अचानक आग लगने से घर के अंदर रखे अन्न, वस्त्र, बिस्तर, पशु चारा, जलावन की लकड़ियां, साईकल व पम्प सेट जल कर राख हो गया। साथ ही एक बकरी व एक बछड़ा भी झुलस कर भर रूप से घायल हो गया। इस संबंध में भुक्तभोगी ने बताया कि आग कैसे लगी, किसी को जानकारी नहीं है। घर के भीतर सभी सदस्य सोए हुए थे। अचानक आग की लपटें देख कर सभी लोगों की नींद खुली तो जोर-जोर से शोर मचा कर आसपास के लोगों को एकत्रित किया। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मोटर व डीजल पम्प लगा कर भारी मसक्कत से आग पर काबू पाया गया। तब तक आग उक्त तीनों घरों को अपनी चपेट में ले लिया था। आग बुझाने के क्रम में मनोज कुमार चौहान आंशिक रूप से झुलस गए। आगजनी की सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंचे मुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार पासवान ने पीड़ित परिवारों को सरकारी प्रावधान के अनुसान मुआवजा दिलाने की बात कही। जबकि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि आगजनी से क्षति पूर्ति के साथ साथ अपने स्तर से तत्काल इन्हें हर प्रकार की सहयोग प्रदान करूंगा।

सार्वजनिक उपयोग के भूखंड पर अवैध कब्जा

कांडी। अंचल कार्यालय कांडी के पड़ोस में काचर गांव की एकमात्र सार्वजनिक उपयोग के भूखंड पर एक व्यक्ति के द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। इस जमीन पर से अवैध कब्जा हटाने के लिए ग्रामीण कई सालों से परेशान हैं। लेकिन संबंधित सरकारी महकमा के द्वारा कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। यहां तक कि अनुमंडल पदाधिकारी को इस बाबत निर्देश देते 2 साल से अधिक का समय गुजर गया। लेकिन अभी तक किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई। मालूम हो कि काचर गांव के खाता नंबर 78 प्लॉट नंबर 93 में 95 डिसमिल का एक भूखंड अवस्थित है। जिसकी किस्म जमीन अनाबाद झारखंड सरकार है। इस संबंध में ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा को भी आवेदन देकर तत्संबंधी कार्रवाई की गुहार लगाई है। एसडीओ गढ़वा ने उनके पत्रांक 606 कांडी अंचल पदाधिकारी को पत्र लिखकर इस मामले की जांच एवं कार्रवाई का निर्देश दिया था। 20 महीने तक अंचल पदाधिकारी के द्वारा संबंधित मामले को लेकर किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीण अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई।

भारत : विश्व का योग गुरु

21 जून 2015 को प्रथम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर 192 देशों और 47 मुस्लिम देशों में योग दिवस का आयोजन किया गया। दिल्ली में एक साथ 35985 लोगों ने योगाभ्यास किया। इसमें 84 देशों के प्रतिनिधि मौजूद थे। इस अवसर पर भारत ने दो विश्व रिकॉर्ड बनाकर 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' में अपना नाम दर्ज करा लिया है। पहला रिकॉर्ड एक जगह पर सबसे अधिक लोगों के एक साथ योग करने का बना, तो दूसरा एक साथ सबसे अधिक देशों के लोगों के योग करने का। योग भारत और नेपाल में एक आध्यात्मिक प्रकिया को कहते हैं जिसमें शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाने (योग) का काम होता है।

आज 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। इस विशेष दिवस पर हम योग अभ्यास के कुछ पहलुओं को आपके सामने रखना चाहते हैं जिससे आप सब भी योग अपनाएं और स्वस्थ व सुखी जीवन जीयें।

योग भारत और नेपाल में एक आध्यात्मिक प्रकिया को कहते हैं जिसमें शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाने (योग) का काम होता है। यह शब्द, प्रक्रिया और धारणा बौद्ध धर्म,जैन धर्म और हिंदू धर्म में ध्यान प्रक्रिया से सम्बंधित है। योग शब्द भारत से बौद्ध धर्म के साथ चीन, जापान, तिब्बत, दक्षिण पूर्व एशिया और श्री लंका में भी फैल गया है और इस समय सारे सभ्य जगत में लोग इससे परिचित हैं। इतनी प्रसिद्धि के बाद पहली बार 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रत्येक बर्ष 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में मान्यता दी है।

भगवद्गीता प्रतिष्ठित ग्रंथ माना जाता है। उसमें योग शब्द का कई बार प्रयोग हुआ है, कभी अकेले और कभी सविशेषण, जैसे बुद्धियोग, संन्यासयोग, कर्मयोग। वेदोत्तर काल में भक्तियोग और हठयोग नाम भी प्रचलित हो गए हैं पतंजलि योगदर्शन में क्रियायोग शब्द देखने में आता है। पाशुपत योग और माहेश्वर योग जैसे शब्दों के भी प्रसंग मिलते है। इन सब स्थलों में योग शब्द के जो अर्थ हैं वह

एक दूसरे के विरोधी हैं परंतु इस प्रकार के विभिन्न प्रयोगों को देखने से यह तो स्पष्ट हो जाता है, कि योग की परिभाषा करना कठिन कार्य है। परिभाषा ऐसी होनी चाहिए जो अव्याप्ति और अतिव्याप्ति दोषों से मुक्त हो, योग शब्द के वाच्यार्थ का ऐसा लक्षण बतला सके जो प्रत्येक प्रसंग के लिये उपयुक्त हो और योग के सिवाय किसी अन्य वस्तु के लिये उपयुक्त न हो।

गीता में श्रीकृष्ण ने एक स्थल पर कहा है 'योगः कर्मसु कौशलम्' (योग से कर्मो में कुशलता आती हैं)। स्पष्ट है कि यह वाक्य योग की परिभाषा नहीं है। कुछ विद्वानों का यह मत है कि जीवात्मा और परमात्मा के मिल जाने को योग कहते हैं। इस बात को स्वीकार करने में यह बड़ी आपत्ति खड़ी होती है कि बौद्धमतावलंबी भी, जो परमात्मा की सत्ता को स्वीकार नहीं करते, योग शब्द का व्यवहार करते और योग का समर्थन करते हैं। यही बात सांख्यवादियों के लिए भी कही जा सकती है जो ईश्वर की सत्ता को असिद्ध मानते हैं। पंतजलि ने योगदर्शन में, जो परिभाषा दी है 'योगश्चित्तवृत्तिनिरोध?', चित्त की वृत्तियों के निरोध का नाम योग है। इस वाक्य के दो अर्थ हो सकते हैंः चित्तवृत्तियों के निरोध की अवस्था का नाम योग है या इस अवस्था को लाने के उपाय को योग कहते हैं।

परंतु इस परिभाषा पर कई विद्वानों को आपत्ति है। उनका कहना है कि चित्तवृत्तियों के प्रवाह का ही नाम चित्त है। पूर्ण निरोध का अर्थ होगा चित्त के अस्तित्व का पूर्ण लोप, चित्ताश्रय समस्त स्मृतियों और संस्कारों का निःशेष हो जाना। यदि ऐसा हो जाए तो फिर समाधि से उठना संभव नहीं होगा। क्योंकि उस अवस्था के सहारे के लिये कोई भी संस्कार बचा नहीं होगा, प्रारब्ध दग्ध हो गया होगा। निरोध यदि संभव हो तो श्रीकृष्ण के इस वाक्य का क्या अर्थ होगा? योगस्थः कुरु कर्माणि, योग में स्थित होकर कर्म करो। विरुद्धावस्था में कर्म हो नहीं सकता और उस अवस्था में कोई संस्कार नहीं पड़ सकते, स्मृतियाँ नहीं बन सकतीं, जो समाधि से उठने के बाद कर्म करने में सहायक हों।

संक्षेप में आशय यह है कि योग के शास्त्रीय स्वरूप, उसके दार्शनिक आधार, को सम्यक रूप से समझना बहुत सरल नहीं है। संसार को मिथ्या माननेवाला अद्वैतवादी भी निदिध्याह्न के नाम से उसका समर्थन करता है। अनीश्वरवादी सांख्य विद्वान भी उसका अनुमोदन करता है। बौद्ध ही नहीं, मुस्लिम सूफी और ईसाई मिस्टिक भी किसी न किसी प्रकार अपने संप्रदाय की मान्यताओं और दार्शनिक सिद्धांतों के साथ उसका सामंजस्य स्थापित कर लेते हैं।

परिभाषा

(१) पातंजल योग दर्शन के अनुसार - योगश्चित्तवृत्त निरोध? (1/2) अर्थातचित्त की वृत्तियों का निरोध ही योग है।

(२) सांख्य दर्शन के अनुसार - पुरुषप्रकृत्योर्वियोगेपि योगइत्यमिधीयते। अर्थात पुरुष एवं प्रकृति के पार्थक्य को स्थापित कर पुरुष का स्व स्वरूप में अवस्थित होना ही योग है।

(३) विष्णुपुराण के अनुसार - योग संयोग इत्युक्त? जीवात्म परमात्मने अर्थात जीवात्मा तथा परमात्मा का पूर्णतया मिलन ही योग है।

(४) भगवद्गीता के अनुसार - सिद्धासिद्धयो समोभूत्वा समत्वं योग उच्चते (2/48) अर्थात दुख-सुख, लाभ-अलाभ, शत्रु-मित्र, शीत और उष्ण आदि द्वन्दों में सर्वत्र समभाव रखना योग है।

(५) भगवद्गीता के अनुसार - तस्माद्दयोगाययुज्यस्व योग? कर्मसु कौशलम् अर्थात कर्त्तव्य कर्म बन्धक न हो, इसलिए निष्काम भावना से अनुप्रेरित होकर कर्त्तव्य करने का कौशल योग है।

(६) आचार्य हरिभद्र के अनुसार - मोक्खेण जोयणाओ सव्वो वि धम्म ववहारो जोगो मोक्ष से जोड़ने वाले सभी व्यवहार योग है।

(७) बौद्ध धर्म के अनुसार - कुशल चितैकग्गता योग अर्थात कुशल चित्त की एकाग्रता योग है।

योग से समाधि

योग के प्रकार

योग की उच्चावस्था समाधि, मोक्ष, कैवल्य आदि तक पहुँचने के लिए अनेकों साधकों ने जो साधन अपनाये उन्हीं साधनों का वर्णन योग ग्रन्थों में समय समय पर मिलता रहा। उसी को योग के प्रकार से जाना जाने लगा। योग की प्रामाणिक पुस्तकों में शिवसंहिता तथा गोरक्षशतक में योग के चार प्रकारों का वर्णन मिलता है -

मंत्रयोगों हष्चैव लययोगस्तृतीयक?।
चतुर्थो राजयोग (शिवसंहिता , 5/11)
मंत्रो लयो हठो राजयोगन्तर्भूमिका क्रमात
एक एव चतुर्धाऽयं महायोगोभियते॥

(गोरक्षशतकम)

उपर्युक्त दोनों श्लोकों से योग के प्रकार हुए : मंत्रयोग, हठयोग लययोग व राजयोग।

मंत्रयोग

'मंत्र' का समान्य अर्थ है- 'मननात त्रायते इति मंत्र?। मन को त्राय (पार कराने वाला) मंत्र ही है। मंत्र योग का सम्बन्ध मन से है, मन को इस प्रकार परिभाषित किया है- मनन इति मन?। जो मनन, चिन्तन करता है वही मन है। मन की चंचलता का निरोध मंत्र के द्वारा करना मंत्र योग है। मंत्र योग के बारे में योगतत्वोपनिषद में वर्णन इस प्रकार है-

योग सेवन्ते साधकाधमा।

(अल्पबुद्धि साधक मंत्रयोग से सेवा करता है अर्थात मंत्रयोग अनसाधकों के लिए है जो अल्पबुद्धि है।) मंत्र से ध्वनि तरगें पैदा होती है मंत्र शरीर और मन दोनों पर प्रभाव डालता है। मंत्र में साधक जप का प्रयोग करता है मंत्र जप में तीन घटकों का काफी महत्व है वे घटक- उच्चारण, लय व ताल हैं। तीनों का सही अनुपात मंत्र शक्ति को बढा देता है। मंत्रजप मुख्यरूप से चार प्रकार से किया जाता है।

(1) वाचिक (2) मानसिक (3) उपांशु (4) अणपा।

हठयोग

हठ का शाब्दिक अर्थ हठपूर्वक किसी कार्य करने से लिया जाता है। हठ प्रदीपिका पुस्तक में हठ का अर्थ इस प्रकार दिया है-

हकारेणोच्यते सूर्यष्ठकार चन्द्र उच्यते।
सूर्या चन्द्रमसो योंगाद्धठयोगोऽभिधीयते॥

इसका अर्थ सूर्य तथा ठ का अर्थ चन्द्र बताया गया है। सूर्य और चन्द्र की समान अवस्था हठयोग है। शरीर में कई हजार नाड़ियाँ है उनमें तीन प्रमुख नाड़ियों का वर्णन है, वे इस प्रकार हैं। सूर्यनाड़ी अर्थात पिंगला जो दाहिने स्वर का प्रतीक है। चन्द्रनाड़ी अर्थात इड़ा जो बायें स्वर का प्रतीक है। इन दोनों के बीच तीसरी नाड़ी सुषुम्ना है। इस प्रकार हठयोग वह क्रिया है जिसमें पिंगला और इड़ा नाड़ी के सहारे प्राण को सुषुम्ना नाड़ी में प्रवेश कराकर ब्रहमरन्ध्र में समाधिस्थ किया जाता है। हठ प्रदीपिका में हठयोग के चार अंगों का वर्णन है- आसन, प्राणायाम, मुद्रा और बन्ध तथा नादानुसधान। घेरण्डसंहिता में सात अंग- षटकर्म, आसन, मुद्राबन्ध, प्राणायाम, ध्यान, समाधि जबकि योगतत्वोपनिषद में आठ अंगों का वर्णन है- यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, भ्रमध्येहरिम् और समाधि।

: कुंडलिनी योग

चित्त का अपने स्वरूप विलीन होना या चित्त की निरूद्ध अवस्था लययोग के अन्तर्गत आता है। साधक के चित्त में जब चलते, बैठते, सोते और भोजन करते समय हर समय ब्रह्म का ध्यान रहे इसी को लययोग कहते हैं।

योगत्वोपनिषद में इस प्रकार वर्णन है-

गच्छस्तिष्ठन स्वपन भुंजन्ध्यायेन्त्रिष्कलमीश्वरम् स एव लययोग स्यात (22-23)

राजयोग

राजयोग सभी योगों का राजा कहलाया जाता है क्योंकि इसमें प्रत्येक प्रकार के योग की कुछ न कुछ सामग्री अवशय मिल जाती है। राजयोग महर्षि पतंजलि द्वारा रचित अष्टांग योग का वर्णन आता है। राजयोग का विषय चित्तवृत्तियों का निरोध करना है।

महर्षि पतंजलि के अनुसार समाहित चित्त वालों के लिए अभ्यास और वैराग्य तथा विक्षिप्त चित्त वालों के लिए क्रियायोग का सहारा लेकर आगे बढऩे का रास्ता सुझाया है। इन साधनों का उपयोग करके साधक के क्लेशों का नाश होता है, चित्तप्रसन्न होकर ज्ञान का प्रकाश फैलता है और विवेकख्याति प्राप्त होती है है।

योगाडांनुष्ठानाद शुद्धिक्षये ज्ञानदीप्तिरा विवेक ख्याते? (2/28)

राजयोग के अन्तर्गत महिर्ष पतंजलि ने अष्टांग को इस प्रकार बताया है-

मनियमासनप्राणायामप्रत्याहारधारणाध्यानसमाधयोऽष्टांगानि।

योग के आठ अंगों में प्रथम पाँच बहिरंग तथा अन्य तीन अन्तरंग में आते हैं।

उपर्युक्त चार पकार के अतिरिक्त गीता में दो प्रकार के योगों का वर्णन मिलता है-

(१) ज्ञानयोग (२) कर्मयोग

ज्ञानयोग, सांख्ययोग से सम्बन्ध रखता है। पुरुष प्रकृति के बन्धनों से मुक्त होना ही ज्ञान योग है। सांख्य दर्शन में 25 तत्वों का वर्णन मिलता है।

अष्टांग योग क्या है?



गुरू जग्गी वासुदेव

दरअसल योग नहीं उप-योग हैं। क्या हैं ये उप-योगः ये उप-योग आसानी से किए जा सकने वाले मूवमेंट्स हैं जिन्हें 7 साल से ऊपर का कोई भी व्यक्ति कर सकता है। इन्हें कहीं भी, किसी भी समय किया जा सकता है। योग गुरु द्वारा इन सरल योगाभ्यासों को 7 भागों में बांटा गया है। हर एक योग करने के लिए अधिकतम 5 मिनट का समय लगता है। क्या है ध्यान रखने वाली बातें?

इन योगाभ्यासों को करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए-

पेट पूरा भरा न हो। खाना खाने के बाद डेढ. घंटे का अंतर रखें। अगर किसी दिन ऐसा न कर पाएं तो उस दिन योग नमस्कार का अभ्यास न करें। हिंनिया की प्रॉब्लम या प्रेग्नेंसी के शुरुआती महीनों में अवॉइड करें। योग एक्सपर्ट की सलाह और डॉक्टर से पूछ कर ही योगासन करें। अगर आप सिर्फ एक अभ्यास करना चाहते हैं तो संपूर्ण खुशहाली के लिए योग नमस्कार करें। योग क्या है?

योग का अर्थ है जोड़ना. जीवात्मा का परमात्मा से मिल जाना, पूरी तरह से एक हो जाना ही योग है। योगाचार्य महिर्ष पतंजली ने सम्पूर्ण योग के रहस्य को अपने योगदर्शन में सूत्रों के रूप में प्रस्तुत किया है.

उनके अनुसार, ह्लचित्त को एक जगह स्थापित करना योग है।

अष्टांग योग क्या है?

हमारे ऋषि मुनियों ने योग के द्वारा शरीर मन और प्राण की शुद्धि तथा परमात्मा की प्राप्ति के लिए आठ प्रकार के साधन बताएँ हैं, जिसे अष्टांग योग कहते हैं..

ये निम्न हैं- यम नियम आसन प्राणायाम

प्रात्याहार धारणा ध्यान समाधि आसान से तात्पर्य शरीर की वह स्थिति है जिसमें आप अपने शरीर और मन को शांत स्थिर और सुख से रख सकें.

स्थिरसुखमासनम्ः सुखपूर्वक बिना कष्ट के एक ही स्थिति में अधिक से अधिक समय तक बैठने की क्षमता को आसन कहते हैं।योग शास्त्रों के परम्परानुसार चौरासी लाख आसन हैं और ये सभी जीव जंतुओं के नाम पर आधारित हैं। इन आसनों के बारे में कोई नहीं जानता इसलिए चौरासी आसनों को ही प्रमुख माना गया है. और वर्तमान में बत्तीस आसन ही प्रसिद्ध हैं।आसनों को अभ्यास शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वास्थ्य लाभ

दुनिया में योग से वसुधैव कुटुम्बकम-एक परिवार, एक-पृथ्वी का संदेश

सबार्नंद सोनोवाल

2023 अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की विषय वस्तु 'वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग' है, और यह विषय वस्तु समग्र रूप से एक स्वस्थ, आनंदमय, शांतिपूर्ण और शक्ति युक्त दुनिया बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) से जुड़े सभी लोगों के निरंतर, निर्भीक और स?थायी प्रयासों पर प्रकाश डालती है। योग सकारात्मक ऊर्जा लाता है, और 'वसुधैव कुटुम्बकम' दुनिया को एक बड़े परिवार के रूप में देखना और मानना है। इस तरह से देखा जाए तो भारत की प्राचीन पारंपरिक प्रथा- योग, प्राचीन काल की प्रार्थना : 'सर्वे भवन्तु' सुखिन, सर्वे सन्तु निरामय₹ (सभी सुखी हों और सभी रोगमुक्त हों') को साकार करने के लिए एक शक्तिशाली प्रेरणा शक्ति बन जाती है।

शुरूआत में, मैं दोहराना चाहता हूं कि आयुष ने कुल मिलाकर पिछले 9 वर्षों में जबरदस्त प्रगति की है। यह हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की कल्पना, दूरदर्शिता और भारत की परंपराओं की गहरी समझ है जिसने आयुष को बहुत तेजी से आगे बढ़ाया है। जन-साधारण की सेवा के प्रति उनकी स्थिर प्रतिबद्धता और भारत को हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते देखने की इच्छा के परिणामस्वरूप हर साल दुनिया भर में आईडीवाई मनाया जाता है जिसमें हर वर्ष भाग लेने वालों की संख्या कई गुना बढ़ जाती है। हमारे माननीय प्रधानमंत्री ने बहुत पहले 2014 में, संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के समक्ष हर वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव देते हुए वैश्विक कल्याण और समग्र स्वास्थ्य का मंत्र दिया था। संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों ने तब सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को स्वीकार किया और अब दुनिया इसे पूरे मन से अपना रही है।

'वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग' एक दिन का विषय नहीं है। यह एक ऐसी विषय वस्तु है जिस पर अच्छी तरह से विचार किया गया है, चर्चा की गई है, कई लोगों द्वारा प्रतिबिंबित किया गया है और हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इसकी कल्पना की है। जी20 राष्ट्रों और एससीओ (शंघाई सहयोग संगठन) के सदस्य देशों के प्रतिनिधि और एससीओ के भागीदार भी योग को बेहद सम्मान की दृष्टि से देखते हैं। इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न देशों के प्रतिनिधिमंडल भारत में योगाभ्यास करेंगे।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, जैसा कि हम इसे अभी देख रहे हैं, सामूहिक तौर पर योग की बढ़ती स्वीकार्यता है। सम्पूर्ण सरकारी दृष्टिकोण के साथ भारत सरकार का प्रत्येक मंत्रालय और सभी हितधारक तालमेल से काम कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम आयोजित करने के लिए भारतीय दूतावासों, विदेशों में भारतीय मिशनों और दुनिया भर में वाणिज्य दूतावासों को प्रोत्साहित करता है। यह वैश्विक समुदाय के बीच योग को बढ़ावा देता है और भारत की सांस्कृतिक कूटनीति को मजबूत करता है। इसी प्रकार अन्य मंत्रालय भी अपनी सापेक्ष शक्ति के क्षेत्र में कार्य करते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 की विषय वस्तु की पूरी क्षमता का एहसास करने के लिए, सबसे पहला और महत्वपूर्ण कार्य दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचने का होगा। पिछले साल हमने इस उद्देश्य के लिए ₹गार्जियन रिंग ऑफ योग₹ किया था। इस साल हम ओशन रिंग के रूप में, और प्राइम मेरिडियन लाइन पर या उसके पास पड़ने वाले आर्कटिक से अंटार्कटिका देशों तक₹ योग प्रदर्शन कर रहे हैं। 21 जून को ये दो विचार न केवल वैश्विक समुदायों की भागीदारी बढ़ाएंगे, बल्कि यह भी प्रदर्शित करेंगे कि योग जीवन को बनाए रखने वाली शक्ति है, चाहे स्थिति या स्थान कोई भी हो। योग उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र, हिमाद्रि-स्वालबार्ड, आर्कटिक में भारतीय अनुसंधान केन्द्र; और भारती- अंटार्कटिका में तीसरा भारतीय अनुसंधान केन्द्र में भी होगा।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 समारोह में हर तबके, वर्ग, समूहों को शामिल करने के लिए हमारे देश में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। योग भारतमाला बनाई जाएगी, जिसमें भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना, नौसेना, तटरक्षक बल और सीमा सड़क संगठन की भागीदारी देखने को मिलेगी। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अमृत सरोवर भी इस वर्ष के समारोह का हिस्सा होंगे। शिक्षा मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय के साथ-साथ भारत सरकार के अन्य प्रमुख मंत्रालय भी इस उत्सव का हिस्सा हैं। यह पूरे सरकार के दृष्टिकोण को भी दशार्ता है। यह विचार स्पष्ट रूप से यह दिखाता है कि आईडीवाई हर किसी के लिए उत्सव है और हम में से प्रत्येक को अपनी भूमिका निभानी है।

ग्रामीण स्तर पर सामान्य योग प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा और इसके लिए सामान्य सेवा केन्द्रों को भी जोड़ा गया है। राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत आयुष स्वास्थ्य और सम्पूर्ण स्वास्थ्य केन्द्र भी सामान्य योग प्रोटोकॉल का पालन करेंगे। यह भारत भर के सभी स्वास्थ्य और सम्पूर्ण स्वास्थ्य केन्द्रों में होगा। सीवाईपी का अभ्यास सभी आयुष सुविधाओं जैसे शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों आदि में किया जाएगा। प्रत्येक राज्य का एक आयुष ग्राम भी सीवाईपी अभ्यास में भाग लेगा और इसके लिए चिन्हित गाँव में योग प्रशिक्षक नियुक्त किए जा रहे हैं ताकि ₹सम्पूर्ण योग ग्राम₹ का दर्जा प्राप्त किया जा सके। इसका अंतिम उद्देश्य ग्रामीण और सुदूरवर्ती इलाकों में ₹हर आंगन योग₹ के लक्ष्य को हासिल करना है, इसके लिए भारत में 2 लाख से अधिक गांवों में लोगों को कॉमन योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) में प्रशिक्षित करने का प्रावधान किया गया है।

इस वर्ष, हमारे माननीय प्रधानमंत्री न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में योग प्रदर्शन की अगुवाई करेंगे। मुझे यकीन है कि इससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर योग को बड़ा समर्थन मिलेगा। साथ ही, इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम 21 जून को मध्य प्रदेश के जबलपुर में होगा।

(लेखक केन्द्रीय आयुष और पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री)

ब्यूटीशियन हत्याकांड का हुआ खुलासा

सौतन ने सुपारी किलर से करायी थी मनीषा की हत्या

दुमका से नोनीहाट के बीच गोली मारकर की गयी थी हत्या

रिया रमन होटल में खाना खाने के बाद मनीषा को कार में लेकर निकले थे अपराधी

जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

हंसडीहा। दुमका के नगर थाना क्षेत्र में रसिकपुर मोहल्ले में श्रृंगार ब्यूटी पार्लर की संचालिका मनीषा कुमारी की हत्या की साजिश उसकी सौतन आशा देवी ने सुपारी किलर के साथ मिलकर रची थी। एसडीपीओ शिवेंद्र के नेतृत्व में गठित विशेष पुलिस टीम ने मामले का उद्भेदन कर इस मामले में सौतन आशा देवी समेत तीन को गिरफ्तार किया है। घटना में प्रयुक्त कार को भी पुलिस ने जरमुंडी के पास से जब्त किया है। मंगलवार को एसडीपीओ शिवेंद्र ने हंसडीहा थाना में जानकारी देते हुए बताया कि जयप्रकाश मंडल उर्फ प्रकाश मंडल ने अपनी पत्नी आशा देवी के रहते दुमका की ब्यूटीशियन मनीषा से शादी कर ली थी। मनीषा का अपने पहले पति से तलाक हो चुका है। जयप्रकाश मंडल मनीषा की सुंदरता पर इस कदर फिदा था कि उसे रानी की तरह बनाकर रखने लगा। इसी दरम्यान मनीषा गर्भवती हो गई। जयप्रकाश ने मनीषा को आश्वासन दिया था कि उसे जल्द ही अपने घर ले जाएगा। इधर, अपनी सौतन के गर्भवती होने की जानकारी मिलने पर आशा को लगने लगा कि मनीषा की संतान उसके पति के सम्पत्ति पर आधा अधिकार जमा लेगा।ये बात उसपर नागवार गुजरी और आशा ने अपने भतीजे पीताम्बर मंडल के साथ मिलकर अपराधी मुमताज अंसारी के सहयोग से मनीषा को रास्ते से हटाने की साजिश रच डाली। प्लान के तहत पीताम्बर मुमताज अंसारी और एक कार चालक को लेकर 17 जून को मनीषा के पास पहुँचा और मनीषा को हंसडीहा ले जाने की बात कहकर उसे अपने साथ लेकर निकल गया इससे पहले सभी दुमका स्थित रिया रमन लाइन होटल में खाना खाया और फिर वहां सि निकल गये। दुमका से निकलने के बाद दुमका और नोनीहाट के बीच सुनसान जगह देखकर चलती कार में ही मनीषा के साथ पीछे बैठे मुमताज ने दो गोली चला डाली जिससे मनीषा की मौत हो गई। जिसके बाद रात में ही अपराधियों ने हंसडीहा थाना क्षेत्र के चोरबटिया पत्थर खदान में ले जाकर शव को फेक दिया। पुलिस अपराधियों द्वारा घटना में प्रयुक्त की गई हरे रंग की फोर्ड फिगो कार, मनीषा का पर्स, खून से सना दुपट्टा, सेंडिल आदि बरामद करते हुए हत्या को अंजाम देने वाले अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दी है।

भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। उपराजधानी दुमका सहित जिले में कई मंदिरों से भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई जिसमें अच्छी संख्या में भक्त शामिल हुए। दुमका शहर में दुर्गास्थान मंदिर से रथ यात्रा निकाली गई। इसके पूर्व दुर्गास्थान मंदिर में भगवान जगन्नाथ, बलराम जी और सुभद्रा का प्रतिका स्थापित किया गया। सुबह से ही दुर्गास्थान में पूजा-अर्चना शुरू हो गया था। प्रतिमा स्थापन के पश्चात रथ यात्रा निकाली गई जो 10 टन लोहे से बने रथ पर भगवान जगन्नाथ के साथ सुभद्रा और बलराम भी सवार थे। भक्तों के बीच यह मान्यता है कि रथ यात्रा में शामिल होने और भगवान का रथ खींचने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है और मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती है। रथ यात्रा में अच्छी संख्या में भक्तों ने भाग लिया और रथ की रस्सी खींच कर भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद लिया। रथ यात्रा को लेकर दुमका के साथ ही मसलिया, बासुकीनाथ और रानेश्वर में सहित ग्रामीण इलाके उत्सवी माहौल रहा। शहर के साथ ही कई मंदिरों से रथ यात्रा निकली जिसमें अच्छी संख्या में भक्तों ने भाग लिया और रथ की रस्सी खींच कर भगवान जमन्नाथ का आशीर्वाद लिया। दुमका में दुर्गास्थान से भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा धूमधाम से निकाली गई। इस रथ यात्रा में काफी संख्या में महिलाओं ने भी भाग लिया। भगवान जगन्नाथ के साथ ही रथ पर बलराम जी और सुभद्रा भी सवार थे। दुमका शहर में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा जिस रथ पर होता है वह 10 टन लोहे का बना है। दुर्गास्थान भगवान जगरनाथ को स्नान कराया गया। नए वस्त्र पहनाए गए एवं भगवान को भोग दही चुड़ा, कटहल का कोवा, खुरमा, बतासा का लगाया गया। उसके बाद भगवान जगन्नाथ के जयकारे के साथ रथ यात्रा मौसीबाड़ी के लिए प्रस्थान किया। रथ यात्रा शहर में वीर कुवंर सिंह चौक, नीचे बाजार और टीनबाजार सहित शहर के कई प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। जिधर से भी रथ गुजरी भक्तों ने थोड़ी दूर तक रथ खींच कर भगवान का आशीर्वाद लिया। गमरा गांव के भजन कीर्तन मंडली द्वारा भजन-कीर्तन के साथ रथ यात्रा निकाली गई। कीर्तन मंडली में काफी संख्या में भजन गायक शामिल हुए। मुख्य पुजारी छोटे लाल मिश्रा ने बताया कि दुमका में करीब 100 साल से रथ यात्रा निकालने की परम्परा चली आ रही है।

गोड्डा-सियालदह अप- डाउन ट्रेन के ठहराव की मांग को लेकर जुटे ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

शिकारीपाड़ा। प्रखण्ड स्थित पिनरगड़िया रेलवे स्टेशन पर गोड्डा - सियालदह अप - डाउन ट्रेन के ठहराव की मांग को लेकर मंगलवार को काफी संख्या में ग्रामीणों का जुटान हुआ । इनकी मांग थी कि पिनरगड़िया रेलवे स्टेशन पर गोड्डा - सियालदह अप डाउन ट्रेन का ठहराव हो ।ग्रामीणों का कहना था कि 03 माह पूर्व भी उन्होंने इसके लिए आवाज उठाई थी और स्टेशन प्रबंधन के द्वारा हम लोगों को आश्वासन दिया गया था कि उक्त ट्रेन का ठहराव होगा लेकिन आज तक ऐसा नहीं हुआ। स्टेशन पर जुटे ग्रामीण काफी आक्रोशित नजर आये। उनका कहना था कि इस क्षेत्र के आसपास पच्चीस से तीस की आबादी है। ऐसे में यह ट्रेन का रुकना काफी आवश्यक है। इन लोगों ने स्टेशन मास्टर से भी मुलाकात की तो स्टेशन मास्टर ने आश्वासन दिया कि आप की मांगों को वरीय अधिकारी तक पहुंचाई जाएगी। ग्रामीणों ने कहा कि इस माह के अंत तक अगर इस ट्रेन का ठहराव नहीं होता है तो हमारा आंदोलन तेज होगा। वही पूरे मामले पर स्टेशन मास्टर ने कहा कि ग्रामीणों की मांग पर हमने वरीय अधिकारी से बात की तो उन्होंने लिखित रूप से आवेदन लेने को कहा है ।आवेदन को हम वरीय अधिकारी को फॉरवर्ड कर देंगे। उन्हीं के द्वारा आगे डिसीजन लिया जाएगा ।

बिहार की खबरें

भारत-नेपाल सीमा पर क्रॉस बॉर्डर मानव तस्करी रोकने पर हुई कार्यशाला

एजेंसी

पूर्वी चंपारण। चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय पटना के तत्वाधान में मंगलवार को रक्सौल स्थित आईसीपी में क्रॉस बार्डर बाल व मानव तस्करी रोकने को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे सशस्त्र सीमा बल पाँच वाहिनी 21वीं, 44 वीं, 47वीं, 65वीं 71वीं के प्रतिनिधियो ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में बिहार-नेपाल सीमा पर क्रॉस बॉर्डर मानव तस्करी को रोकने के लिए, बिहार नेपाल सीमा पर क्रॉस बॉर्डर मानव तस्करी की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की जानकारी दी गयी,साथ ही बलकर्मियो को मानव तस्कर और पीडित की पहचान के लिए बनायी फिल्मो को भी दिखाया गया। मानव तस्कर और पीड़ित से बातचीत करने तरीका,मानव तस्करी के संदर्भ में मुख्य कानून, एएचटीयू के कार्य और वाहिनियों के सहयोग,मानव तस्करी की सूचना कैसे काम करे,बाल यौन शोषण,बाल मजदूरी,बाल विवाह जैसी गंभीर मुद्दों पर भी प्रशिक्षण दिया गया।

मौके पर देवा सैकिया, सहायक कमांडेंट 44वीं वाहिनी नरकटियागंज, उपनिरीक्षक अनुज कुमार, बाह्य पुलिस चौकी रक्सौल,उपनिरीक्षक खुशबू कुमारी,थाना रक्सौल,आर.आर कश्यप आरपीएफ रक्सौल, किरण शर्मा बाल कल्याण अधिकारी बीरगंज महानगरपालिका, भारत की गैर सरकारी संस्था में जिला समन्वयक आरती कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।

जानलेवा हमले में अवर निरीक्षक जख्मी परिजनों ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

नवादा। भारत सीमा सुरक्षा बल के एनडीआरएफ दिल्ली बटालियन में कार्यरत अवर निरीक्षक रवि रंजन कुमार को काशीचक थाने के जगदीशपुर गांव में अविनाश कुमार तथा उनके परिजनों ने तेज हथियार से प्राण लेवा हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया ।इस घटना के बावजूद हमलावर खुलेआम घूम रहे हैं। पुलिस उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई नहीं कर उल्टे अपराधियों का ही समर्थन कर रही है।

सीमा सुरक्षा बल के अवर निरीक्षक रवि रंजन के रिश्तेदारों ने मंगलवार को बिहार के मुख्यमंत्री, डीजीपी, मगध जोन के आईजी सहित कई उच्च अधिकारियों को शिकायत पत्र भेजकर हत्या की नियत से हमला करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है ।

उन्होंने कहा कि उनके गांव के अविनाश कुमार अपराधी किस्म का व्यक्ति है, जो शराब के नशे में रहकर बराबर सबको मारपीट किया करता है। उन पर और भी कई मुकदमे किए गए है लेकिन स्थानीय पुलिस संरक्षित कर रही है। इलाके के लोगों ने अविनाश कुमार के गिरफ्तारी कर कार्रवाई की मांग की है।

विश्व के सबसे बड़े विराट रामायण मंदिर का निर्माण कार्य हुआ शुरू

3.76 लाख वर्गफुट में होगा निर्माण, 270 फीट ऊंचा होगा मुख्य शिखर

विराट रामायण मंदिर की लंबाई 1080 फीट और चौड़ाई 540 फीट होगी



एजेंसी

पूर्वी चंपारण। बिहार के पूर्वी चंपारण जिला स्थित केसरिया-चकिया पथ पर कैथवलिया बहुआरा में विराट रामायण मंदिर का निर्माण कार्य मंगलवार 20 जून से शुरू हो गया।

पटना महावीर मंदिर न्यास समिति के प्रमुख आचार्य किशोर कुणाल ने विधि विधान के साथ पूजा कर खुदाई के साथ निर्माण कार्य को शुरू करते कहा कि भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के पावन अवसर पर यह कार्य शुरू किया जा रहा है। वर्ष 2025 के आखिर तक विराट रामायण मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा। मंदिर में विश्व के सबसे बड़े शिवलिंग की स्थापना सावन में की जाएगी। मंदिर के कुल 12 शिखरों की साज-सज्जा में और दो वर्ष लगेंगे।

उन्होने बताया कि प्रभु श्रीराम जब शादी के लिए अयोध्या से जनकपुर जा रहे थे,तब उनकी बारात यहां रूकी थी,इसलिए ही इस स्थल का चयन कर इसका नाम जानकी नगर रखा गया है ।कहा,कि विराट रामायण मंदिर तीन मंजिला होगा। मंदिर के प्रवेश द्धार पर प्रथम पूज्य विघ्नहर्ता भगवान गणेश विराजमान होगे ।जिसके बाद काले ग्रेनाइट की चट्टान से बने विशाल शिवलिंग होंगे। जिसे महाबलिपुरम में 250 टन वजन के ब्लैक ग्रेनाइट पत्थर की चट्टान को तराशकर मुख्य शिवलिंग के साथ सहस्त्रलिंगम का स्वरूप दिया जा रहा है।

उन्होने बताया कि ऐतिहासिक प्रमाणो के अनुसार आठवीं शताब्दी के बाद सहस्त्रलिंगम का निर्माण भारत में नहीं हुआ है। शिवलिंग का वजन 210 टन, ऊंचाई 33 फीट और गोलाई 33 फीट होगी। मन्दिर का क्षेत्रफल 3.67 लाख वर्गफुट होगा। सबसे ऊंचा शिखर 270 फीट का होगा ।दुसरा शिखर 198 फीट का होगा। जबकि 180 फीट के अन्य चार शिखर के साथ 135 फीट का एक और शिखर और 108 फीट ऊंचाई के 5 शिखर का निर्माण होगा। विराट रामायण मंदिर की लंबाई 1080 फीट और चौड़ाई 540 फीट है।

आचार्य किशोर कुणाल ने बताया कि यह मंदिर अयोध्या में बन रहे रामलला मन्दिर की लंबाई 360 फीट और चौड़ाई 235 फीट और सबसे ऊंचा शिखर 135 फीट से ज्यादा होगी ।विराट रामायण मन्दिर में शैव और वैष्णव देवी-देवताओं के कुल 22 मन्दिरो के साथ कई आश्रम, गुरुकुल और धर्मशाला का भी निर्माण होगा।

पेड़ पर लटका मिला तेंदुआ का शव

पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का चलेगा पता

बगहा। वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना वन प्रमंडल 2 के मदनपुर रेंज के नौरंगिया स्थित वाल्मीकिनगर--बगहा राजकीय पथ से सटे भजनी कुट्टी मंदिर परिसर में संदिग्ध अवस्था में पेड़ से लटकता एक तेंदुआ का शव मंगलवार को मिला। जिसे देखते ही वन विभाग के अधिकारियों की बेचैनी बढ़ गई है।

समाचार लिखे जाने तक तेंदुआ की मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। वन विभाग के पदाधिकारियों के मुताबिक पोस्टमार्टम के रिपोर्ट आने के बाद तेन्दुआ की मौत की खुलासा हो पायेगा।

ग्रामीणों के अनुसार इस तरह से तेंदुआ की मौत पहली बार हुई है, इसके पहले ऐसा कभी क्षेत्र में सुनने और देखने को पहली बार मिला है।

सीपीआइ ने विभिन्न मांगों के समर्थन में जुलूस निकाल कर किया प्रदर्शन

एजेंसी

सहरसा। सीपीआई ने विभिन्न मांगों के समर्थन में मंगलवार को समाहरणालय के मुख्यद्वार पर जोरदार प्रदर्शन किया। समाहरणालय के निकट सभा को संबोधित कर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य कॉमरेड ओम प्रकाश नारायण ने कहा कि देश में महंगाई की मार से जनता कराह रही है। वहीं बेरोजगार युवकों की बढ़ती फौज देश बारूद के ढेर पर खड़ा है। सरकार की विभाजन कारी सांप्रदायिक कारगुजारी सामाजिक सौहार्द चिंताजनक रूप से खराब होते जा रहे हैं। जनता की गाढ़ी कमाई से खड़ा किया गया सार्वजनिक क्षेत्र अपने कॉर्पोरेट मित्रों के हवाले किया जा रहा है। सीबीआई का इस्तेमाल विपक्ष मुक्त भारत बनाने के लिए किया जा रहा है।
उन्होंने कहा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की सरकार ने अपनी कार्यप्रणाली से साबित कर दिया है। यह सरकार देश विरोधी जन विरोधी और समाज विरोधी है। जातीय गणना को अप्रत्यक्ष रूप से रोड़ा अटका दिया गया है ।वही समाहरणालय पर प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया।
सभा से पूर्व निकाली गयी रैली सुपर बाजार से निकलकर संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा कौन करेगा। बेरोजगारों को रोजगार एवं किसानों को समर्थन मूल की गारंटी करो जैसे कई नारे लगाते हुए सरकार के नीतियों का विरोध किया।

एक नजर में

सदर अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में भी एंटी रेबीज वैक्सीन रखी जाये : त्रिशानु राय

चाईबासा। सदर अस्पताल चाईबासा के आपातकालीन कक्ष में भी जनहित में एंटी रैबीज वैक्सीन रखे जाने की मांग को लेकर प०सिंहभूम जिला बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य सांसद प्रतिनिधि त्रिशानु राय ने मंगलवार को असैनिक शल्य चिकित्सक -सह- मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को पत्र लिखा है। पत्र में त्रिशानु राय ने कहा कि एंटी रेबीज वैक्सीन ओपीड़ी में तो उपलब्ध रहता है। किंतु आपातकालीन कक्ष में एंटी रैबीज वैक्सीन उपलब्ध नहीं रहने की स्थिति में स्थानीय लोगों को दो- चार होकर मजबूरन बाहर से वैक्सीन अन्यत्र क्रय करना पड़ता है। उस स्थिति में विशेषकर आर्थिक स्थिति से असक्षम स्थानीय लोगों को काफी परेशानी होती है। सदर अस्पताल चाईबासा पूरे प. सिंहभूम जिले के लिए संजीवनी है। सदर अस्पताल प्रबंधन की भी उदासीनता इस संदर्भ में दृष्टिगोचर होती है। प्रबंधन को यह चाहिए स्थानीय लोगों की मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखे पर इस संदर्भ में पूरी उदासीनता बरती जा रही है। त्रिशानु ने बताया कि रविवार को चाईबासा के स्थानीय निवासी रवि कुमार मिश्रा को स्वान डॉग के द्वारा रात में काट लिया जाता है। वो वैक्सीनेशन के लिए सदर अस्पताल चाईबासा पहुंचते है तो उन्हें आपातकालीन कक्ष में वैक्सीन अनुपलब्ध नहीं होने की बात कहा जाता है। जिसके बाद मजबूरन उनको वैक्सीनेशन अन्यत्र सःशुल्क करवाना पड़ा है। इसलिए सदर अस्पताल चाईबासा के आपातकालीन कक्ष में भी एंटी रेबीज वैक्सीन रखा जाए।

पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षा परिणाम प्रकाशित, 98 फीसदी छात्र हुए सफल

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्विद्यालय की पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षा का परीक्षा परिणाम प्रकाशित हुई। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता प्रो दीपक कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि पीएसडी कोर्स वर्क परीक्षा 2022 का परीक्षा परिणाम जारी हुआ। यह परीक्षा मई के अंतिम सप्ताह में आयोजित हुई थी।इस परीक्षा में विभिन्न विभागों के कुल 244 शोधार्थी शामिल हुए थे। जिसमें से 97.95 फीसदी छात्र-छात्राएं सफल घोषित हुए है। परीक्षा विभाग के तत्परता और प्रभारी कुलपति डॉ विमल प्रसाद सिंह के कुशल नेतृत्व के कारण पी-एचडी कोर्स वर्क परीक्षा का रिजल्ट परीक्षा के सिर्फ 22 दिनों के बाद ही प्रकाशित हुई।

पेज 1 का शेष

भक्तों के बीच पहुंचे भगवान...

राज्यपाल और सीएम ने रथ खींच की शुरुआत : राज्यपाल राधाकृष्णन, सीएम हेमंत सोरेन, कांग्रेस नेता सुबोधकांत सहाय, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सांसद संजय सेठ, हटिया विधायक नवीन जायसवाल समेत अन्य ने रस्सा खींच कर रथ यात्रा की शुरुआत की। इस दौरान भक्तों की भीड़ महाबाहु भगवान श्री जगन्नाथ के रथ से जुड़े रस्से को छूने के लिए लालायित रही। शाम को भक्तों ने रख खींचकर मौसी बाड़ी पहुंचाया। भगवान अब नौ दिनों तक यहीं रहेंगे। दिन के दो बजे जब जगत नियंता मुख्य मंदिर की 135 सीढ़ियों से उतरकर जब भक्तों के बीच पहुंचे तो हर भक्त उनके रथ को स्पर्श के लिए ललक रहा था, ताकि उनकी कृपा में सारे दुख-दर्द कष्ट और पीड़ा समाप्त हो जाये। **29 को घुरती रथ यात्रा :** अहले सुबह से ही प्रभु के दर्शन को भक्त मुख्य मंदिर में उमड़ पड़े थे। प्रभु अब 10 दिन मौसी के घर रहेंगे। 29 जून को घुरती रथ यात्रा के दिन प्रभु अपने धाम मुख्य मंदिर लौटेंगे। अब 10 दिनों तक भक्त मौसीबाड़ी में प्रभु की पूजा-अर्चना करेंगे। **यहां भी निकाली गयी रथ यात्रा :** मंगलवार को राज्य के अलग-अलग जगहों पर रथ यात्रा निकाली गयी। रांची में जगन्नाथपुर के बाद रातू, ईटकी, बेड़ो, चनकोपी, लोहरदगा, भण्डरा, नागफेनी, बहरागोड़ा, धनबाद, कुमारधुबी, कोल्हान में नोवामुंडी, किरीबुरू, पाकुड़, डालटेनगंज, हजारीबाग सहित अन्य जगहों में धूमधाम से प्रभु जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की रथ खींची गयी। इन जगहों पर मेला का भी आयोजन हुआ।

कारोबारी विष्णु अग्रवाल से...

जिसपर इसके खिलाफ जेल अधीक्षक हाईकोर्ट चले गये। इसी को आधार बनाते हुए पिछले दो समन में जेल अधीक्षक इडी के सामने उपस्थित नहीं हुए। हालांकि पांच दिसंबर 2022 को वह इडी के रांची एयरपोर्ट रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ में शामिल हो चुके हैं। इडी ने तब उनसे जेल का सीसीटीवी फुटेज मांगा था, लेकिन उन्होंने नहीं दिया। इडी को सूचना मिली थी कि जेल में रहते हुए मनी लांड्रिंग के गिरफ्तार आरोपित जेल मैनुअल का उल्लंघन कर रहे हैं। मोबाइल फोन सहित वह सभी सुविधाएं भोग रहे हैं, जो जेल मैनुअल के विरुद्ध है।

झमाझम बारिश से...

पलामू को छोड़, हर जगह तापमान गिरा : मंगलवार दोपहर बाद हुए मौसम के बदलाव से लोगों को तेज गर्मी और धूप से राहत मिली। कुछ इलाकों में अच्छी बारिश हुई। बदले मौसम के बाद पलामू को छोड़कर राज्य के सभी जिलों में तापमान 40 डिग्री से नीचे आ गया है। अगले कुछ दिनों तक राजधानी समेत अन्य जिलों में तेज बारिश और वज्रपात की संभावना बनी रहेगी। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि शुष्क मौसम के दौरान अचानक बारिश होने से वज्रपात की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने तीन दिनों तक वज्रपात की प्रबल आशंका जतायी है। आने वाले तीन दिनों तक मानसून राज्य में पूरी तरह मजबूत हो जायेगा। **लोहरदगा में तीन की मौत, चार गंभीर :** मंगलवार को बरसात के बीच लोहरदगा में आसमानी कहर का प्रकोप दिखा। वज्रपात की घटना में बालक सहित तीन लोगों की मौत हो गयी। चार लोग गंभीर रूप से झुलस गये हैं। लोहरदगा सदर अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। मृतकों संगीता कुमारी (14), बसमतिया देवी (46) के नाम हैं। वही 55 वर्षीय बुधमन खेरवार और 14 वर्षीय मनीषा कुमारी घायल हो गयी। मृतकों में पेशरार बालाडीह चिनार टोला गांव में संगीता कुमारी और बसमतिया देवी शामिल है। वही एक अन्य ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। **मेसरा में वज्रपात से एक की मौत :** मंगलवार शाम वज्रपात के कारण मेसरा पूर्वी पंचायत की सिमरन(12) की जान चली गयी। रुदिया गांव की रहने सिमरन अपने भाई और बहन के साथ नहाने के लिए घर से कुछ ही दूरी पर कुआं पर गई थी। उसी समय ठनका गिरने से उसकी मौत हो गयी।

आज यूएनओ मुख्यालय में...

वहां से पीएम मोदी वाशिंगटन डीसी जायेंगे, जहां 22 को व्हाइट हाउस में उनका औपचारिक स्वागत किया जायेगा। यहां वह अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन के साथ उच्च स्तरीय संवाद करेंगे। बाइडेन और प्रथम महिला डॉ जिल बाइडेन उसी शाम पीएम मोदी के सम्मान में राजकीय रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे। मोदी की संयुक्त राज्य अमेरिका की पहली आधिकारिक यात्रा होगी और भारत से अमेरिका की केवल तीसरी राजकीय यात्रा होगी। पीएम मोदी मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी के निमंत्रण पर मिस्त्र अरब गणराज्य की राजकीय यात्रा पर 24 जून को वह काहिरा पहुंचेंगे। काहिरा भी जायेंगे। **पांच बड़ी डिफेंस डील :** पीएम मोदी की इस यात्रा के दौरान पांच रक्षा सौदों को मंजूरी मिल सकती है। ये रक्षा सौदे न सिर्फ दोनों देशों के लिए काफी मायने रखते हैं, बल्कि इन पर दुनियाभर के देशों की नजर है। अमेरिका ने एम 777 लाइट होवित्जर तोप को अपग्रेड करने की पेशकश की है। इससे इसकी रेंज बढ़ जायेगी। ये हल्की तोप कारगिल जैसे पहाड़ी इलाके में युद्ध में काफी कारगर है। यह करीब 40 किलोमीटर तक मार करने की क्षमता रखती है। भारत को चीन से मुकाबला करने के लिए लड़ाकू विमानों की संख्या तेजी से बढ़ानी होगी। स्वदेशी विमान तेजस ने अपनी क्षमता साबित की है। यात्रा के दौरान दोनों पक्षों में बेंगलुरु शहर में भारत के सरकारी हिंदुस्तान एयरोनॉटिकल लिमिटेड में लड़ाकू जेट इंजनों जीई एफ 414 के सह-निर्माण के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर करने की उम्मीद है। एमक्यू 9 प्रीडेटर अमेरिका से सबसे घातक ड्रोन है इस पर करार संभव है। नौसेना के पास अभी दो एमक्यू 9 प्रीडेटर ड्रोन है।

स्पीड न्यूज

पाक में न्यूक्लियर पावर प्लांट लगाएगा चीन

इस्लामाबाद। भीषण आर्थिक संकट के बीच चीन ने पाकिस्तान में 1200 मेगावॉट क्षमता का पावर प्लांट लगाने का फैसला किया है। दोनों देशों के बीच इस पावर प्लांट के लिए 4.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर का समझौता हुआ, जिस पर मंगलवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए।चीन ने पाकिस्तान के पंजाब राज्य के मियांवाली जिले में पावर प्लांट लगाने में 4.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर निवेश का फैसला लिया है। इस प्लांट को चश्मा-5 नाम दिया गया है।

गैंगस्टर आसे की ढाई करोड़ की संपत्ति कुर्क

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर जिले की पुलिस ने मंगलवार को गैंगस्टर मनोज आसे की करीब ढाई करोड़ रुपये की अचल संपत्ति कुर्क कर ली। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मनोज के खिलाफ हत्या, रंगदारी वसूलने सहित विभिन्न धाराओं में करीब एक दर्जन मामले दर्ज हैं।

मणिपुर में चार संदिग्ध उग्रवादी गिरफ्तार

इम्फाल। जातीय हिंसा से प्रभावित मणिपुर के थौबल जिले में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) के चार संदिग्ध सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी। गिरफ्तार आरोपियों से 51 एमएम का एक मोर्टार, एक बम बरामद किया गया है।

पाक में प्रेम-संबंध में तीन की हत्या, एक के नाक-कान काटे

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में अलग-अलग घटनाओं में झूठी शान के नाम पर दो किशोरियों एवं एक पुरुष की कथित रूप से हत्या कर दी गयी जबकि एक व्यक्ति के नाक-कान काट डाले गये। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि पहली घटना में पंजाब में सरगोधा जिले में नसीर अहमद को 19 वर्षीय बेटी पर अपने ही क्षेत्र के मुख्तार से प्रेम-संबंध का संदेह था। सोमवार को अहमद ने पहले अपने घर में अपनी बेटी की हत्या कर दी गयी और फिर वह मुख्तार के यहां गया एवं उसे चाकू घोंपकर मार डाला।

स्कूली छात्रों को भोजन में अब मिलेगा सहजन, साग व फलियां

पीएम पोषण योजना : लौह, खनिज की कमी से निपटने की तैयारी

▸▸ शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और शिक्षा सचिवों को पत्र में दिया सुझाव

एजेंसी

नयी दिल्ली। स्कूली छात्रों में लौह, खनिज की कमी से निपटने के लिए पीएम पोषण योजना के तहत मिलने वाले भोजन में अब सहजन, पालक, स्थानीय स्तर पर उपलब्ध साग एवं फलियां आदि को शामिल किया जा सकता है। शिक्षा मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव एल एस चांगसन ने 14 जून को राज्यों के अतिरिक्त सचिवों, मुख्य सचिवों, शिक्षा सचिवों तथा पीएम पोषण शक्ति निर्माण के अनुपालन के शीर्ष निकायों को लिखे पत्र में यह सुझाव दिया है।पत्र में कहा गया है कि मैं आपका ध्यान राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (2019-20) की ओर दिलाना चाहता हूं जिसमें यह बात सामने आई है कि 32 प्रतिशत बच्चे कम वजन वाले है और 67 प्रतिशत बच्चों में किसी न किसी स्तर पर रक्ताल्पता (अनिमिया) है। ये आंकड़े भविष्य की पीढ़ी के लिए गंभीर है और आपके तत्काल हस्तक्षेप की जरूरत है। पीएम पोषण योजना में रूचिकर एवं पोषक भोजन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा गया है कि टूटा गेहूं, टूटा चावल, मोटा अनाज, निर्धारित मात्रा में दाल, मौसमी हरी पत्तेदार सब्जी तथा कुछ मात्रा में खाद्य तेल एवं मसाले से भोजन पोषक और स्वास्थ्यवर्द्धक बनता है ।कई तरह के खाद्य पदार्थो के संयोग से तैयार भोजन रुचिकर

बनता है और ऐसे खाने के छात्रों की रुचि बनी रहती है। पत्र में शिक्षा मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव चांगसान ने कहा कि मैं आपसे इन बातों पर विचार करने का आग्रह करता हूं ताकि छात्रों को दैनिक आधार पर पोषक, स्वादिष्ट एवं गर्म पका भोजन सुनिश्चित किया जा सके। इसमें कहा गया कि छात्रों के लिए खाना तैयार करने में स्थानीय व्यंजनों को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए । हरे पत्तेदार सब्जी का उपयोग काफी महत्वपूर्ण होता है जिससे रक्ताल्पता को कम करने में मदद मिलती है। इसमें कहा गया कि छात्रों के भोजन में सहजन, पालक, स्थानीय स्तर पर उपलब्ध साग को भी शामिल किया जा सकता है जो बच्चों के खाने में लौह तत्व के अच्छे स्त्रोत होते हैं और इससे उन्हें अधिक पोषक तत्व मिलेंगे। भोजन में फलियां शामिल करने से स्कूली बच्चों में अच्छी मात्रा में प्रोटीन, विटामिन और खनिज की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी । पत्र में स्कूलों की पोषण वाटिका के महत्व पर जोर दिया गया है। इसमें कहा गया कि पोषण वाटिकाओं में सब्जियां उगाने में स्कूली बच्चों को शामिल करने के बहु आयामी प्रभाव पड़ते हैं। इससे बच्चो सब्जियां उगाना सीखते हैं, साथ ही उनमें कौशल विकास होता है तथा सामूहिकता एवं स्वामित्व बोध होता है। पीएम पोषण राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत एक प्रमुख केंद्र पोषित योजना है जिसके दायरे में 10.84 लाख सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले 12 करोड़ बच्चे आते हैं। पत्र में कहा गया कि परियोजना मंजूरी बोर्ड की वित्त वर्ष 2023-24 की बैठकों के कार्यवृत से स्पष्ट हुआ है कि कुछ राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में पीएम पोषण योजना के तहत भोजन के व्यंजनों की सूची पर विशेष ध्यान दिये जाने की जरूरत है क्योंकि इसका स्कूली छात्रों के स्वास्थ्य पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ता है।

माता-पिता के विमर्श से तैयार करें व्यंजनों की सूची

इसमें कहा गया है कि भोजन को रुचिकर, पोषक एवं सम्पूर्ण बनाने के लिए खाने के व्यंजनों की सूची का डिजाइन पोषण विशेषज्ञों, छात्रों के अलावा माता पिता के समूहों के साथ विचार विमर्श करके तैयार किया जा सकता है। इसमें कहा गया कि छात्रों की पसंद और स्थानीय भोजन को ध्यान में रखा जाना चाहिए तथा तिमाही आधार पर भोजन में शामिल सब्जियों और दालों की समीक्षा की जा सकती है। इसमे कहा गया कि छात्रों के स्वाद और स्वीकार्यता को ध्यान में रखा जाना चाहिए और रसोइया एवं उनके सहयोगियों के प्रशिक्षण को ध्यान में रखना जरूरी है।

मोदी ने अमेरिकी अखबार को दिया इंटरव्यू, रूस व चीन को खरी-खरी

सीमा पर शांति जरूरी

▸▸ रूस-युक्रेन युद्ध को लेकर तटस्थ नहीं, बल्कि शांति के पक्ष में रहा भारत : प्रधानमंत्री

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विश्व में भारत की स्थिति और कद को देखते हुए उसकी भूमिका व्यापक तथा बड़ी होनी चाहिए। श्री मोदी ने अमेरिका और मिस्त्र की यात्रा पर रवाना होने से पहले वॉल स्ट्रीट जनरल को दिये साक्षात्कार में कहा कि अमेरिका और भारत के नेताओं के बीच परस्पर भरोसा बढ़ा है और दोनों देशों के संबंध मजबूत हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारत को किसी को उसके स्थान से हटाना नहीं चाहता है।

हम चाहते हैं कि भारत को दुनिया में उसका उचित स्थान मिले। भारत की भूमिका बड़ी तथा व्यापक होनी चाहिए। आज के युग में दुनिया परस्पर जुड़ी हुई है और एक दूसरे पर पहले से कहीं अधिक निर्भर है। मजबूत आपूर्ति व्यवस्था बनाने के लिए आपूर्ति श्रृंखला में और विविधता लाये जाने की जरूरत है। चीन के साथ संबंधों को सामान्य बनाये जाने से संबंधित सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सीमा पर शांति तथा मैत्री का माहौल जरूरी है। हमारा मजबूती से मानना है कि सभी की संप्रभुता और प्रादेशिक अखंडता का सम्मान होना चाहिए, नियमों का पालन होना चाहिए तथा मतभेद और विवादों का शांतिपूर्ण समाधान होना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि भारत अपनी संप्रभुता और

सम्मान की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार तथा प्रतिबद्ध है उन्होंने कहा कि सभी देशों को अंतर्राष्ट्रीय कानूनों और अन्य देशों की संप्रभुता का सम्मान करना चाहिए। विवादों का समाधान कूटनीति तथा संवाद से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों का कहना है कि हम तटस्थ हैं लेकिन हम तटस्थ नहीं हैं। हम शांति के पक्षधर हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया को पूरा भरोसा है कि भारत की प्राथमिकता शांति ही है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के बारे में पूछे गये सवाल के जवाब में श्री मोदी ने कहा कि परिषद की मौजूदा सदस्यता का आंकलन होना चाहिए और दुनिया से पूछा जाना चाहिए कि क्या वह चाहती है कि भारत को इसमें जगह मिले। उन्होंने कहा कि भारत टकरावों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए वह सभी प्रयास करेगा जो वह कर सकता है।

आजाद भारत में जन्मा पहला पीएम हूं

वॉल स्ट्रीट जर्नल के साथ इंटरव्यू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं स्वतंत्र भारत में जन्म लेने वाला पहला प्रधानमंत्री हूं। उन्होंने कहा कि मैं स्वतंत्र भारत में जन्म लेने वाला पहला प्रधानमंत्री हूं और इसलिए मेरी विचार प्रक्रिया मेरे देश की विशेषताओं और परंपराओं से प्रेरित और प्रभावित है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत अधिक उच्च, गहरी और व्यापक प्रोफाइल और एक भूमिका का हकदार है।

यूएन का हिस्सा बनना चाहता है भारत

यूएन को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत यूएन का हिस्सा बनना चाहता है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की वर्तमान सदस्यता का मूल्यांकन होना चाहिए और दुनिया से पूछा जाना चाहिए कि क्या वह भारत को वहां रखना चाहती है।

पहले से ज्यादा इंटरकनेक्टेड और इंटरडिपेंडेंट दुनिया

मोदी ने कहा कि भारत और अमेरिका के नेताओं में एक-दूसरे के प्रति अभूतपूर्व विश्वास पैदा हुआ है। उन्होंने कहा, रहम भारत को किसी अन्य देश के पीछे नहीं देखते हैं, हम भारत को दुनिया में उसकी सही जगह देख रहे हैं मोदी ने कहा कि आज की दुनिया पहले से कहीं ज्यादा इंटरकनेक्टेड और इंटरडिपेंडेंट हैं। उन्होंने कहा कि सप्लाई चेन में और विविधता लाने की जरूरत है।

प्रधानमंत्री ने रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर भारत की तटस्थ भूमिका की आलोचनाओं को खारिज करते हुए कहा कि भारत इस मामले में शांति का पक्षधर रहा है, युद्ध का नहीं। मोदी ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि हम तटस्थ हैं। लेकिन हम तटस्थ नहीं हैं। हम शांति के पक्ष में हैं। दुनिया को पूरा विश्वास है कि भारत की सर्वोच्च प्राथमिकता शांति है।

उन्होंने कहा कि सभी देशों को अंतरराष्ट्रीय कानून और देशों की संप्रभुता का सम्मान करना चाहिए। विवादों को कूटनीति और बातचीत के जरिए हल किया जाना चाहिए, युद्ध के साथ नहीं। मोदी ने कहा कि उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से कई बार बात की है। मोदी ने कहा कि उन्होंने हाल ही में मई में जापान में जी-7 शिखर सम्मेलन के मौके पर जेलेंस्की से बात की थी। उन्होंने कहा कि भारत जो कुछ भी कर सकता है, वह करेगा। संघर्ष को समाप्त करने और स्थायी शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सभी वास्तविक प्रयासों का भारत समर्थन करता है।

पुरी : जगन्नाथ रथ यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

भुवनेश्वर। ओडिशा के पुरी में मंगलवार को लाखों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में रथयात्रा शुरू हुआ। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, देवी सुभद्रा रथों पर आरूढ़ होकर मौसी मां मंदिर गए। रथयात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। सुबह मंगला आरती के बाद पहंडी नीति शुरू हुई। इसके बाद धाडी पहंडी नीति शुरू हुई और चारों विग्रहों को तीन रथों पर आरूढ़ कराया गया। सबसे पहले सुदर्शन महाप्रभु सुबह 09 बजे दर्पदलन रथ पर आरूढ़ हुए। इसके बाद 10.18 पर बलभद्र तालध्वज रथ पर, 10.30 पर देवी सुभद्रा भी दर्पदलन रथ पर रथारूढ हुईं। सबसे अंत में भगवान जगन्नाथ मंदिर के रत्नवेदी से सिंहद्वार पार कर 11.55 पर नंदिघोष रथ पर विराजमान हुए। दोपहर 12.05 बजे पहंडी नीति संपन्न हुई। इसके बाद शेष प्रक्रिया का संपादन किया गया। पुरी के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने तीनों रथों की परिक्रमा की। इसके बाद पुरी के गजपति महाराज दिव्य सिंह देव ने छेरा पहंरा की नीति का संपादन शुरू किया। यह प्रक्रिया संपन्न होने के बाद रथों को खींचने की प्रक्रिया प्रारंभ होगी।पहंडी नीति के दौरान श्रद्धालु एवं कलाकारों के ओडिशी नृत्य, शिव तांडव और हनुमान नृत्य से माहौल आध्यात्मिक हो गया। इससे पहले सुबह से मंगला आरती मइलम, तडपलागी, रोष, होम, अवकाश एवं सूर्यपूजा की रीति-नीति संपन्न हुई। इसके बाद द्वारपाल पूजा किया गया तथा खिचड़ी का भोग लगाया गया। सुबह 7.35 बजे ब्राह्मणों ने तीनों रथों की प्रतिष्ठा एवं पूजा की। मंगला आरती के बाद पहंडी नीति शुरू हुई। ज्वर से स्वस्थ होने के बाद भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा के साथ रत्नवेदी से जन्मवेदी की ओर 9 दिनों की यात्रा भगवान जगन्नाथ करते हैं।

71 दवा कंपनियों को नोटिस

नकली दवाओं के मामले कतई बर्दाश्त नहीं : मांडविया

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि भारत नकली दवाओं के मामले में कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति का पालन करता है। उन्होंने कहा कि खांसी रोकने के लिए भारत निर्मित सीरप के कारण कथित मौतों के बारे में कुछ हलकों में चिंता व्यक्त किए जाने के बाद 71 कंपनियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और उनमें से 18 को बंद करने को कहा गया है।

मंत्री ने यह भी कहा कि देश में गुणवत्तापूर्ण दवाओं का उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए लगातार व्यापक विश्लेषण किया जाता है, और सरकार तथा नियामक हमेशा यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्क रहते हैं कि नकली दवाओं के कारण किसी की मौत न हो। उन्होंने कहा कि हम दुनिया की फामेर्सी हैं और हम सभी को आश्वस्त करना चाहते हैं कि हम ह्यदुनिया की गुणवत्ता वाली फामेर्सी हैं। फरवरी में, तमिलनाडु आधारित ग्लोबल फार्मा हेल्थकेयर ने आंखों की अपनी दवाई की पूरी खेप को वापस ले लिया था। इससे पहले, आरोप लगा था कि पिछले साल खांसी रोकने के लिए भारत में निर्मित सीरप से गाम्बिया और उज्बेकिस्तान में क्रमशः 66 और 18 बच्चों की मौत हो गई। भारत ने 2022-23 में 17.6 अरब अमेरिकी डॉलर के कफ सीरप का निर्यात किया, जबकि 2021-22 में यह निर्यात 17 अरब अमेरिकी डॉलर का था। कुल मिलाकर, भारत वैश्विक स्तर पर जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा प्रदाता है, जो विभिन्न टीकों की वैश्विक मांग का 50 प्रतिशत से अधिक, अमेरिका में लगभग 40 प्रतिशत जेनेरिक मांग और ब्रिटेन में लगभग 25 प्रतिशत दवाओं की आपूर्ति करता है। मांडविया ने कहा कि जब भी भारतीय दवाओं के बारे में कुछ सवाल उठाए जाते हैं तो हमें तथ्यों में शामिल होने की आवश्यकता होती है।

पंजाब में विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति अब सीएम होंगे

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने राज्य के विश्वविद्यालयों का कुलाधिपति राज्यपाल की जगह मुख्यमंत्री को बनाने के लिए मंगलवार को एक विधेयक पारित किया। पंजाब विधानसभा का दो दिवसीय सत्र यहां सोमवार को शुरू हुआ। पंजाब विश्वविद्यालय कानून (संशोधन) विधेयक- 2023 संक्षिप्त बहस के बाद पारित किया गया। सत्तारूढ़ आप के अलावा शिरोमणि अकाली दल और बसपा के इकलौते विधायक ने इस विधेयक का समर्थन किया।कई मुद्दों पर भगवंत मान सरकार और राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित के बीच मतभेदों के बीच आया है, जिसमें कुलपति पद के लिए राज्य सरकार की ओर से किये गये कुछ चयन भी शामिल हैं।

ममता को झटका

बंगाल पंचायत चुनाव

केंद्रीय बलों की तैनाती के आदेश के खिलाफ याचिकाएं शीर्ष अदालत में खारिज

नयी दिल्ली। दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) और राज्य सरकार द्वारा कलकत्ता हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी जिसमें आगामी पंचायत चुनावों के लिए राज्य के सभी जिलों के लिए केंद्रीय बलों की मांग करने का निर्देश दिया गया था। पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव के नामांकन के दौरान लगातार हो रहे हिंसा के बाद, केंद्रीय बलों की तैनाती के संबंध में कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाई कोर्ट ने जो सोचा हो सकता है कि अन्य पड़ोसी राज्यों से बलों की आवश्यकता के बजाय केंद्रीय बलों को तैनात करना बेहतर होगा और खर्च केंद्र द्वारा वहन किया जाएगा। बंगाल सरकार और राज्य चुनाव आयोग ने पंचायत चुनावों के दौरान सुरक्षा के लिए केंद्रीय बलों को निर्देशित करने वाले कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। यह आदेश बंगाल सरकार के लिए एक बड़ा झटका है, जिसने हर जिले के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती का कड़ा विरोध किया था।

राखी सावंत ने मनाया तलाक का जश्न

मुंबई।

बॉलीवुड की 'ड्रामा क्वीन' एक्ट्रेस राखी सावंत इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ के चलते सुर्खियों में हैं। राखी पिछले काफी समय से अपने अफेयर, शादी और बाद में पति आदिल खान दुर्रानी से तलाक की खबरों को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच राखी सावंत एक बार फिर आदिल के साथ अपने रिश्ते को लेकर चचाओं में हैं। फिलहाल राखी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में राखी सावंत दुल्हन बनकर ढोल पर बेसुध होकर डांस करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो में राखी अपने तलाक का जश्न

मनाती नजर आ रही हैं। राखी का ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वायरल वीडियो में राखी रेड लहंगे में दुल्हन की तरह सजी नजर आ रही हैं। दुल्हन के परिधान में वह ढोल-नगाड़ों की ताल पर जोरदार डांस करती नजर आ रही हैं। वह सबकुछ भूलकर बेहोशी में डांस करती नजर आती हैं। राखी सावंत ने कुछ महीने पहले आदिल दुर्रानी से शादी की थी। इसके बाद दोनों के रिश्ते में दरार की खबरें आने लगीं। इतना ही नहीं राखी ने अपने पति पर धोखा देने का भी आरोप लगाया। इसके बाद आदिल दुर्रानी को सजा हुई थी। वह फिलहाल जेल में सजा काट रहा है। इसी बीच राखी का आदिल से तलाक हो गया है। घंटों ढोल पीटकर उन्होंने इस खुशी का जश्न मनाया।

सेनन ने आदिपुरुष ट्रोलर्स को दिया करारा जवाब

फिल्म आदिपुरुष 16 जून को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई। हालांकि फिल्म वर्ल्डवाइड स्तर पर बॉक्स ऑफिस पर तीन सौ करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है, लेकिन इसके कुछ डायलॉग्स और सीन्स पर सवाल उठाते हुए फिल्म आदिपुरुष को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा है।

इस विवाद पर कृति सेनन ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया। सेनन ने फिल्म आदिपुरुष में जानकी (सीता) का रोल निभाया है। कृति ने 'आदिपुरुष' विवाद पर सार्वजनिक रूप से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अभिनेत्री ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक पोस्ट में टोलर्स को परोक्ष रूप से करारा जवाब दिया है। थिएटर से वीडियो शेयर करते हुए कृति ने कैप्शन दिया कि मेरा ध्यान केवल ताली बजाने और जय श्री राम के नारे लगाने पर है। आदिपुरुष कई कारणों से विवादों में घिरी रही है। हनुमानजी की भूमिका निभा रहे देवदत्त नाग का एक डायलाग 'जलेगी तेरे बाप की' को लेकर भी विवाद उठा है। 'रामायण' पर आधारित फिल्म में इस तरह के टपोरी स्टाइल डायलॉग्स से लोग काफी नाराज हैं।

बेटी के पिता बने अभिनेता रामचरण

हैदराबाद। साउथ के सुपरस्टार रामचरण और उनकी पत्नी उपासना माता-पिता बन गए हैं। उपासना ने 20 जून को प्यारी-सी बच्ची को जन्म दिया है। उपासना को सोमवार रात अस्पताल में भर्ती कराया गया था। राम और उपासना शादी के 11 साल बाद माता-पिता बने हैं। इस खुशखबरी के सामने आने के बाद फैंस राम और उपासना पर शुभकामनाओं की बौछार कर रहे हैं।उपासना ने हैदराबाद के जुबली हिल्स स्थित अपोलो अस्पताल में बच्ची को जन्म दिया। अस्पताल ने मेडिकल बुलेटिन जारी कर आधिकारिक जानकारी दी कि राम और उपासना एक लड़की के माता-पिता बन गए हैं। बच्चे के जन्म से कुछ घंटे पहले रामचरण ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर किया था।